संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 12 फरवरी 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 42 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

मैसूर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए।

ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने के लिए विविधता और प्रतिनिधित्व जरूरी: चंद्रचूड़

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विविधता और प्रतिनिधित्व न केवल ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के लिए, बल्कि अदालतों की निर्णय लेने की क्षमता को समृद्ध करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष उभरते प्रतिनिधित्व ने इसके ऐतिहासिक रूप से मोनोकल्चरल और यूरोसेंट्रिक दृष्टिकोण को विशेष रूप से चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अदालतों के भीतर लैंगिक विविधता को एकीकृत करने से दृष्टिकोण का दायरा काफी हद तक व्यापक हो जाएगा, जिससे अधिक व्यापक और न्यायसंगत फैसले हो सकेंगे।

न्यायाधीश हिलेरी चार्ल्सवर्थ का किया स्वागत

वह 28 जनवरी 1950 को सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक को चिह्नित करने के लिए आयोजित दूसरी वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की न्यायाधीश हिलेरी चा?र्ल्सवर्थ का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत ने अपने प्रावधानों को लैंगिक समावेशी बनाने में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एलजीबीटीक्यूआइए प्लस समुदाय पर न्यायपालिका के लिए एक संवेदीकरण माड्यूल जारी किया, जिसका उद्देश्य न्यायपालिका के सदस्यों को लिंग और यौन विविधता की अवधारणाओं, उचित शब्दावली के उपयोग के बारे में संवेदनशील बनाना है।

12 महिलाओं को वरिष्ठ वकील की उपाधि से किया सम्मानित

साथ ही समलैंगिक समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करते समय अदालतों द्वारा अपनाए जाने वाले प्रोटोकाल पर सिफारिशें करता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, शीर्ष अदालत ने पिछले साल लैंगिक रूढ़िवादिता से निपटने के लिए एक हैंडबुक जारी की थी। यह सुनिश्चित करने के प्रयास में कि न्यायाधीश समावेशी भाषा का उपयोग करें और निर्णय लेने में जानबूझकर रूढ़िवादिता के उपयोग से बचें। 2024 से पहले सुप्रीम कोर्ट के पूरे इतिहास में केवल 12 महिलाओं को वरिष्ठ वकील की उपाधि से सम्मानित किया गया था। हालांकि, हाल ही में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली 11 महिलाओं को इस पद के लिए नामित किया है। वह सुप्रीम कोर्ट परिसर में द इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ए लीगल फोरम इन ए पालिटिकल एनवायरनमेंट विषय पर दूसरा वार्षिक व्याख्यान दे रही थीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में न्यायिक स्वतंत्रता का उद्देश्य किसी भी गैर-कानूनी विचार को खत्म करना है, जो न्यायाधीश के तर्क को प्रभावित कर सकता है।

आदर्श विचार

"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।" भागवद्

मन की बात

"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।" स्वामी विवेकानंद

तीसरी आंख

370 सीटें ला रही भाजपा: पीएम

आदिवासी समाज के उत्थान और सम्मान के लिए समर्पित रही सरकार: पीएम नरेंद्र मोदी

दावा

8 हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए समर्पित रही है

टीम एक्शन इंडिया/इंदौर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झाबुआ में आयोजित जनजातीय महासभा में 7550 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया एवं टंट्या मामा भील विश्व विद्यालय के स्थापना की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का अभिनंदन कर प्रदेश की जनता की तरफ से विकास की सौगातों के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज जनजातीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना केवल हम सब के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए सौभाग्य है। प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर जनजातीय वर्ग गौरवांवित है। आज डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश में तीव्र गति से विकास हो रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री आज 7500 करोड रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर प्रदेश को अनेकों सौगातें दे रहे हैं ।

ये मोदी की गारंटी: कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए समर्पित रही है। हमारे लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं, देश का गौरव है। आपका सम्मान भी, और आपका विकास भी, ये मोदी की गारंटी है।

'पीएम की दूरदर्शी विजन से हो रहा कौशल विकास के कार्य'

टीम एक्शन इंडिया/भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व प्रदेश व देश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता बढ़ रही है। उनके दूरदर्शी विजन से स्टार्टअप्स के तहत कौशल विकास के कार्य हो रहे हैं। युवा उद्यमी आगे बढ़ रहे हैं। बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल रहा है। देश विश्व गुरु की ओर आगे बढ़ रहा है। यह बात भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने देवास लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सोनकच्छ के बूथ क्रमांक-163 में दो दिन के प्रवास के लिए पहुंचे।

विभिन्न परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- रतलाम, मेघनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को सुगम एवं आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी
- पेयजल व सिंचाई परियोजनाओं से नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलेगा एवं कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी
- सीएम राइज विद्यालय से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वस्तरीय शिक्षा मिलेगी
- लीगेसी डम्प साइट प्रोजेक्ट, अपशिष्ट का प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा
- 13 विद्युत उपकेंद्रों के माध्यम से बिजली की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होगी
- विभिन्न सड़कों के विकास एवं विस्तार से सुगम यातायात एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा
- अतिरिक्त रेलवे लाइनों से आवागमन की बेहतर सुविधा एवं व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा

रस्साकसी: बिहार में फ्लोर टेस्ट आज

बिहार में फ्लोर टेस्ट को लेकर रस्साकसी का दौर जारी

टीम एक्शन इंडिया/पटना

बिहार की राजनीति में फ्लोर टेस्ट को लेकर रस्साकसी का दौर जारी है। सभी पार्टियां अपने विधायकों को हार्स ट्रेडिंग से बचाने की जुगत में लगी हुई हैं। राजद ने अपने विधायकों को जहां तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर रखा है, वहीं भाजपा के सभी विधायक अबतक बोधगया में रुके हुए थे। 12 फरवरी यानी कल बिहार विधान सभा में फ्लोर टेस्ट होने वाला है। अब जबकि फ्लोर टेस्ट के लिए 24 घंटे से भी कम का समय बचा हुआ है, भाजपा के सभी विधायक गया के महाबोधि रिसॉर्ट से पटना के लिए रवाना हो गए हैं। भाजपा के विधायक राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गया से रवाना हुए हैं।

हॉर्स ट्रेडिंग के डर से भेज दिया था बोधगया: भाजपा को भी अपने विधायकों की हॉर्स ट्रेडिंग का डर सता रहा था।

पार्टी ने अपने सभी विधायकों और विधान पार्षदों को गया के महाबोधी होटल में किला बंद किया गया था।

मानसून में अच्छी बारिश की उम्मीद'

नई दिल्ली: मौसम विज्ञानियों ने रविवार को भविष्यवाणी की है कि 2023 में गर्माहट देने के बाद इस साल जून तक अल-नीनों की स्थिति कमजोर हो जाएगी। जिससे इस मौसम में भरपूर मानसूनी बारिश की उम्मीद बढ़ गई है।

पिछले हफ्ते दो जलवायु एजेंसियों ने कहा था कि प्रशांत महासागर के गर्म होने से अल नीनो कमजोर होना शुरू हो गया है।

'पीएम ने देश की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान दिलाया'

टीम एक्शन इंडिया/मैसूर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कर्नाटक में सुत्तूरु कर्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मान दिलाया है। इसी के साथ उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर और अन्य तीर्थस्थलों का भी उदाहरण दिया।

अमित शाह ने की पीएम मोदी की सराहना: गृह मंत्री अमित शाह ने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के साथ-साथ योग, आयुर्वेद और भारतीय भाषाओं के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी ने देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाया है। उन्होंने हमारे सांस्कृतिक केंद्रों जैसे कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक कॉरिडोर और केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनरुत्थान के लिए काम किया है।' अमित शाह ने अयोध्या में सुत्तुरु मठ की एक शाखा खोलने का निर्णय लेने के लिए श्री शिवरात्रि देशीकेंद्र महास्वामी की सराहना की। 12वीं सदी के समाज सुधारक बसवेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शाह ने समाज के कल्याण के लिए सुत्तुरु मठ और उनके संतों के योगदान को भी सराहा। उन्होंने कहा, 'मैं महास्वामी जी को बताना चाहता हूं कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के कल्याण के लिए सुत्तुरु मठ के योगदान का हमेशा सम्मान करेगा और इसे लोगों के बीच ले जाने के प्रयासों का भी समर्थन करेगा।'

लोकतांत्रिक मूल्यों में करते हैं विश्वास: सीएम मनोहर लाल खट्टर

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान सरकार जातिगत राजनीति से उपर उठकर गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि इनके कल्याण से ही देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सेक्टर 15, पंचकूला स्थित जैन भवन में प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी उपस्थित थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने कल्याणी माता मंदिर सेक्टर 15, पंचकूला में माथा टेक आशीर्वाद लिया और मंदिर के मुख्य द्वार की साफ सफाई कर धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बडी लोकतांत्रिक पार्टी है। देश में अनेक राजनीतिक पार्टियां है परंतु यदि लोकतांत्रिक तरीके से चलने वाली कोई पार्टी है तो वह भारतीय जनता पार्टी हैं। उन्होंने कहा कि हम लोकतांत्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास रखने वाले हैं, प्रदेश सरकार हर नागरिक के जनहित में कार्य कर रही है।

' राम मंदिर के निर्माण से देश में उत्साह'

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। महात्मा गांधी ने कहा था कि देश में रामराज होना चाहिए। आज देश का बच्चा-बच्चा कह रहा है कि भारत में रामराज की नींव रखी जा चुकी है।

एक साथ पांच विभूतियों को भारत रत्न दिया जाना एक सराहनीय कदम: इससे पूर्व पत्रकारों द्वारा देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मनोहर लाल ने कहा कि लाल कृष्ण आडवाणी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता है।

मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार प्रयोगधर्मी सरकार है और लोगों की भलाई और उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए अनेक नए प्रयोग किए गए है।

'जनजातीय जीवनशैली जलवायु परिवर्तन का समाधान'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवनशैली वैश्विक समस्या जलवायु परिवर्तन का समाधान प्रदान करती है। उन्होंने उनके पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की है।

सामंजस्य के साथ रहना सीखने की आवश्यकता पर दियो जोर: राष्ट्रपति ने जनजातीय समुदायों से प्रकृति के साथ सामंजस्य के साथ रहना सीखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही है जब आधुनिकीकरण की दौड़ ने पृथ्वी और उसके प्राकृतिक संसाधनों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

राष्ट्रपति ने किया आदि महोत्सव का उद्घाटन: राष्ट्रपति ने यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आदि महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जनजातीय समुदाय की जीवनशैली को अपनाना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में जनजातीय समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है।

प्रौद्योगिकी निभा सकती है महत्वपूर्ण भूमिका: राष्ट्रपति ने पारंपरिक ज्ञान के धीरे-धीरे विलुप्त होने पर चिंता व्यक्त की और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने की जरूरत पर जोर दिया।

'श्वेत पत्र ने खोली कांग्रेस की पोल, उनके लिए परिवार महत्वपूर्ण'

टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला

संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार ने अपनी आर्थिक नीतियों, राजस्व और राजकोष की स्थिति स्पष्ट करने के लिए 'श्वेत पत्र' पेश किया। 69 पेज के इस श्वेत पत्र में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और महत्त्वपूर्ण रेटिंग एजेंसियों के आंकड़ों के सहारे यह साबित करने की कोशिश की गई है कि यूपीए के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब स्थिति में थी, 15 बड़े घोटालों से देश की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जबकि मोदी सरकार के पिछले दस साल के शासनकाल में इसमें बहुत सुधार हुआ है।

रामलला की आंखें सोने-चांदी के हथौड़े-छेनी से तराशी गईं

टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु

अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित की गई रामलला की मूर्ति बनाने वाले कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने उस हथौड़े और छेनी की तस्वीर सार्वजनिक की, जिससे उन्होंने रामलला की आंखें तराशी थीं। योगीराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी शेयर की। योगीराज ने लिखा- 'इस चांदी के हथौड़े और सोने की छेनी से मैंने रामलला की दिव्य आंखें बनाईं। सोचा इसे सबके साथ साझा करूं।' अयोध्या में 22 जनवरी को अरुण की बनाई रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इससे 3 दिन पहले 20 जनवरी को रामलला की पहली तस्वीर सामने आई थी। हालांकि, तब कपड़े से उनकी आंखें ढंकी थीं। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामलला की आंखें पहली बार दिखी थीं। इसे बाद लोगों ने अरुण योगीराज की खूब तारीफ की। अरुण योगीराज की पत्नी विजेता ने बताया था कि जब योगीराज को रामलला की प्रतिमा बनाने का काम मिला तो उन्होंने बच्चों की 2000 से ज्यादा फोटो देखीं।

सार्वजनिक

8 रामलला की मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार ने हथौड़े और छेनी की तस्वीर सार्वजनिक की

हथकरघा किसान को सामर्थ्यवान व स्वावलम्बी बनाने के लिए कृषि को उद्योग के रूप में प्रोत्साहित कर रही प्रदेश सरकार: ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू

आगामी बजट में किसान की आय बढ़ाने के लिए आएंगी नई योनजाएं: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के होटल पीटरहॉफ में प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि को उद्योग के रूप में प्रोत्साहित कर रही है ताकि किसानों को सामर्थ्यवान एवं स्वावलम्बी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर है, जिसमें कृषि व दुग्ध उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार आगामी बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई योजनाएं ला रही है ताकि पशुपालन और कृषि के बारे में समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आ सके। आगामी दो वर्षों में राज्य सरकार के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती में किसानों का भविष्य है, जिसमें पशुपालन की भूमिका अहम है क्योंकि कृषि व दूध उत्पादन का सीधा आपसी संबंध है। उन्होंने कहा कि किसानों के हाथ में पैसा पहुंचे इसके लिए नीतियों व नियमों में मूलभूत परिवर्तन किए जा रहे हैं। वर्तमान राज्य सरकार जन सहयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन के दृष्टिगत पशुपालन को विशेष रूप से बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूध खरीद के मूल्य में छह रुपए की बढ़ौतरी राज्य सरकार की ओर से पशुपालकों को निश्चित आय का आश्वासन है और इससे वे दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार दूध उत्पादकों को कर में रियायत देने पर भी विचार करेगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में दूध की गुणवत्ता बेहतर है तथा इसमें और सुधार करते हुए बेहतर विपणन व्यवस्था से जोडकर किसानों की आय में आशातीत बढ़ोतरी की जा सकती है। इसी दृष्टिकोण के साथ सरकार अब कृषि को रोजगार के रुप में अपनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि आज तक इस बारे में गम्भीरता से विचार नहीं किया। उन्होंने कहाए ष्मैं आपको स्वावलंबी बनाना चाहता हूं, ताकि किसान घर में बैठकर अपनी आय के साधन बढ़ा सके। किसानों को शोषण से बचाने और उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रभावी कदम उठा रही है।

सकारात्मक

8 किसानों के हाथ में पैसा पहुंचे इसके लिए नीतियों व नियमों में मूलभूत परिवर्तन किए जा रहे: सीएम

हल्द्वानी: बवाल का मास्टरमाइंड मलिक दिल्ली से गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी

उत्तराखंड में हल्द्वानी के बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए बवाल के मास्टरमाइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली और उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने मलिक को दिल्ली में गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी पुलिस अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वहीं, पुलिस अभी तक धरपकड़ करते हुए 60 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले चुकी है। सर्च ऑपरेशन चलाकर दो निर्वतमान पार्षद समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बताया जा रहा है कि अब्दुल मलिक को भी पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

हल्द्वानी में बंद इंटरनेट सेवा बहाल: हल्द्वानी में हिंसा की घटना के बाद से बंद इंटरनेट सुविधा रविवार को बहाल कर दी गई है। उत्तराखंड पुलिस ने अपने एक्स पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा 'यदि कोई भी व्यक्ति सांप्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने संबंधी भड़काऊ पोस्ट, फोटो, वीडियो या कमेंट सोशल मीडिया में प्रसारित करेगा उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।'

धन्यवाद सीएम साहब, दूध खरीद रेट आपने एक साल में 6 रुपये बढ़ाया

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

हिमाचल प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद के दौरान विभिन्न दुग्ध सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों ने दूध के खरीद मूल्य एकमुश्त छः रुपये बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। जिला कांगड़ा के पालमपुर क्षेत्र के अनिल कुमार ने कहा कि वह वर्ष 1995 से दुग्ध सोसायटी का संचालन कर रहे हैं और 30 वर्ष में दूध खरीद मूल्य केवल 18 रुपये बढ़ाए जबकि मुख्यमंत्री ने एक वर्ष में 6 रुपये बढ़ाकर प्रदेश के हजारों किसानों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने भेड़ और बकरी की मृत्यु पर मिलने वाले मुआवजे को बढ़ाकर 6 हजार रुपये करने तथा गाय-भैंस की मृत्यु पर मिलने वाले मुआवजे को बढ़ाकर 55 हजार करने पर भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। वहीं जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां के विकास सरीन ने कहा कि वह गुडगांव के एसी ऑफिस में बैठ कर काम करते थे और कभी नहीं सोचा था कि दुग्ध सोसायटी बनाकर दूध उत्पादन से जुड़ेंगे। शुरूआत में काफी दिक्कत आई और तीन लीटर दूध एकत्र करने के लिए

तीन महीने तक प्रयास किए और एक लाख रुपये खर्च किए लेकिन दूध खरीद मूल्य में एकमुश्त छः रुपये की बढ़ौतरी से अब 450 किसान उनकी सोसायटी से जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध की गुणवत्ता काफी अच्छी है तथा इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जिला हमीरपुर की नादौन निवासी सुनीता ने कहा कि कभी किसी ने उम्मीद नहीं की थी कि कोई सरकार दूध के खरीद मूल्य को एक साथ छः रुपये बढ़ाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए प्रदेश के हजारों किसानों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पहले अधिकतम 50 पैसे या एक रुपये तक की ही बढ़ौतरी होती थी, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पहले सोसायटी से लोगों को जोड? में कठिनाई आती थीए लेकिन अब वे खुद-ब-खुद दूध उत्पादन से जुड? लगे हैं।

आभार

8 दूध उत्पादकों ने दूध खरीद रेट को एकमुश्त छः रुपये बढ़ाने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का जताया आभार

कुल्लू निवासी रीना देवी ने भी दूध खरीद मूल्य छः रुपये बढ़ाने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे उनकी आय लगभग 4500 रुपये बढ़ी है। पहले प्रतिमाह उन्हें 18,600 रुपये आय होती थी तथा अब वह हर महीने लगभग 22,900 रुपये तक कमा रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग मनमर्जी के मूल्य पर दूध खरीदते थे, लेकिन अब वह मिल्कफैड को दूध बेच कर अच्छा मुनाफ ा कमा रही हैं। मनाली निवासी पन्ना लाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूध खरीद मूल्य एक साथ छः रुपये बढ़ाने से प्रदेश के हजारों किसानों को लाभ हुआ है और उन्हें अब 4500 रुपये प्रति माह की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। आनी के ओम प्रकाश ने भी रेट बढ़ाने पर धन्यवाद किया। जिला शिमला के रामपुर बुशैहर निवासी तुला राम ने कहा कि राज्य सरकार की सीधे किसानों से बात करने का प्रयास सराहनीय है, जिसका लाभ किसानों को आने वाले समय में मिलेगा। उन्होंने कहा कि मिल्कफैड के माध्यम से किसानों को 15 दिन में पैसा उनके खाता में आ रहा है। उन्होंने पशु आहार को सस्ता करने और दुधारू पशुओं का बीमा करने का सुझाव भी दिया।

व्यास कामधेनु बिलासपुर के जेणआरण कौंडल ने कहा कि प्रदेश के किसान सौभाग्यशाली हैं कि मुख्यमंत्री ने स्वयं किसानों के साथ संवाद करने की पहल की है।

उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से सरकार से बातचीत करना चाहते थेए जिसके लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें एक मंच प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि संस्था गांव के भले के लिए काम कर रही है और 70 ग्राम पंचायतों से प्रतिदिन 40 हजार लीटर दूध एकत्र कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों के सच्चे हमदर्द हैं।

बाबा भूतनाथ का बनखंडी महादेव के रूप में किया गया श्रृंगार

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

तारा रात्रि से चल रहे बाबा भूतनाथ के माखन रूपी श्रंगार में आज तीसरे दिन बाबा भूतनाथ का बनखंडी महादेव के रूप में श्रंगार किया गया।बाबा भूतनाथ के महंत देवानन्द सरस्वती ने बताया कि मान्यता है कि प्राचीन काल में बनखंडी महाराज ने यहां पूजा-पाठ किया था। यहां शिवलिंग स्वयंभू हैं। वनवास के दौरान पांडवों ने यहां भगवान शंकर की पूजा.अर्चना की थी। तब यह पूरा क्षेत्र जंगल हुआ करता था। अभी बनारस के पंचदश जूनागढ़ अखाड़ा संस्था द्वारा मंदिर की व्यवस्था देखी जाती है।उन्होंने कहा कि मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा रहती है और यहां जो भी सच्चे मन से आराधना करता है उसकी मुराद जरूर पूरी होती है। इसके साथ ही प्राचीन सिद्धकाली माता मंदिर में गणपति रूप में माखन रूपी श्रंगार किया गया।दर्शन करने को दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा।

बिलासपुर के कबड्डी अंतर्राष्ट्रीय रैफरी कृष्ण लाल जाएंगे ईरानः बीएल धमार्णी

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय रेफरी कृष्ण लाल अब ईरान के तेहरान में कबड्डी के गुरु सिखाएंगे। यह जानकारी देते हुए संगठन के मीडिया प्रभारी बीएल धमार्नी ने बताया कि कृष्ण लाल 12 फरवरी से 18 फरवरी तक ईरान के तेहरान में हो रहे रेफिरियों के प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी के नियम सिखाएंगे। धमार्नी ने बताया कि इससे पहले भी कृष्ण लाल 2018 में इंडोनेशिया के जकार्ता में एशियन गेम्ज में इंडिया की तरफ से टेक्निकल ऑफिशियल का

प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कृष्ण लाल हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग से शारीरिक शिक्षक के रूप में सेवानिवृत हुए हैं तथा पिछले 25 वर्षों से निरंतर कबड्डी से जुड़े हुए हैं ।कृष्णलाल प्रोण कबड्डी में लगातार 8 सीजन तक रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं जबकि दो सीजन में टीवी अंपायर के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में वे हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन में अध्यक्ष राजकुमार ब्रांटा के साथ महासचिव के रूप में कार्य करते हुए कबड्डी की प्रतिभाओं को निखार रहे हैं। पिछले कुछ अर्से से हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी चाहे पुरुष वर्ग हो या महिला वर्ग हो विभिन्न मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं।

सीएम को ज्ञापन भेजने के लिए आज शहीद स्मारक पर जुटेंगे पैंशनर्जः देवेश्वर

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के निदेर्शानुसार अपनी लंबित मांगो के संदर्भ में सोमवार यानि 12 फरवरी को पेंशनर्स अपने अपने जिला में जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

पेंशनर्स शहीद स्मारक स्थल पर सुबह साढ़े दस बजे एकत्रित होकर एक घंटा सभा करने के पश्चात उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के लिए कूच करेंगे। पेंशनर्स की मुख्य मांगों में पेंशनर्स को 01 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक के पेंशनर्स को छठे वेतन आयोग के अनुसार उनको ग्रेच्युटी, कंप्युटेशन, लीव एनकैशमेंट का एकमुश्त भुगतान करना, जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनर्स का पेमैटरिक्स के आधार पर संशोधित पेंशन का लाभ देना, 80 प्रतिशत बकाया एरियर का एकमुश्त भुगतान करना, 01 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के अंतराल में जो फेमिली पेंशनर्स प्रभु को प्यारे हो गये हैं। उनके उत्तराधिकारी को पेंशन से होने लाभ देने का आदेश शीघ्र जारी करना, चिर लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान करना, 12 प्रतिशत मंहगाई राहत की लंबित तीन किश्तों की अदायगी करना आदि हैं। यह जानकारी देते हुए सचिव देवेश्वर गौतम ने सभी पेंशनर्स से आग्रह किया है कि सभी पैंशनर्ज अधिक से अधिक संख्या में शहीद स्मारक बिलासपुर पहुंच कर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

एसवीएन स्कूल नाहन ने 50 वर्ष पूरे होने पर मनाई गोल्डन जुबली

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

पिछले 50 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा एसवीएन स्कूल अपनी गोल्डन जुबली बना रहा है। जिसके मद्देनजर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है। स्कूल प्रबंधन द्वारा आज स्कूल की पहली 3 कक्षाओं के छात्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नन्हे मुन्ने छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। स्कूली बच्चे यहां पहाड़ी फि ल्मी, नेपाली और पंजाबी गानों पर थिरकते नजर आए। स्कूल के प्रिंसिपल कुंदन सिंह ठाकुर ने बताया कि 50 साल पहले 1974

को यह स्कूल शुरू हुआ था और आज 50 साल पूरे कर अपनी गोल्डन जुबली मना रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा गोल्डन जुबली पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और स्कूल के हर बच्चे को स्टेज पर परफॉर्म करने का अवसर दिया जा रहा है ताकि हर बच्चा अपनी प्रतिभा दिखा सके।

न्यूज फ्लैश

नाहन क्षेत्र के तहत कुल 24 वन बीटों में वन मित्र भर्ती

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

वन परिक्षेत्र नाहन के तहत कुल 24 वन बीटो की वन मित्र भर्ती प्रक्रिया आज संपन्न हो गई है। अब चयनित अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में भाग लेंगे। वन परिषद अधिकारी नाहन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 325 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता के लिए वन खंड कार्यालय विक्रम बाग में बुलाया गया था जिसमें से कुल 279 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यहां उपस्थित प्रतिभागियों में से 192 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा को पास किया है। जबकि 87 अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा में असफल रहे। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में 150 पुरुष व 42 महिलाएं शामिल है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने सेवानिवृत्ति से जुड़ा सेविंग्स प्रॉडक्ट आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स लॉन्च किया

धर्मशालाः आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक टैक्स एफीशिएंट पेंशन प्रॉडक्ट आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स लॉन्च किया है।इसमें ग्राहकों को व्यवस्थित योगदान करने और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सेवानिवृत्त जीवन जीने के लिए वांछित सेवानिवृत्ति कोष बनाने की सुविधा मिलती है।यह प्लान देश का पहला ऐसा प्रॉडक्ट भी है जो ग्राहकों को निवेश की गई पूंजी की सुरक्षा,कॉम्प्लीमेंट्री स्वास्थ्य जांच और आंशिक निकासी की सुविधा प्रदान करता है।ग्राहक तीन साल की अवधि के बाद किए गए योगदान का 25 प्रतिशत तक हिस्सा निकाल सकते हैं जिससे वे लिक्विडिटी संबंधी अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। इसके अलावा वार्षिक बोनस जब भी घोषित किया जाता है कॉर्पस और परिणामस्वरूप एन्यूटि को और मजबूत करने की क्षमता रखता है।आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स प्रॉडक्ट ग्राहकों को परिपक्वता पर संचित बचत का 60 प्रतिशत तक हिस्सा निकालने और शेष राशि से गारंटीशुदा नियमित जीवन भर पेंशन प्राप्त करने का अधिकार देता है,जिससे स्वर्णिम वर्षों के दौरान वित्तीय स्वतंत्रता मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पलटा ने कहा देश में तेजी से बदलती पारिवारिक संरचना के साथ सेवानिवृत्ति योजना की अहमियत बहुत बढ़ गई है।

सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में पुश्तैनी लोहारों द्वारा औजार बनाने की प्रक्रिया जारी

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पुश्तैनी लोहारों द्वारा जमीदारों के औजार बनाने की प्रक्रिया जारी है। गांव के लोहार जमींदारों के औजार बिना पैसे लिए बनाते हैं और बदले में उन्हें हर 6 महीने के बाद फसल आने के समय अनाज का एक निश्चित भाग दिया जाता है। यहां यद्यपि लोहार के पास खेतीहर जमीन नहीं होती परंतु गांव के जमींदार हर 6 महीने बाद अपनी फसल का निश्चित भाग लोहार को देते हैं जिससे लोहार के पास गांव के जमीदारों से काफी अनाज इका हो जाता है और उनके परिवार का

भरपूर भरण पोषण चलता रहता है। ग्रामीणों से एकत्रित होने वाले अनाज से न केवल लोहार का साल भर के भोजन की व्यवस्था चलती है अपितु कुछ अनाज बेचकर लोहार अपने परिवार के लिए कपड़ा लता और अनेक प्रकार की बाजारों से खरीद की आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है। लोहार गांव के एक निश्चित भाग में बने आरण में जमीदारों के बुलावे पर उनके कृषि औजारों की मुरम्मत करते हैं और साथ में जमीदारों को नए औजार भी बना कर देते हैं। आरण में किसानों के औजार बनाने के लिए किसानों द्वारा लोहार को लोहा और कोयला उपलब्ध कराया जाता है। ये पुश्तैनी कारीगर किसानों के लिए कुल्हाड़ी, दराट, दराटी, झब्बल, कुदाली, गैंती, हल के फ ाले, आड़ू, छूरी, चाकू, छैणी, हथौड़े, बसौले, डांगरे तलवारें और किसानों की रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले सभी प्रकार के औजार तैयार करके देते हैं। आरण को हवा देने के लिए लोहार प्राचीन काल से भेड़ो और बकरियों की खालों की फुकी का उपयोग करते थे परंतु मशीनी युग आने के बाद अब लोहार विद्युत और हस्तचलित ब्लोअर का उपयोग करते हैं और लोहे को गर्म करके भारी भरकम हथौड़ों की मार से लोहे के औजार तैयार करके जमींदारों को मुहैया करवाते हैं।

औजार

8 औजार बिना पैसे लिए बनाते हैं और बदले में उन्हें हर 6 महीने के बाद फसल आने के समय अनाज का एक निश्चित भाग दिया जाता है

खाई में गिरी कार, युवक की मौत

टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ

जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह में एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। जहां कालथ में एक टाटा टियागो कार गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है जबकि युवती घायल हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मुकेश सुपुत्र जीत सिंह गांव मंडोली संगड़ाह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक और युवती कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान जब वह संगड़ाह से कुछ किलोमीटर दूर कालथ में पहुंचे तो उनकी टाटा टियागो कार (एसपी–79–2309 अचानक ही सडक से लुढक कर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार में सवार मुकेश मौके पर ही दम तोड़ गया, जबकि युवती रजाना घायल हुई है।

एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा में 426 ने लिया हिस्सा

परीक्षा

8 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कॉलेज ऊना में एनसीसी ए सर्टिफिकेट की परीक्षा आयोजित की गई

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कॉलेज ऊना में एनसीसी ए सर्टिफिकेट की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 20 स्कूलों के एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कुल 426 एनसीसी कैडेट्स इस परीक्षा में उपस्थित रहे। इस वर्ष परीक्षा का पैटर्न बिल्कुल बदला

हुआ था। इस उपलक्ष पर छठी हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी कंपनी ऊना के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आरके सैनी, एनसीसी अधिकारी अश्विनी शर्मा, जेएस राणा, कमलजीत चंदेल, हरीश लटठ, प्रियंका जसवाल, संजय वशिष्ट, संजय शर्मा, हवलदार अजय, सुमेश, प्रभु, अभिषेक सहित विभिन्न पाठशालाओं के एनसीसी केयरटेकर अध्यापक उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत तलाड़ा
विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

क्र०सं०	विवरण	मात्रा	दर
1	क्रैशर बजरी	@1m³	
2	क्रैशर रेता	@1m³	
3	क्रैशर पत्थर	@1m³	
4	सोलिंग पत्थर	@1m³	
5	पत्थर लोकल	@1m³	
6	रेता लोकल	@1m³	
7	बजरी लोकल	@1m³	
8	सरिया]08mm,10mm,12mm,16mm etc.]	@kg	
9	ईंट	@1000 no.	
10	टाईल size अनुसार	@ 1 no.	
11	शटरिंग	@1m²	
12	टैंकर पानी	@1 Tank	
13	मिक्सचर मशीन	1 @दिन	
14	बोर्ड (सीमेंट)size अनुसार फिटाई सहित.	@1 no.	
15	जे०सी०बी०	प्रति घंटा @	
16	बैंच	@1 no.	
17	Floor Tile,	@1no.	
18	Wall Tile	@1no.	
19	Paint,door, window.	@1no.	
20	सीमेंट बैग किराया)HPCSCo. Fatehpur से कार्य स्थल तक(	प्रति बैग किराया @	

जारीकर्ता सैक्टरी /प्रधान
ग्राम पंचायत तलाडा

चनोंन की जनता को सामुदायक भवन व सामान्य सेवा केंद्र समर्पित

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

बंजार विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत चनौंन के घरटगाड़ में सामुदायक भवन व सामान्य केंद्र का विधिवत उदघाटन किया ग्राम पंचायत चनौंन की जनता ने विधायक सुरेंद्र शौरी का यहाँ पधारने पर भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात स्थानीय पंचायत द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। स्थानीय पंचायत के प्रधान चेत राम ने विधायक सुरेंद्र को टोपी और मफलर से समानित किया और उन्होंने जनता से बात चीत करते हुए कहा कि विधायक शौरी वेहरत कार्य करते हैं और उन्होंने जो कहा वो कर के दिखाया है इस मौके पर बंजार खण्ड के प्रधानों के अध्यक्ष विजय ठाकुर ने कहा कि जनता आज विधायक सुरेंद्र

शौरी के कार्यों से संतुष्ट हैं और इस वेहतर कार्य का वेहतर परिणाम जरूर मिलेगा इसके बाद पंचायत समिति उपाध्यक्ष डूर सिंह ने दनधार की जनता के साथ अपने विचार रखते हुए कहा कि बहुत जल्द ही उनकी निर्माणधीन सडक का भूमि पूजन करेंगे और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में सहयोग मिलने की उम्मीद जताई है। इसके बाद विधायक सुरेंद्र शौरी ने जन सभा को सामुदायक भवन व सेवा केंद्र की वधाई दी उन्होंने स्थानीय पंचायत प्रधान की सराहना करते हुए कहा कि वे वेहतर कार्य करते रहते है उन्होंने कहा कि प्रधान कुशल हो तो बजट का प्रावधान आसानी से हो सकता है उन्होंने कहा कि सडकें हमारी भाग्य रेखाएं होती है इसलिए सडकों को निकालने के लिए हम आगे रहते है उन्होंने मगडूल सडक का भी जिक्र भी किया और कहा कि हमने ईमानदारी से पूरा काम करने की कोशिश की है उन्होंने फिर से विधायक बनने पर जनता का आभार जताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम अधिकतर दुःख सुख में जनता के साथ रहने का प्रयास करते हैं उन्होंने कॉग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बंजार बाईपास जल्द क्यों नही बन पा रहा। आज सरकार को बने चौदह महीने हो गए लेकिन एक भी कार्य नहो हो पा रहा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने देउठा सडक को थनी होते हए शागड पहुंचे जिसके लिए बजट का प्रावधान होना चाहिए ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार ने जो संस्थान और स्वास्थ्य केंद्र डीनोटिफाई किये हैं उन्हें सता में आने पर सबसे नोटिफाई करेंगे। इस मौके पर पंचायत समिति उपाध्यक्ष डूर सिंह पूर्व प्रधान जय सिंह पूर्व प्रधान जय सिंह प्रधान चेत राम प्रधान विजय ठाकुर सहित वरिष्ठ प्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

विकास कार्य

8 सडकें हमारी भाग्य रेखाएं होती है इसलिए सडकों को निकालने के लिए हम आगे रहते हैं : विजय ठाकुर

गांव चलो अभियान में हर जनमानस की एक पुकार तीसरी बार मोदी सरकार : जिला सचिव

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ

गांव चलो अभियान में चारों तरफ एक ही गंज सुनाई दे रही है कि अनुराग सिंह ठाकुर को पांचवीं बार सांसद बनाकर उन्हें पिछली बार से भी बड़े पद पर जनता उन्हें देखना चाहती है आज गांव चलो अभियान के तहत भेरडा बूथ नंबर 27 पर जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर और उनके साथ बूथ कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने हर घर द्वार जाकर इस अभियान को जनता के समक्ष रखा उन्होंने कहा कि भेरडा बूथ नंबर 27 के अंतर्गत आने वाले गांव ठलम्बर गुब्बर भेरडा लम्बरी बग्गलू की जनता में 2024 को लेकर एक अलग ही तरह का उत्साह देखने को मिला जनता उत्साहित है और लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार के साथ तीसरी बार कंधे से कंधा मिलाकर चलने के

लिए इंतजार कर रही है विनोद ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत हर घर द्वार जाकर जनता को मोदी सरकार की उपलब्धियां को गिनना लाभार्थियों के साथ मिलकर उनके जीवन शैली में जो परिवर्तन आए हैं उसको समझने के साथ नव निर्वाचित मतदाताओं की भाजपा सरकार से अपेक्षित आशाओं को समझने के साथ.साथ क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकताओं व प्रभावी लोगों के साथ बैठकर किस तरह से हर जन मानस की समस्याओं का निवारण किया जा सकता है उसके ऊपर विचार विमर्श किया गया और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकताओं में जोश भरने के साथ मोदी सरकार 400 के पार का नारा बुलंद किया गया इस कार्यक्रम के तहत कांग्रेस प्रदेश

अभियान

> 8 अनुराग को पांचवीं बार सांसद बनाकर उन्हें पिछली बार से भी बड़े पद पर जनता उन्हें देखना चाहती है

सरकार की जन विरोधी नीतियों और उनकी झूठी गारंटीयों को भी जनता के समक्ष रखा गया इस भेरडा बूथ नंबर 27 के कार्यक्रम को सफल बनाने मे बूथ अध्यक्ष कैप्टन रमेश चंद गुलरिया का अहम योगदान के साथ साथ उनकी कार्यकारणी के मुंशी राम अश्विनी कुमार सुरजीत सिंह किशन चंद कंचन कुमारी नवीन कुमार रवि कुमार चंदेल कालिदास सुशील कुमार चमन लाल सभी का सहयोग रहा।

अनाथ व निराश्रित बच्चों का भविष्य संवार रही मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

परिवार तथा माता-पिता हमें सुखदायी एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करते हैं। बच्चे की परवरिश तथा शिक्षा से लेकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में उनका उल्लेखनीय योगदान रहता है। प्रदेश में अनाथ बच्चों का भविष्य संवारने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत अब तक 4 हजार बच्चों को चिल्ड्रन आफ द स्टेट के रूप में अपनाया गया है। माता एवं पिता के रूप में उनकी देखभाल की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निभाने का दायित्व सरकार ने सम्भाला है।अनाथ एवं निराश्रित बच्चों को अपनत्व, सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी के लुथान में सुख-आश्रय ग्राम परिसर का शिलान्यास

सुखदायी

> 8 सुख-आश्रय ग्राम परिसर में उपलब्ध होंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

किया है। इस एकीकृत परिसर में विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ लगभग 400 निराश्रितों के रहने की क्षमता होगी।परिसर में ई-लाईब्रेरी, अस्पताल, वैलनेस सेंटर, प्रार्थना कक्ष, मंदिर, कॉमन रूम, बहुउद्देशीय डिपार्टमेंटल स्टोर, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र व पार्क आदि सुविधाएं होंगी। इसके अलावा टेबल टेनिस, बैडमिंटन, योग, स्वीमिंग पूल, प्ले स्टेशन, जिम सहित अन्य इंडोर व आउटडोर खेलों से सम्बंधित स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परिसर में बच्चों, महिलाओं व वृद्धजनों के लिए अलग-अलग आश्रय स्थल निर्मित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कार्यभार सम्भालने के उपरांत अपने पहले ही निर्णय में अनाथ बच्चों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। इसे मूर्तरूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष गठित कर लोगों से उदारतापूर्वक दान की अपील की गई और अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। अनाथ बच्चों के खुशहाल जीवन के लिए 4 हजार रुपये प्रतिमाह जेब खर्चए वार्षिक भ्रमण के दौरान 3 सितारा होटल में ठहरने की सुविधाए शिक्षा के लिए आवश्यक निधि, उत्सव भत्ता तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के कार्यान्वयन के फलस्वरूप हिमाचल को अनाथ बच्चों के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला देश का पहला राज्य होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

बडगांव के कमल की दोनों किडनियां खराब, मदद की दरकार

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर की ग्राम पंचायत बडगाव के गांव बडगाव बरठीं के रहने वाला कमल कुमार आयु 21 वर्ष सपुत्र रमन कुमार की दोनों किडनी खराब हो चुकी है। जिसका उपचार पीजीआई चंडीगढ़ से वर्ष 2022 से चल रहा है। कमल कुमार सरकारी आईटीआई से कारपेंटर का कोर्स कर रहा था कि अचानक ही बीमार हो गया और जिला के अस्पताल मे उपचार करवाने के बाद डॉक्टरों ने पीजीआई चंडीगढ़ को रेफ र कर दिया गया था। पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों ने दोनों किडनियों को ट्रांसप्लांट के लिये कहा है। जिसका खर्चा दस और बारह लाख रुपए के

मध्य बताया गया है। जब तक दोनों किडनियों को ट्रांसप्लांट नहीं करवा पाते है तब तक सलाह दी है कि डायलसिस करवाते रहें। यह डायलिसिसि प्रक्रिया एम्स कोठीपुरा बिलासपुर से चल रही है। कमल के माता पिता ने सरकार, समाज सेवी संस्थाओ एवं अन्य समाजसेवी

मदद की आस

> 8 कमल कुमार सरकारी आईटीआई से कारपेंटर का कोर्स कर रहा था कि अचानक ही बीमार हो गया

व्यक्तियों से अपील की हैं कि उनके बेटे की जान बचाने के लिये आगे आएं। इन्होने अपने बेटे कमल कुमार का खाता नंबर 41506478727 एसबीआई घुमारवीं और उर्मिला देवी का खाता नंबर 0802011003755 शाखा यूको बैंक बरठी मे दानी सज्जन अपनी सहयोग राशि भेजनें की कृपा करे।

पथ परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच की बैठक आयोजित

टीम एक्शन इंडया/नाहन/एसपी जैरथ

जिला मुख्यालय नाहन के सनातन धर्म मंदिर में आज हिमाचल पथ परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मोहन सिंह ठाकुर द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि निगम प्रबंधन सेवा निवृतों के हितों का ध्यान रखते हुए 1 जनवरी 2006 व 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान का लाभ अविलंब प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल अलाउंस की सीमा 1 हजार रुपए मासिक फिक्स की जाए। साथ ही 65-70-75-80 वर्षीय वेतन वृद्धि मूल पेंशन में समायोजित किया जाए।

'किसान व बागवानों की पूरी तरह से हुई अनदेखी'

टीम एक्शन इंडिया/मंडी /खेमचंद शास्त्री

सेब उत्पादक संघ बाली चौकी लोकल कमेटी की बैठक अध्यक्ष ओमचंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 16 फ रवरी को बागवानों की मांगों को लेकर बाली चौकी में रैली करने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में किसान व बागवानों की पूरी तरह से अनदेखी की गई। खादों व दवाइयों में मिलने वाली सब्सिडी को पिछले वर्ष के मुकाबले कम किया गया। इसके चलते सेब की फ सल में लगातार लागत बढ़ रही है। खाद, दवाइयां, पेस्टिसाइड, इंसेंकटिसाइड लगातार महंगे हो रहे हैं जिसकी वजह से सेब की खेती घाटे का सौदा बन रही है। आजकल बागवान पूरी तरह से हताश है क्योंकि बागवानो को बिचौलिए

और तरह-तरह की पंजीकृत नर्सरींयों से मिलने वाले तरह-तरह की सब की किस्म से बागवान लगातार ठगे जा रहे हैं। इसलिए 16 फरवरी को क्षेत्र के बागवान, बागवानी विभाग को मांग पत्र देंगे और इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग करेंगे साथ ही सेब उत्पादक संघ बाली चौकी सरकार से मांग करती है कि सेब के किराए को निर्धारित किया जाए, यूनिवर्सल कॉर्टन लागू किया जाए, दवाइयां और इंसेंकटिसाइडों में मिलने वाली सब्सिडी को बढ़ाया जाए। ओलावृष्टि, बरसात से बागवानों के हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। बाली चौकी क्षेत्र में कोलड स्टोर का निर्माण

फैसला

> 8 बैठक में 16 फ रवरी को बागवानों की मांगों को लेकर बाली चौकी में रैली करने का निर्णय लिया गया।

शीघ्र अति शीघ्र किया जाए। इन मांगों को लेकर 16 फरवरी को बाली चौकी में रेली की जाएगी। सेब उत्पादक संघ बाली चौकी क्षेत्र के तमाम बागवानों से मांग करते हैं कि 16 तारीख को ज्यादा से ज्यादा लोग वाली चौकी आएं। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह राणा, लाल सिंह, मानसिंह, डीके राम, पंकज कुमार, सोनू, रूपचंद, रूद्रमणि, गोविंद सहित कई लोग उपस्थित थे।

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू द्वारा किया जाएगा जिला स्तर पर जिला स्तरीय

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव का आयोजन किया जाता है । इसका आयोजन तीन चरण में किया जाता है । जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ष जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन नेहरू युवा केंद्र कुल्लू द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जायेगा जिसमें 01 फ रवरी 2024 तक 18-25 की आयु पूर्ण कर चुके युवा भाग ले सकते है, जिला स्तरीय युवा संसद का विषय भारत को एक वैश्विक गुरु बनाना रू भारत की आर्थिक शक्ति बढ़ाने में युवा उघमियों की भूमिका, युवाओ द्वारा संचालित प्रक्षेपवक्र ट्रैजेक्टरी विकास द्वारा भारत को आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की तरफ ले जाना, सशक्त भविष्य-युवा नेतृत्व पहल के माध्यम से जिम्मेदार समुदाय के लिए मार्ग प्रशस्त करना । तीन उल्लेखित विषयो में से किसी भी एक विषय पर प्रतिभागी द्वारा 4 मिनट का भाषण दिया जाएगा। पाँच सदस्यों के निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता में निर्णय दिया जाएगा एवं निर्णायक मंडल का फैसला ही अंतिम एवं मान्य होगा, जिला स्तर पर प्रथम तथा द्वितीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागीयो का चयन राज्य स्तर की राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम

लुहणु में सीनियर जिला क्रिकेट टीम का चयन

टूर्नामेंट

> 8 जिला की टीम का हिस्सा बनने के लिए करीब साठ युवा खिलाड़ियों ने मैदान पर पसीना बहाया

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर के लुहणु क्रिकेट मैदान में रविवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन यानि एचपीसीए के तत्वावधान में होने वाली सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बिलासपुर टीम का चयन किया गया। जिला की टीम का हिस्सा बनने के लिए करीब साठ युवा खिलाड़ियों ने मैदान पर पसीना बहाया। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया

कि चयन प्रक्रिया में सेलेक्टर्स द्वारा 27 बच्चों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार एचपीसीए के खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर कड़ा संज्ञान लिया है। एचपीसीए ने फिटनेस को लेकर मापदंड निर्धारित किए हैं। 18 फरवरी से प्रशिक्षण शिविर लगेगा तथा 19 फरवरी को सभी खिलाडि?ं द्वारा फि टनेस के मापदंडों पर खरा उतरना होगा। यदि कोई खिलाड़ी इन मापदंडों को पूरा करने में असफल होता है तो वह स्वत ही टीम और कैंप से बाहर हो जाएगा। विशाल जगोता ने बताया कि 26 फरवरी से शुरू होने वाली यह प्रतियोगिता 20 मार्च तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के मैच चार दिवसीय होंगे तथा बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच 28 फरवरी को चंबा के साथ नादौन अमतर मैदान में खेलेगी। प्रतियोगिता के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें बिलासपुर, धर्मशाला, अमतर नादौन व ऊना शामिल है।

विशाल जगोता ने बताया कि चयन समिति के संयोजक महेंद्र चंदेल की अगवाई में विनेंद्र डोगरा, प्रिंस गौतम, पवन ठाकुर और विशाल रतवान ने जिन खिलाड़ियों को परखा है उनमें सचित शर्मा, अर्नव, आदित्य कटारिया, अमित रघु, दिग्विजय, अभय ठाकुर शामिल हैं।

दिव्यांग बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का चेतना संस्थान ने किया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

जिला मुख्यालय नाहन में स्पेशल ओलंपिक के तत्वाधान में दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला सिरमौर के करीब 100 बच्चों ने हिस्सा लिया।मीडिया को जानकारी देते हुए स्पेशल ओलंपिक सिरमौर चैप्टर के अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विशेष बच्चों को मुख्य धारा से जोड? के मकसद से स्पेशल ओलंपिक के तत्वावधान में ये क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इसकी नींव स्पेशल ओलंपिक इंडिया चैप्टर की प्रेसिडेंट मल्लिका

नेडा ने रखी थी। उन्होंने बताया कि आईटीसी द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता को पूरे हिमाचल में चेतना संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं कुछ जिलों में हो चुकी है और कुछ जिलों में होनी बाकी है। इन प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जो कि आने वाले समय में बिलासपुर या फिर शिमला में आयोजित की जाएगी।इस क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का अलग-अलग आयु वर्ग के लिए आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के बाद विशेष बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

मोदी ने रखा सब वर्गो का ख्याल: अजय

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा भारत सरकार द्वारा संसद में रखा श्वेत पत्र यह सिद्ध करने के लिए काफी है कि एक गरीब परिवार का व्यक्ति जिसने गरीबी को करीबी से देखा हो और जिया हो वह बहुत कुछ देश के लिए कर सकता है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इच्छाशक्ति का परिचायक है। इस श्वेत पत्र ने कांग्रेस का वह खड़ा किया वह मिथक कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया चल ही हावर्ड व ईटली से पढे लिखे

लोंगो द्वारा है अन्यथा नहीं, यह मानने को मजबूर कर दिया कि भारत की मिट्टी में दम है। अजय राणा ने कहा यूपीए की सरकार मे देश बदहाली के दौर मे था। वाजपेयी सरकार ने जब कार्यभार संभाला तो एनपीए 16ः था और जब 2004 में यूपीए आई तो 7.8ः था। 2014 मे जब मोदी सरकार आई तो यह यूपीए सरकार मे राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण यह 12.8ः पहुंच गया था। उस समय के प्रधानमन्त्री को कोई भी प्रधानमन्त्री मानने को तैयार न था।देश ने 2 घोटाला, सत्यम, कामनवेल्थ, कैश फ ार वोट, शारदा चिटफं ड, मामला, आदर्श, लैंड फार जॉब इत्यादि घोटाले 2004-2014 तक 15 घोटाले हुए।

कहन लगे मोहन मइया मइया से झूमा श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां

भगवान को बांधना है, तो भक्ति की रस्सी से बांधो : कृष्णचंद शास्त्री

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में चले रहे वार्षिक महासम्मेलन के ग्याहरवें दिन रविवार को हजारों भक्तों ने मंदिर में शीश नवाया। साथ ही राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लेने के साथ-साथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आनंद उठाया। समागम के दौरान राष्ट्रीय अल्पसंख्यक के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, गुरू नानक देव जी वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी सहित अन्य आश्रम पहुंचकर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक कृष्ण चंद शास्त्री ने अपने प्रवचनों से भक्तों को निहाल किया। कृष्ण चंद शास्त्री ने कहन लगे मोहन मइया मइया गाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला माखन चोरी

लीला का अद्भुत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान को मारने के लिए जब पूतना आई, तो भगवान ने अपनी आंखे बंद कर ली। भगवान ने कहा कि हमारे पास कपट का रूप लेकर जो आता है, मैं उसे नही देखता। हमारे पास आना है, तो वास्तविक स्वरूप में आओ। शास्त्री ने कहा कि भगवान को बांधना है, तो भक्ति की रस्सी से बांधो, जब ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा बंद कर दिया, तो इंद्रदेव नाराज हो गए और घनघोर वर्षा की। तब भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। आगे गोवर्धन पूजन के साथ कथा का समापन किया गया।

आत्मा से परमात्मा का मिलन ही रास हैः बाबा बाल

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि भागवत मनोरंजन नहीं आत्म रंजन है। भागवत सुनते, भजन गाते या नाम जपते समय अगर आपको एहसास होने शुरू हो जाए कि कृष्ण मेरे पास ही है, तो रास का एहसास हो जाता है। उन्होंने कहा कि आत्मा से परमात्मा का मिलन ही रास है। उन्होंने कहा कि प्रभु गोपियों के साथ रास करते हैं। भागवत में संसार के गंदे कामों की चर्चा नहीं है, क्योंकि प्रेम में त्याग होता है। प्रेम का कोई कारण नहीं होता, यह अकारण होता है।

प्रेम की 6 भूमिका है। उन्होंने कहा कि योग व माया हमारी राधा रानी है, जोकि कृष्ण का आधार है, प्रेमिका नहीं है। राधा प्रेम, प्यार, करुणा व सम्मान है। बिना राधा रानी के श्री कृष्ण रास लीला नहीं करते है, बाबा बाल आश्रम में भी रास लीला होती है। उन्होंने कहा कि रास की लीला आम लीला नहीं, काम पर विजय की लीला है। उन्होंने कहा कि आश्रम में ऊंच-नीच जाति का कोई भेद नहीं है, बलिक हम सब प्रभु की संतान है और अच्छे कर्मों में लगे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म का मार्ग ही मानव को मोक्ष की राह पर डालेगा। उन्होंने कहा कि दूसरों की सेवा करना, दीन-दुखियों की सहायता करना सबसे बड़ा धर्म है।

डूडियां में जुटे जिला भर के कवि एवं साहित्यकार

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी डूडियां पंचायत के गांव लदेह में अध्यक्ष डॉ. रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिला भर से आए लगभग 25 साहित्यकारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुसुमलता द्वारा किया गया था। इस अवसर पर बिलासपुर लेखक संघ के मुख्य संरक्षक कर्नल चंदेल, संरक्षक डॉ. लेख राम शर्मा, प्रधान डॉ. रविन्द्र ठाकुर, महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत डूडियां की प्रधान व बिलासपुर लेखक संघ की सदस्य कुसुम लता को शाल व स्मृति चिन्ह देकर, नायब सूबेदार बृज लाल, निर्मला देवी व नए सदस्य अनिल

चैहान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ रवींद्र ठाकुर ने कहा कि हमें अपनी मां बोली को बढ़ावा देना चाहिए तथा अपने बच्चों को भी पहाड़ी में बोलने की आदत डालनी चाहिए। कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने गांव लदेह के इतिहास के बारे में बताया। डॉ लेख राम शर्मा ने कोटधार से संबंधित बहुत सी जानकारियां लोगों से सांझा की। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर लेखराम शर्मा ने की जबकि मंच संचालन संघ के महासचिव

प्रतिभाग

> 8 अध्यक्ष डॉ. रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला भर से आए 25 साहित्यकारों ने भाग लिया

रविंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया । काव्य गोष्ठी का आगाज प्रीति शर्मा की रचना वक्त से हुआ। इसके अलावा बृजलाल लखनपाल, जसवंत सिंह चंदेल, डॉ अनेक राम संख्यान, प्रवीण शर्मा, सुरजीत चंदेल, श्रेया व शालीना शर्मा ने भी अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।कार्यक्रम के अंत में सबने बिलासपुर धाम का आनंद लिया।

मोदी सरकार के श्वेत पत्र ने कांग्रेस के काले कारनामों की खोली पोलः अनुराग ठाकुर

निशाने पर

8 पंचायत बालघाड़ के ठप्पर और ग्राम पंचायत बल्ह सीणा के बल्ह सीणा ग्राम में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया

टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर /विवेकानंद वशिष्ठ

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज यानी 11 फ रवरी को हिमाचल प्रवास पर थे। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने सर्वप्रथम झंडुता विधानसभा के ग्राम पंचायत बालघाड़ के ठप्पर और ग्राम पंचायत बल्ह सीणा के बल्ह सीणा ग्राम में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके पश्चात अनुराग ठाकुर घुमारवीं विधानसभा पहुंचे जहां ग्राम पंचायत अमरपुर के अमरपुर गांव में उन्होंने गांव चलो अभियान में शिरकत की। इससे पूर्व प्रातः काल धर्मशाला एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वातार्लाप करते हुए अनुराग ठाकुर ने विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। हाल ही में मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए श्वेत पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, श्वेत पत्र ने पूरी तरह से कांग्रेस की पोल खोल दी है। इससे पता चलता है कि कैसे कांग्रेस की प्राथमिकता हमेशा परिवार और भ्रष्टाचार रहा है।

खेलों से दूरी बनाना युवाओं में नशे की बढ़ती लत के पीछे बड़ा कारणः अनुराग ठाकुर

उनके लिए देश नहीं बल्कि खुद की जेब भरना प्राथमिकता थी। श्वेत पत्र ने पूरी तरह से साफ किया है कि कैसे कांग्रेस काल में देश की आर्थिक नीतियों को नुकसान पहुंचा। देश के बैंक घाटे में थे। 12 में से 11 बैंक पीसीए फ्रे मवर्क में थे। लोग पैसा लेकर भाग रहे थे और सरकार चुप बैठी थी। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि देश में एक के बाद एक घोटाला हो रहा था। सरकारी फ इलें कैबिनेट में जाने की बजाय में एनएसी में जा रही थी जिसके सदस्य ऐसे लोग थे जिनकी काबिलियत और पृष्ठभूमि पर प्रश्न चिन्ह थे। इससे यह पता लगता है कि कांग्रेस ने देश को पीछे धकेलना का काम किया। उनकी नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को नाजुक स्थिति में डाल दिया। अनुराग ठाकुर ने बताया कि देश हित में भारतीय जनता पार्टी पिछले 10 वर्षों तक चुप रही। हम चाहते तो पहले दिन भी श्वेत पत्र ला सकते थे परंतु देश का नुकसान ना हो और मनोबल ना गिरे इसीलिए हमने ऐसा नहीं किया। हमारे लिए पहली प्राथमिकता देश का विकास है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 वर्षों में देश को एक साफ सुथरी और ईमानदार सरकार दी है। स्पष्ट नीतियों के कारण आज सारे बैंक प्रॉफिट में हैं।

'बैलेट पेपर द्वारा हो लोकसभा चुनाव'

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

किसान योद्धा सरदार रुडका सिंह कल्याण समिति की बैठक रविवार को इंजीनियर बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में गांव खड्ड में संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर द्वारा करवाने पर सहमति जाहिर की गई। बलवीर चौधरी ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली इसलिए उजागर हुई, क्योंकि मतदान बैलेट पेपर से हुआ था। इस छेंटे से चुनाव में सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। यही कारण है कि दुनिया के बहुत से पढ़े लिखे देश ईवीएम पर विश्वास नहीं रखते और पारदर्शिता के लिए बैलेट पेपर से चुनाव करवाते हैं। जर्मनी, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, अमेरिका तथा इटली जैसे देश ईवीएम पर भरोसा नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि बेशक भारत पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है, लेकिन विकसित राष्ट्र नहीं बन सका, इसके विपरीत दुनिया के 20 देश विकसित राष्ट्र बन चुके हैं, क्योंकि यह देश प्रतिव्यक्ति आय मामले में श्रेष्ठ है। इस अवसर समिति के महासचिव कैप्टन अमरीक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फलाईंग आफिसर पूर्ण देव चौधरी, इंजीनियर दुलंभ सिंह, इंजीनियर बीडी चौधरी, हरोली खंड के अध्यक्ष जसपाल चौधरी, गुरदास राम, गुलजारी लाल, रविंद्र खसरु, केवल धीमान, महेश कुमार, सुनीता देवी, अजय चौधरी, कश्मीर चंद, तारा देवी, अंजना देवी, दर्शना देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

मोदी की गारंटी पर जनता लगाएगी मोहर : नंदा

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

अभियान

8 प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने शिमला मंडल के बूथ नंबर 35 क्लेस्टन में एक कार्यक्रम में भाग लिय

भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने शिमला मंडल के बूथ नंबर 35 क्लेस्टन में एक कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ बूथ अध्यक्ष प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। नंदा ने बताया कि पूरे प्रदेश भर में यह अभियान तेज गति से चल रहा है और भाजपा के सभी नेतागण किसी न किसी बूथ का प्रवास कर बूथ को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं। इस अभियान का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के योलबूट से किया था। नंदा ने कहा कि पूरे देश और हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य और गारंटी पर मोहर लग रही है और ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी को आने वाले लोकसभा चावन में प्रचंड बहुमत प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा की यूपीए के शासन के समय भारत में कोई निवेश तक नहीं करना चाहता था और एफडीआई राशि केवल 305 बिलियन डॉलर थी। मोदी सरकार की कुशल आर्थिक एवं व्यापार-अनुकूल नीतियों के कारण में आज एफ डीआई राशि लगभग दोगुनी होकर 596.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाई गईं समर्थनकारी नीतियों का ही परिणाम है कि यूपीए कार्यकाल में स्टार्टअप की संख्या मात्र 350 से बढकर 1,17,257 स्टार्टअप तक पहुंच गई है। आज केन्द्र सरकार स्टार्टअप्स को वित्तीय और प्रबंधन समर्थन दे रही है, जिससे देश में रोजगार और नवाचार के मौके बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबी की समस्या का समाधान ढूंढने में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो व्यापक सामाजिक-आर्थिक विकास का प्रतीक है। आज देश के वंचित तबके तक स्वच्छ जल, भोजन, बिजली और शैक्षिक अवसरों की पहुंच को सुगम बनाया गया है। इस सकारात्मक बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और अथक प्रयासों के साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और पीएम उज्ज्वला योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को जाता है।

गीत-संगीत व नाटकों से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग प्रदेश सरकार की योजनाओं और कल्याणकारी निर्णयों की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग करता है। इसी कड़ी में विभाग के फोक मीडिया कलाकार आजकल जिला शिमला के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं को आम जनमानस तक पंहुचा रहा है। आज जिला शिमला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया। अभियान के दौरान जय देव कुर्गण सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों द्वारा ग्राम पंचायत मशोबरा व ग्राम पंचायत बलदेया, स्वर साधना कला मंच के कलाकारों द्वारा आज अनाडेल तथा ऑकलैंड टनल, ग्राम पंचायत भराड़ी लोटस वेलफेयर सोसायटी के कलाकारों द्वारा आज ग्राम पंचायत बरथाटा व ग्राम पंचायत जुब्बल, हिम आधार लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा आज ग्राम पंचायत मंडोल व ग्राम पंचायत नकराली तथा त्रिमूर्ति रंगमंच के कलाकारों द्वारा आज ग्राम पंचायत संधु व ग्राम पंचायत मतयाना में लोगों को जागरूक किया गया। फ ोक मीडिया दल के कलाकारों ने बताया कि विद्यालयों में विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री संबल योजना का शुभारम्भ किया गया है। विशेष रूप से सक्षम बच्चों का स्टाइपेंड बढ़ाकर 1000 रुपये करने की घोषणा की गई है। इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को मिलने वाली 35 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए करने तथा दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन पर मिलने वाली 25 हजार रुपए की राशि एक लाख रुपए करने की घोषणा की गई है।

प्रदेश में युवा नशे की चपेट में आ रहा हैः सुरेश

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

भारत की जनवादी नौजवान सभा की राजगढ़ कमेटी ने शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत की है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन नौजवान सभा के राज्य अध्यक्ष सुरेश सरवाल ने किया। उन्होंने कहा कि नौजवान सभा हमेशा ही देश भर में नौजवानों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग प्रकार की खेल गतिविधियां और संस्कृति गतिविधियां करवाती रहती है, जिससे युवाओं की प्रतिभाओं को निखारा जा सके। आज देश और प्रदेश में युवा नशे की चपेट में आ रहा है यदि इन युवाओं को नशे से दूर रखना है तो उनका ध्यान खेलों की तरफ करना पड़ेगा। तभी युवाओं को सही दिशा दी जा सकती है। इस तरह के टूनार्मेंट पूरे प्रदेश में किया जा रहे हैं और शहीद भगत सिंह शहादत दिवस के उपलक्ष पर सभी जिलों में ब्लड डोनेशन कैंपए फ्री मेडिकल कैंप, कविता गोष्टी, और एथलीट मीट यदि करवाई जाएगी। तभी हम शहीद भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर राजगढ़ नौजवान सभा अध्यक्ष अंकुरदीप ने कहा कि इस टूर्नामेंट में 30 टीमें भाग ले रही है। यह टूर्नामेंट 18 फरवरी को पूर्ण किया जाएगा।

चलेट में विवाहिता ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

दर्दनाक

8 मृतक की पहचान मधु पत्नी अनिल कुमार निवासी वार्ड नंबर पांच, चलेट के रूप में हुई है

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

नगर पंचायत दौलतपुर चौक के साथ लगते गांव चलेट में 31 वर्षीय विवाहिता की जहरीला पदार्थ निगलने से मृत्यु हुई है। मृतक की पहचान मधु पत्नी अनिल कुमार निवासी वार्ड नंबर पांच, चलेट के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को मधु निवासी चलेट की घर में अचानक तबियत खराब हो गई। आनन फानन में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर्स ने जहरीला पदार्थ निगलने की वजह से उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया, लेकिन होशियारपुर में उसने एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

कांग्रेस सरकार बनने के बाद नाहन में विकास कार्य ठप्पः डा. राजीव

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

भारती यय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि नाहन विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद विगत 14 महीने में विकास कार्य बंद हो गए हैं। नाहन का इलाका भाजपा सरकार में तेज गति से विकास की ओर अग्रसर था परन्तु वर्तमान सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सरकार बनने के बाद से केवल और केवल संस्थानों को बंद करने का काम हुआ है अर्थात नाहन आगे बढ? के बजाए पीछे हटा है। जनता को धोखे में रखकर सत्ता में आई कांग्रेस अब

दोबारा से नाहन विधान सभा क्षेत्र की जनता को भ्रमित करने के प्रयासों में लगी है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि बीडीओ दफ्तर के निर्माण को कांग्रेस पार्टी ने, कांग्रेस के विधायकों ने 40 साल लटका कर रखा और हमारे प्रयासों से भूमि का चयन हुआए

साधा निशाना

8 सुक्खू की सरकार बनने के बाद से केवल और केवल संस्थानों को बंद करने का काम हुआ

धन का प्रावधान हुआ, शिलान्यास हुआ और 2022 के चुनावों तक बीडीओ दफ्तर का पूरा भवन बनकर तैयार हो चुका था परन्तु आचार संहिता लगने के कारण इसका उदघाटन नहीं हो सका। विगत 14 महीने तक इस भवन को सिर्फ इसलिए उपयोग में नहीं लाया गया ताकि इसका उद्घाटन करके श्रेय लिया जा सके, जो निंदनीय है। इसी प्रकार अनेक-अनेक भवन जिनका कार्य हमने भाजपा सरकार के दौरान शुरू कर दिया था उन कायो को लटका-लटका कर किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि इन सभी भवनों के निर्माण हेतु सम्पूर्ण धनराशि पूर्व की भाजपा सरकार में हमारे द्वारा उपलब्ध करवाई जा चुकी है, केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए कामों को लंबित करना नाहन क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। नाहन शहर में दो मंजिला पार्किंग और नगर परिषद भवन का कार्य गत भाजपा सरकार में शुरू हुआ।

शिवसेना ने सम्मानित किए अयोध्या धाम के योद्धा

सम्मान

8 महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारसेवकों और दिवंगत कार सेवकों के परिजनों को सम्मानित किया गया

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

शिवसेना की हिमाचल प्रदेश तरफ से रविवार को ऊना जिला मुख्यालय पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री राम जन्मभूमि संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारसेवकों और दिवंगत कार सेवकों के परिजनों को सम्मानित किया गया। शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट शिवदत्त वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के दौरान 14 राम भक्तों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विवादित ढांचे को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शिवसेना के राज्य अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि करीब 500 वर्ष के बाद भगवान राम एक भव्य मंदिर में स्थापित हुए हैं। इस स्थापना के पीछे लाखो राम भक्तों की कुर्बानियां और इस प्रकार के कारसेवकों का योगदान छिपा हुआ है। उन्होंने कहा कि शिवसेना द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए उन लोगों को सम्मान दिया जा रहा है, जो निश्चित रूप से रामलला की स्थापना के बाद इसके हकदार थे। उन्होंने कहा कि भगवान राम की स्थापना के लिए किसी राजनीतिक दल विशेष का कोई योगदान नहीं है अपितु इस काम को भगवान राम के भक्तों ने संयुक्त रूप से अपना काम समझ कर संघर्ष किया।

हिमोत्कर्ष परिषद ने सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर जताया शोक

प्रार्थना

8 निधन पर शोक व्यक्ति किया और दिवंगत की आत्मिक शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

हिमोत्कर्ष परिषद ने डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है। हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, महासचिव डा. रविंद्र सूद, नरेश सैनी, यशपाल ठाकुर, कर्णपाल मनकोटिया, दीपशिखा कौशल, योगेश कौशल, मनोज कंवर, कृष्णपाल शर्मा, रमा कंवर, पूजा कपिला, अशोक ऐरी, सतपाल शर्मा,राजीव भनोट,मुनिन्द्र अरोड़ा, राजकुमार पठानिया, निशांत,मनमीत सिंह,सुमन पूरी आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्ति किया और दिवंगत की आत्मिक शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने कहा कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री गरीब व जरुरतमंद व्यक्तियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थी।

सूरी में पेड़ कटान के दौरान रस्सी टूटने से एक मजदूर की मौत, पांच घायल

जांच

8 डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

पुलिस थाना अंब के तहत सूरी में पेड़ कटान के दौरान रस्सी टूटने से 67 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। जबकि पांच मजदूर घायल हुए हैं। मृतक की पहचान पुंजू लाल पुत्र प्रेम लाल निवासी कुवरा तहसील भरमौर जिला चंबा के रूप में हुई है। सभी घायलों को उपचार के लिए अंब अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अंब के सूरी में शनिवार रात्रि को ठेकेदार रमेश चंद निवासी सूरी की लकड़ी का कटान चला हुआ था। जहां पर जिला चंबा निवासी पुंजू लाल, अनिल कुमार (35), बृज लाल (60), मनी राम (55), वर्ष धनिया राम (50) व मनोज कुमार (45) कार्य कर रहे थे। कटान के दौरान लकड़ी को खेंचते समय रस्सी टूट गई और छह मजदूर हादसे का शिकार हो गए। सभी घायलों को सिविल अस्पताल अंब लाया गया, डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।

पुलिस ने चांदी का कड़ा लौटा निभाया अपना कर्तव्य

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

रेड लाइट चौक ऊना के समीप मिले चांदी के कड़े को पुलिस ने मलिक को लौटा अपना कर्तव्य निभाया है। जानकारी के मुताबिक अप्पर अरनियाला निवासी लखविंदर का रविवार सुबह रेड लाइट के समीप चांदी का कड़ा खो गया था। काफी तलाश के बाद कड़ा न मिलने पर वापिस घर चला गया। इसके बाद किसी सिलसिले में वापस रेड लाइट चौक पहुंचे लखविंदर को पुलिस ने नाके के दौरान रोक लिया। यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर लखविंदर का पुलिस ने चालान कर दिया है। लखविंदर के नाम से मिले कडे को लेकर पुलिस ने युवक से कड़े के बारे में पूछा, इसके बाद युवक ने तुरंत से जवाब देते हुए हामी भर दी।

सीनियर क्रिकेट टीम में जगह पाने को खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

जिला क्रिकेट संघ ने परखी खिलाड़ियों की क्षमता

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया रविवार को इंदिरा मैदान ऊना में हुई। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी और महासचिव नरेंद्र कपिला ने खुद इस चयन प्रक्रिया की निगरानी की। क्रिकेट कोच ने खिलाड़ियों के हुनर को परखते हुए क्रिकेट के हर विभाग में उनकी क्षमता को जांचा।

क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी ने बताया कि ट्रायल प्रक्रिया में करीब 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रायल

प्रक्रिया के दौरान 29 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिनमें अमित कुमार, अंकित कलसी, गौरव, राघव आंगरा, अमन प्रीत, पृथवी, नीतिन, अंकुश बैंस, अंकुश बैंस, राघव बाली, महेश ठाकुर, पंकज, हार्दिक कालिया, पूर्ब, विनय, अनिरूद्ध शारदा, रजत सैणी, अभिनव शर्मा, दीप सिंह, विनायक कपिल, महरदीप सिंह, रीतिक चौधरी, अनुज कंवर, विनय, अनिकेत, संदीप सैणी, सुनंद व अनिश शर्मा शामिल है। उन्होंने कहा कि उक्त खिलाड़ी जिला क्रिकेट संघ के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे और शिविर के समापन पर अंतिम टीम का चयन करते हुए उसे हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की प्रतियोगिता में जिला की चुनौती पेश करने के लिए भेजा जाएगा।

'पीएम मोदी के नेतृत्व में हम रामराज्य की कल्पना को साकार करने में लगे'

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री राजीव सैजल ने कहा की विगत लगभग 500 वर्षों से दुनियाभर के लोग मानते थे कि प्रभु राम का मंदिर वहीं बनना चाहिए जहां उनका जन्म हुआ था। बहुत सारे आंदोलन हुए, कानूनी लड़ाई लड़ी गईए लेकिन वर्षों तक इस मामले को दबाया गया, कभी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण और कभी कानून व्यवस्था का भय दिखाकर दबाया गया। राम मंदिर के पक्ष में निर्णय आने के बाद कोई हार-जीत का सवाल नहीं आया और न ही किसी ने जुलूस निकाला। आज गौरव के साथ भव्य राम मंदिर बन गया है। इसके लिए मोदी जी ने 11 दिन की कठोर तपस्या करके देश की आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के इस लंबे संघर्ष में कई पीढियां बीत गई। प्रभु श्रीराम का यह वनवास 500 वर्षों का हुआ। इस विस्तीर्ण संघर्ष के पश्चात आज जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैंए तो यह हम सभी के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली समय है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम इस देश की आत्मा, संस्कार व जीवन-पद्धति हैं। भगवान राम अनेक धर्म ग्रंथों में विराजमान हैं।

न्यूज फ्लैश

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने डेयरी फार्मिंग में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया

रेवाड़ी : एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड ने छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी) आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय मवेशी देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एक लाख से अधिक मवेशियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 15 राज्यों में 450 से अधिक स्थानों पर एक साथ शिविर आयोजित किए गए। भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें से 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। इन महिलाओं के काम के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। यह पहल ईएसजी ढांचे के सामाजिक पहलू को दर्शाती है, जो सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने में लैंगिक विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देती है। कंपनी की सामाजिक पहल के बारे में बोलते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर शांतनु मित्रा ने कहा कि हमारे ग्रामीण ग्राहक आधार में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। हमारे बहुत से ग्राहक पशु खरीदने के लिए ऋण लेते हैं, जो उनके लिए आय का एक बड़ा स्रोत है। हमारे सामुदायिक विकास कार्यक्रम परिवर्तन को संभव बनाने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं और ग्रामीण आजीविका के उत्थान, जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने और आय स्रोतों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पशुधन कल्याण के अलावा, हम कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं, जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं उनके समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में, हम नवीन और टिकाऊ सामाजिक-आर्थिक पहलों के माध्यम से वंचित समुदायों में समावेशी विकास को बढ़ावा देकर अपने ग्राहकों के साथ मजबूत रिश्ता स्थापित करने के लिए समर्पित हैं। पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के अटूट समर्पण का उदाहरण है। इस वर्ष, कंपनी ने देश भर में आयोजित सबसे बड़े एक दिवसीय पशु देखभाल शिविरों के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन सर्टिफिकेट भी हासिल किया।

रविवार को सरस मेले में जुटे खूब विजिटर्स

चंडीगढ़: सेक्टर 34 स्थित एग्जीबिशन ग्राउंड में हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय की ईकाई रुरल लाईवलीहुड मिशन द्वारा आयोजित किये जा रहे सरस मेले में रविवार को मेला देखने आये लोगों की व्यापक भीड़ देखने को मिली। मेले में देवभूमि हिमाचल प्रदेश के समस्त जिलों के सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से अपने हस्त निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित कर बिक्री कर रही हैं। मेले में हिमाचल प्रदेश के अलावा पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड़, महाराष्ट, असम सहित अन्य प्रदेशों से लघु उद्यमी भाग लेकर अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं। रविवार की छुट्टी के चलते न केवल चंडीगढ़ में रह रहे हिमाचल प्रदेश के निवासियों और समाजिक संगठनों ने अपनी भागीदारी दिखाई बल्कि स्थानीय लोग भी पर्वतीय प्रदेश की समृद्ध विरासत से परिचित हुये। मेले में हस्त निर्मित उत्पादों के साथ साथ जैविक रुप से खेती और प्रोसेस हो रही दालों, मसालों, डाईफ्रूट्स, आटा, फल, जूस, चटनी, आचार आदि उत्पादों की खूब सेल हुई। हैंडलूम, गर्म उनी कपड़ों, मंदिरों के माडल्स और वाद्य यंत्रों सहित अन्य चीजों में भी रुचि दिखाई। मेले का मुख्य आर्कषण हिमाचली पारम्परिक व्यंजनों का फूड फेस्टिवल था जिसमें विजिटर्स ने खूब स्वाद लिया। कांगड़ी, मंडियाली, बिलासपुरी और चंबियाली धाम के साथ साथ सिड्डू, बबरु, मोमोज आदि काफी लोकप्रिय हुये। देर शाम मेला देखने आये लोग अपने आप को पहाड़ी नाटी में झूमने से रोक ही पाये सांस्कृतिक संध्या का खूब आनंद लिया। मेला 12 फरवरी को सम्पन्न होगा।



घोघड़ीपुर गांव में शहर की तर्ज पर शुरू हुआ घर-घर कूड़ा एकत्रितकरण

सुभाष चंद्र ने ग्राम पंचायत की ट्रैक्टर ट्राली का किया उद्घाटन, जल्द लाया जाएगा नया टैंपू

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस

गांवों में भी अब शहर की तर्ज पर घर-घर कूड़ा उठान की शुरूआत हो चुकी है। नगर निगमों व नगरपालिकाओं की तर्ज पर अब हरियाणा की कुछ ग्राम पंचायतें स्वच्छता के मामले में कई कदम आगे बढ़ चुकी है। इसी कड़ी में करनाल जिले के घोघड़ीपुर गांव में भी रविवार को शहरों की तर्ज पर कूड़ा कचरा एकत्रितकरण की शुरूआत हुई। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष

चंद्र ने आज इसकी शुरूआत करते हुए ग्राम पंचायत की ट्रैक्टर ट्राली को रिबन काट कर रवाना किया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

सुभाष चंद्र ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गोगड़ीपुर एक ऐतिहासिक गांव है। इस गांव ने पहले भी अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं और अब घर-घर कूड़ा उठान कर स्वच्छता की एक नई पहल की है। मैं हरियाणा सरकार की ओर से उन्हें इसके लिए हार्दिक बधाई देता हूं। ग्राम पंचायत की ओर से अब घर-घर से कूड़ा इक्ट्ठा करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

ट्रैक्टर-ट्राली आने के बाद गांव में सफाई व्यवस्था पहले की तुलना में और ज्यादा सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक गांव सुंदर और स्वच्छ हो, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। हरियाणा सरकार भी अपनी ओर से सभी गांवों में घर-घर कूड़ा उठान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मौके पर ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। गांव के बाहर स्थित तालाब का पुनरुद्धार करने के लिए उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से बात की और इस पर जल्द कार्य शुरू करने को कहा। उन्होंने सरपंच की मांग पर गांव के वाल्मीकि मोहल्ले में एक नया जल घर बनवाने का आश्वासन भी दिया।

19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

लिबर्टी में करती थी काम, जेवरात व कैश भी ले गई साथ

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। कस्बा घरौंडा थाना के एक गांव से एक युवती संदिग्ध हालात में युवती लापता हो गई। युवती लिबर्टी घरौंडा में काम करती थी। वह घर से लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने व 10 हजार रुपए की नकदी भी लेकर गई है। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो शिकायत पुलिस को की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लापता युवती की उम्र 19 साल है। उसकी मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके पास एक लडका व दो लडकी हैं। उसकी सबसे छोटी लडकी घरौंडा की लिबर्टी में काम करती थी। 9 फरवरी को सुबह 8.40 बजे वह हर रोज की तरह काम के लिए घर से निकली थी। वह शाम को साढ़े 6 बजे घर आ जाया करती थी, लेकिन वह देर रात तक भी नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब घर की अलमारी की चेकिंग की गई तो उसके अंदर रखी 10 हजार रुपए की नकदी व 7-8 तोले सोने व चांदी के गहने गायब मिले। रिश्तेदारियों में भी युवती की तलाश की गई थी। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद पुलिस को शिकायत की।

भोलेनाथ के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, भगवान शिव का दिया संदेश

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस

शिव प्रभातफेरी की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रविवार सुबह नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। आज प्रभातफेरी ने सेक्टर-13 सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। प्रभात फेरी आज सेक्टर 13 में अरूणा शर्मा के निवास से आरंभ हुई और सेक्टर-14 में गीता विनय छाबडा के निवास पर विश्राम लिया। भगवान शिव भोले नाथ जी के विग्रह को सुंदर पालकी में सुशोभित किया गया। भक्तों ने जय शिव शंकर के जयकारों के साथ फूलों की वर्षा के साथ प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। शिव भोलेनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालु अपने घरों के मुख्यद्वार पर थाल में ज्योत जलाकर सुबह प्रभातफेरी के आने का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। नगर की विभिन्न गली मोहल्ले का भ्रमण कर लोगों को परमपिता परमात्मा की महिमा के बारे में बताया गया। श्रद्धालु भगवान शिव की जयजयकार कर आगे बढ़ रहे थे। लोगों को भगवान शिव का संदेश दे रहे थे। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने महाशिवरात्रि पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया।

अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

अज्ञात लुटेरों द्वारा बहालगढ़ में किरयाणा के होलसेल व्यापारी राजेश कुमार को गोली मार कर सवा लाख रुपए लूटने की घटना से गुस्साए दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर रोष प्रकट किया और प्रदर्शन किया। दुकानदारों में इस बात को लेकर भी रोष था, कि आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है दुकानदारों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन, सहायक पुलिस आयुक्त संदीप कुमार तथा बहालगढ़ थाना इंचार्ज राजीव कुमार ने दुकानदारों से बातचीत की और जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। राजीव जैन ने कहा कि पुलिस की गश्त भी बढ़ाई जाएगी और आवारागर्द बदमाशों के साथ सख्ती से पेश आया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के पकड़ने में ढील हुई तो वह स्वयं व्यापारियों के साथ धरना देंगे, तब जाकर दुकानदार दुकान खोलने पर सहमत हुए। राजीव जैन निजी अस्पताल में भर्ती घायल राजेश कुमार का हाल-चाल जानने पहुंचे और कहां की बिल्कुल भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, प्रशासन व सरकार पूरी तरह से साथ है राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों को न तो पुलिस प्रशासन और न ही राजनीतिक संरक्षण मिलता है और हर वारदात की गुत्थी सुलझाकर अपराधियों को पकड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि गोहाना में मातुराम हलवाई की दुकान पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल युवक देर में सही लेकिन सभी को गिरफ्तार कर वारदात को अंजाम देने में शामिल हथियार भी पकड़े गए।

उन्होंने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कानून की सख्त से सख्त धाराओं में पर्चा दर्ज किया जाता है।

कंपनी के ब्रांच मैनेजर पर हुआ जानलेवा हमला, स्टाफ के साथ गए थे लोन की किस्त लेने

महिला ने सिलाई मशीन का काम बढ़ाने के लिए लोन लिया था और ब्रांच मैनेजर को लोन की किस्त लेने के लिए घर बुलाया था

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस

जिले के कैमला गांव में लोन की किस्त लेने के गए एक कंपनी के ब्रांच मैनेजर व कलेक्शन स्टाफ पर जानलेवा हमला किया गया। महिला ने सिलाई मशीन का काम बढ़ाने के लिए लोन लिया था और ब्रांच मैनेजर को लोन की किस्त लेने के लिए घर बुलाया था। इसी दौरान ब्रांच मैनेजर के साथ गाली गलौच की और हमला बोल दिया। मैनेजर के साथ कलेक्शन स्टाफ पर हथौड़े से वार किया, लेकिन उस वक्त कर्मचारी ने सिर पर हेलमेट लगाया हुआ था, जिससे वह बच गया। गंभीर रूप से घायल ब्रांच मैनेजर व कर्मचारी ने घरौंडा के सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाया।

पुलिस ने दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल के बसंत विहार में ग्रो मनी कैपिटल कंपनी से कैमला गांव निवासी

गंभीर चोट

8 कलेक्शन स्टाफ पर हथौड़े से वार किया, लेकिन उस वक्त कर्मचारी ने सिर पर हेलमेट लगाया हुआ था, जिससे वह बच गया

अलका पत्नी नवीन ने 50 हजार रुपए का लोन लिया था। उसकी हर महीने ऑनलाइन किस्त कट जाती थी, लेकिन तीसरी किस्त नहीं कटी। ब्रांच मैनेजर दीपक ने बताया कि उसने अलका को कॉल किया, लेकिन फोन उसके पति नवीन ने उठाया। उसने बताया कि अलका छत से नीचे गिर गई थी और उसे चोट लग गई थी, जिस वजह से वे किस्त नहीं भर पाए। हमें थोड़ा टाइम चाहिए। इसके बाद कुछ दिन का टाइम दिया गया। मैनेजर दीपक ने बताया कि उसने 8 फरवरी को दोबारा अलका को कॉल किया। इन्होंने 9 फरवरी को किस्त देने की बात कही, लेकिन 9 तारीख का कॉल किया तो 10 तारीख का टाइम दे दिया। 10 को कॉल किया तो अलका ने उन्हें अपने घर आकर किस्त ले जाने के लिए कहा। इसके बाद दीपक अपने स्टाफ मैंबर नन्हेड़ा निवासी रजत के साथ कैमला गांव में अलका के घर पहुंचे। आस पड़ोस में अलका के स्वास्थ्य के बारे में पता किया तो पता चला कि अलका छत से गिरी ही नहीं थी। उन्होंने झूठ बोला था। ब्रांच मैनेजर ने बताया कि उन्होंने नवीन को कहा कि आप लोग झूठ बोलकर विश्वास तोड़ रहे हैं। इसके बाद अलका और नवीन ने उनके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। बात यही तक नहीं रुकी, इन्होंने किस्त देने से मना कर दिया और लड़ाई शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इससे उसका कान फट गया और कान के पीछे टांके भी आए हैं। इसके अलावा शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने उसके साथी रजत के सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया, लेकिन उस समय उसने हेलमेट लगाया हुआ था और वह बच गया। लेकिन हेलमेट बुरी तरह से टूट गया। आरोपियों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया।

मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री भी करेंगे श्याम बाबा के दर्शन

समालखा (कुलदीप सिंह)

गांव चुलकाना में हर वर्ष की भांति श्री श्याम बाबा मंदिर में लगने वाले फाल्गुन महोत्सव को लेकर रविवार सांसद संजय भाटिया मंदिर पहुंचे और उन्होंने मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और ग्रामीणों से इसको लेकर विचारविमर्श किया। सांसद ने कहा कि इस बार का फाल्गुन महोत्सव पिछले वर्षों की अपेक्षा और ज्यादा भव्य होगा। इसको लेकर प्रशासन दिनरात जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि गांव के पांच रास्तों पर पार्किंग व्यवस्था बनाई जाएगी जहां प्रशासन के साथ गांव वासी ट्रैफिक व्यवस्था को संभालेंगे। इसके साथ ही गांव के सात रास्तों पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे और सभी रास्तों सहित पूरे गांव में लाइटों की मनभावन व्यवस्था की जाएगी। पार्किंग में शौचालय सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री भी चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा के दर्शन करने पहुंचेंगे। सदियों से चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा का फाल्गुन मेला लगता आ रहा है लेकिन अबकी बार श्री श्याम बाबा और श्री लकीसर बाबा के आशीर्वाद से बाबा श्यामजी का फाल्गुन मेला ऐतिहासिक होगा। श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम के साथ अनेक संस्थाएं यहां पिछले काफी सालों से भंडारों का आयोजन करती आ रही है और इसमें पानीपत की अनेक संस्थाएं भी भंडारे लगाएंगी। साथ ही मेले कई तरह के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर कृष्ण छौक्कर किवाना, सरपंच सतीश छौक्कर, कमेटी प्रधान रोशनलाल, सत्यपाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

एचसीएच परीक्षा को लेकर डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया दौरा

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)

उपायुक्त डॉ. शालीन ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली एचसीएस एवं अलाईड सर्विसीज की प्रारम्भिक परीक्षा के तहत आज पीकेआर जैन गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अम्बाला शहर, लॉर्ड महावीर सीनियर सकैण्डरी स्कूल व डीएवी सीनियर सकैण्डरी स्कूल अम्बाला छावनी के साथ-साथ अन्य परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते हुए वहां की व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित सैंटरों के केन्द्र अधीक्षकों से परीक्षा के दौरान कितने विद्यार्थी पहुंचे है तथा परीक्षा के दौरान कोई समस्या तो नहीं है उसकी भी जानकारी ली। उपायुक्त डॉ. शालीन ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली एचसीएस एवं अलाईड सर्विसीज की प्रारम्भिक परीक्षा के तहत सम्बन्धित स्कूलों का दौरा करते हुए वहां पर परीक्षा के दृष्टिगत किए गये प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने सैंटर अधीक्षकों से परीक्षा देने आए विद्यार्थियों की कितने प्रतिशत उपस्थिति दर्ज हुई है, जैमर व सीसीटीवी कैमरों सही रूप से क्रियान्वित है उस बारे भी जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान परीक्षा रूम में जाकर वहां की व्यवस्थाएं भी देखी। उपायुक्त डॉ0 शालीन ने बताया कि आज दो चरणों में अम्बाला शहर व अम्बाला छावनी में 39 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया हैं। इस परीक्षा के दृष्टिगत 11184 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से प्रथम चरण में 4432 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, इसी प्रकार दूसरे चरण में 4341 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना असहाय लोगों के लिए साबित हो रही वरदानः अनीश यादव

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। **डीसी** अनीश यादव ने बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानि आयुष्मान योजना नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से शुरू किया है।

उन्होंने बताया कि चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है। तीन लाख रूपए वार्षिक आय तक वाले नागरिक 1500 रूपए का प्रीमियम सालाना भरकर आयुष्मान भारत चिरायु योजना का लाभ ले सकते है। इस योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। अब राज्य सरकार ने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा से लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने के निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल 1500 रुपए के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते है। डीसी ने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभ ले सकता है।

राखी गर्ग एंटी करप्शन फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय मुख्य निदेशक नियुक्त

करनाल की विख्यात समाजसेविका राखी गर्ग को राष्ट्रीय मुख्य निदेशकए महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका राखी गर्ग को राष्ट्रीय मुख्य निदेशकए महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राखी गर्ग को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

राखी गर्ग ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ

जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार-प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं। फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के प्रकल्पों के अंतर्गत जरुरतमंद विद्यार्थियों एवं लोगों की सहायता, गरीब कन्याओं की शादी में मदद करवाना आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी राजेश गर्ग व उज्जवल गर्ग उपस्थित रहे।

शपथ

8 राखी गर्ग को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई

एचसीएस की प्रारंभिक परीक्षा जिला में सभी 47 केंद्रों पर हुई शांतिपूर्ण

टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिला में सभी 47 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलरहित सम्पन्न हुई। उपायुक्त अनीश यादव ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी उनके साथ रहे। दो शिफ्टों में आयोजित हुई एचसीएस की परीक्षा के सुबह के सत्र में 48.70 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। उपायुक्त ने डीएवी कॉलेज, डीएवी स्कूल तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। कहीं कोई अनियमितता नहीं मिली। डीसी ने मौके पर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा प्रबंधों और जैमर आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह के सत्र में 14,664 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन इनमें से 7142 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी जबकि 7522 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

इसी प्रकार सायं के सत्र में भी 14,664 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन इनमें से 7017 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी जबकि 7647 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। सायं के सत्र में 47.85 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। उपायुक्त ने बताया कि इस परीक्षा के लिए 47 सेंटर करनाल में बनाए

नकलरहित

8 उपायुक्त ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी उनके साथ रहे

'भारत रत्न' सम्मान के साथ-साथ सियासी दाँव ?

संपादकीय

पाकिस्तान में लोकतंत्र है या सेनातंत्र ?

पाकिस्तान के बनने के पश्चात प्रारंभ से पैदा हुई उसकी राजनीतिक दुश्वारियां अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही हैं। सत्ता के संघर्ष के इस खेल में पाकिस्तान ने पाया कुछ नहीं, इसके विपरीत खोया बहुत है। आम चुनाव में पाकिस्तान के राजनीतिक आसमान में फिर से अस्थिरता के बादल उमड़ते-घुमड़ते दिखाई दिए। पाकिस्तान की सेना और आतंकियों के संकेत पर जबरदस्ती पदच्युत किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए इस चुनाव में राह को कठिन बनाने की भरपूर राजनीति की गई। इसके बाद भी पाकिस्तान में एक बड़ी ताकत के रूप में अपना स्थान कायम रखा। इसे इमरान खान की लोकप्रियता ही कहा जाएगा कि उनके विरोधी दल ताल ठोककर मैदान में सामने खड़े थे, इसके बाद भी इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आई। वहीं नवाज शरीफ की पार्टी मुस्लिम लीग नवाज दूसरे और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी तीसरे स्थान को ही प्राप्त कर सके। इसके यह भी निहितार्थ हैं कि इन दोनों से इमरान खान ज्यादा लोकप्रिय हैं। जैसा कि पाकिस्तान का चरित्र रहा है कि वहां प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाला व्यक्ति तब तक कुछ नहीं कर सकता, जब तक सेना और आतंकी आकाओं का आदेश नहीं मिल जाए। इसे इस रूप में कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पाकिस्तान की सत्ता का निर्धारण सेना के हाथ में ही रहता है। पाकिस्तान में कहने को ही लोकतंत्र है, सच मायनों में वहां सेना का तंत्र ही कार्य करता है। सेना के अधिकारी जब चाहें जैसा चाहें, निर्णय कर सकते हैं। वहां सेना के मुख्य अधिकारी सत्ता को गिराने का काम करते आए हैं। उल्लेखनीय है कि परवेज मुशर्रफ सेना के अधिकारी ही थे, जिन्होंने पाकिस्तान में तख्तापलट करते हुए शासन की बागडोर संभाली थी। इसी प्रकार अन्य भी कई उदाहरण हैं।

यह पाकिस्तान की नियति बन चुकी है कि वहां अभी तक कोई भी राजनीतिक दल सत्ता का संचालन पूरे कार्यकाल तक नहीं कर सका है। क्योंकि वहां सरकार के कामों में सेना का हस्तक्षेप बहुत ज्यादा है। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान में सेना ने ज्यादातर शासन किया है। एक प्रकार से पाकिस्तान बनने के बाद से ही सेना की राजनीतिक सक्रियता रही है। जिसके कारण पाकिस्तान में लोकतंत्र होते हुए भी सैनिक शासन जैसा ही रहा है। इस बार के चुनाव में लोकतंत्र के हिसाब से इमरान खान काफी मजबूत दिखाई दे रहे थे, जो चुनाव के परिणामों ने भी स्पष्ट किया, लेकिन इमरान खान की पार्टी बहुमत के आंकड़े से बहुत दूर रही। इमरान खान की पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि उनकी पार्टी 150 से ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त कर रही है। यह आंकड़े मतों की गिनती होते समय प्रारंभिक रूप से दिखने लगे थे, लेकिन उसके बाद स्थिति अचानक से बदल गई। उसके जो उम्मीदवार आगे चल रहे थे, वे पीछे होते चले गए। इस चुनाव में एक बार फिर राजनीतिक विद्वेष की खाई और ज्यादा चौड़ी होती दिखाई दी। नवाज शरीफ के पार्टी ने अपने रास्ते साफ करने के लिए इमरान को जेल भेजने का कुचक्र रचा। इमरान को चार मामलों में सजा भी मिली है, जिसके कारण चुनाव के दौरान इमरान जेल में ही रहे। इसे चुनाव प्रचार से दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा गया। इतना ही नहीं इमरान की पार्टी के नेताओं के सामने भी कई प्रकार के संकट खड़े किए गए। फिर भी इमरान को नहीं रोक सके।

प्रभुनाथ शुक्ल

> उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले किसान नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा के पीछे भी राजनीतिक दिखती है। दिल्ली की सत्ता के लिहाज से उत्तर प्रदेश विशेष अहमियत रखता है। विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाट बाहुल्य है। जाटलैंड में चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी का खासा दबदबा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में जाट समुदाय का अपना प्रभाव। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर जाट समुदाय को खुश करने की कोशिश भी हो सकती है। हम यह नहीं कहते हैं कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलना चाहिए। निश्चित रूप से उन्होंने किसानों के लिए बड़ा कार्य किया और किसान नेता के रूप में पहचान बनायीं। जयंत चौधरी ने भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का भी स्वागत किया है

भारत रत्न देश का सर्वोच्च सम्मान है। विशिष्ट क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और राष्ट्रसेवा के लिए कार्य करने के लिए जाता है। यह साहित्य, कला, विज्ञान और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए दिया जाता है। साल 2024 के लिए पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है। जिसमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। भारत रत्न की शुरूआत देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद तरफ की से गई। देश का पहला भारत रत्न शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया। अब तक 53 महान व्यक्तियों को इस सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें हाल में घोषित विभूतियां भी हैं। सभी राजनीति दलों ने भारत रत्न दिए जाने का स्वागत किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह राजनीति का विषय भी बन गया है। भारत रत्न को लेकर सवाल और राजनीति भी होती रहीं है। देश का सर्वोच्च सम्मान भी राजनीति से अछूता नहीं है। सत्ता में रहे राजनितिक दल अपने सियासत साधने के लिए ऐसा करते रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों उसी राह पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अगड़े-पिछड़े और किसानों को साधने के लिए भारत रत्न का मास्टर स्ट्रोक डाला है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जिन लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है सभी लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव के करीब होने के कारण ऐसे पुरस्कारों की घोषणा पर सवाल उठना लाजिमी है। इन पुरस्कारों के जरिए उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को साधने की राजनीति है।निश्चित रूप से भारत रत्न देश सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्व को मिलना चाहिए। लेकिन भारत रत्न को लेकर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस की सरकार में भी यहीं राजनीति हुई थीं। क्योंकि कभी-कभी राजनीति को साधने के लिए भी ऐसे पुरस्कार दिए जाते हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता की घोषणा होने वाली है। सवाल उठाना भी लाजमी है कि जब लोकसभा के आम चुनाव नजदीक हैं फिर भारत रत्न देने की क्या आवश्यकता थी। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भारत रत्न दिया जाता तो क्या बुरा हो जाता। हालांकि जिन हस्तियों को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है वे निश्चित रूप से देश के लिए सम्माननीय हैं और अपने-अपने क्षेत्र में

विशिष्ट कार्य किया है। मोदी सरकार ने अगर उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की है तो हम भी उस निर्णय की तारीफ करते हैं। लेकिन जब चुनाव नजदीक हों और सर्वोच्च सम्मान को राजनीति के दायरे में खींचा जाए उस हालत में इतने बड़े विशिष्ट सम्मान की गरिमा का भी ख्याल रखना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को देश की आर्थिक स्थिति संभालने और उदारीकरण के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। निश्चित रूप से उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को संभालने में अहम भूमिका निभाई। राव दक्षिण भारत के एक ब्राह्मण परिवार से आते हैं। नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने के पीछे एक सोची समझी रणनीति हो सकती है। क्योंकि दक्षिण भारत में भाजपा की स्थिति इतनी मजबूत नहीं है। नरसिम्हा राव को भारत रत्न देकर भाजपा एक मजबूत संदेश देना चाहती है। जहां आंध्रप्रदेश, तेलंगाना के साथ वह दक्षिण के ब्राह्मणों को साधना चाहती है। भाजपा कांग्रेस को कटघरे में भी खड़ा करना चाहती है। वह कांग्रेस से सवाल पूछना चाहेगी कि अब तक नरसिम्हा राव के योगदान के लिए भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया। अब यह एक ऐसा मसाला है जिस पर कांग्रेस खुल कर बोल भी नहीं सकती है। इस लिए इस निर्णय का सकारात्मक संदेश जाएगा। कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन भी दक्षिण से रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत रत्न का सम्मान दिया है तो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी यह सम्मान क्यों नहीं दिया जा सकता है। मनमोहन सिंह हाल ही में राज्यसभा से अपना कार्यकाल पूरा किया है। पीएम मोदी ने उनकी प्रशंसा भी किया। जबकी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, नरसिम्हा राव से बेहतर आर्थिक सुधारों पर काम किया है। मनमोहन सिंह के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अर्थव्यवस्था को बेहतर किया। शिक्षा का अधिकार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गारंटी, भूमि अधिग्रहण और मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार की गारंटी जैसी योजनाएं मील का पत्थर साबित हुई। राजनीति के गलियारे में राव को भाजपा का करीबी माना जाता रहा। यह दीगर बात है की वह अंतिम सांस तक कांग्रेस में रहे। लेकिन 1992 में जब बाबरी ढाँचा गिराया गया उस समय राव देश के प्रधानमंत्री रहे लेकिन विवादित ढाँचे की सुरक्षा करने में नाकाम रहे। उस समय उत्तर प्रदेश में कल्याण की सरकार रहीं उन्होंने सुप्रीमकोर्ट में ढाचे की सुरक्षा के लिए शपथ पत्र दिया था लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं किया। राव इसी गलती की वजह से गांधी परिवार की निगाह में अविश्वसनीय हो गए और इस घटना के बाद हमेशा हासिए पर रहे। कांग्रेस को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ा और मुसलमानों से वह दूर होती गयी।

उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले किसान नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा के पीछे भी राजनीतिक दिखती है। दिल्ली की सत्ता के लिहाज से उत्तर प्रदेश विशेष अहमियत रखता है। विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाट बाहुल्य है। जाटलैंड में चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी का खासा दबदबा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में जाट समुदाय का अपना प्रभाव। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर जाट समुदाय को खुश करने की कोशिश भी हो सकती है। हम यह नहीं कहते हैं कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलना चाहिए। निश्चित रूप से उन्होंने किसानों के लिए बड़ा कार्य किया और किसान नेता के रूप में पहचान बनायीं। जयंत चौधरी ने भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का भी स्वागत किया है। अखिलेश यादव ने भी स्वागत किया है। क्योंकि यह एक ऐसा मसला है जिस पर कोई खुलकर नहीं बोल सकता।

चौधरी को भारत रत्न देकर भाजपा ने जाटलैंड और किसानों में अपनी राजनीति फिट कर लिया है। अब जयंत चौधरी उत्तर प्रदेश में आखिलेश यादव और इण्डिया गठबंधन का साथ छोड़ एनडीए का हिस्सा होंगे। बिहार में भी ऐसा कुछ देखा गया। जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भारत देने की घोषणा हुई। दलित और पिछड़े की आड़ में बिहार की राजनीति बदल गई। नीतीश कुमार आरजेडी का साथ छोड़ भाजपा के साथ मिलकर नई सरकार बना लिया।फिर जयंत चौधरी भी इसी कदम पर तो आगे नहीं बढ़ रहे ? पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने में विलंब किया गया। आज भाजपा जिस स्थान पर है वह लालकृष्ण आडवाणी और दूसरे भाजपा नेताओं की वजह से है। राममंदिर आंदोलन को तेज गति देने के लिए लालकृष्ण आडवाणी ने ही रथ यात्रा निकाली थी। लेकिन प्रधानमंत्री वह नहीं बन पाए। अयोध्या श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रण को लेकर भी तमाम सियासी उठा पटक हुई। निश्चित रूप से आडवानी इस सम्मान के हकदार हैं। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देना गौरव की बात है। स्वामीनाथन ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हरित क्रांति के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। हालांकि किसान नेता राकेश टिकैत ने भी स्वामीनाथन को भारत रत्न देने पर खुशी जाहिर की है लेकिन स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट न लागू करने पर केंद्र सरकार पर सवाल भी उठाया है।

उन्होंने अपने बयान में कहा है कि स्वामीनाथन को भारत रत्न देने के साथ-साथ अगर आयोग की रिपोर्ट को शत प्रतिशत लागू कर दिया जाता तो किसानों के हित के लिए बड़ी बात होती। वैसे भारत के इन प्रधानमंत्रियों को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मोरारजी देसाई के साथ गुलजारीलाल नंदा भी शामिल हैं। ऐसी स्थिति में भारत रत्न सम्मान को लेकर सवाल उठते रहे हैं और इस पर राजनीति होती रही है।

कविता

सर्दी की धूप

तुम सर्दी की धूप सी,
कभी कभी घर आती हो ।
कभी अंधेरा कभी उजाला,
फिर दूर कहीं चली जाती हो ।

सुबह सबेरे राह में देखूं,
सोचूं आज तो आओगी ।
मेरी ठिठुरन बढ़ जाती है,
जब बादल में छुप जाओगी ।

मेरे नैन अबोले होकर,
तेरी ही राह तकते हैं
तुझ से हटता देख कुहासा
दिन मेरे यूं कटते हैं ।

मैं रातों में पहरा देकर,
तुझको रात बुलाता हूं
बर्फ बने चाहे ठंडी राते,
इनसे कब घबराता हूं ।

तेरे आने से जीवन है ।
ये तो सारे जानते हैं,
सूरज से जब गर्मी मिलती,
इसको सारे मानते हैं ।

संजीव

दक्षिण भारत में बढ़ रही है कमल खिलने की आशा

अशोक भाटिया

आज देश में भाजपा का परचम लहरा रहा है। उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तक भाजपा की सरकार है। पूर्वोत्तर में भी कमल खिल चुका है। उत्तर भारत के जिन राज्यों में अभी वह सत्ता में नहीं है, वहां प्रमुख विपक्षी दल है। पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही है लेकिन अभी भी भाजपा का विजय रथ दक्षिण में जाकर बार-बार रुक जा रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस बार दक्षिण विजय के लिए सारे समीकरण साध रही है। दक्षिण भारत के 6 राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में इस समय भाजपा की अपने बूते कोई सरकार नहीं है। पुडुचेरी में भी भाजपा गठबंधन के साथ सत्ता में है। गौरतलब है कि दक्षिण भारत के इन राज्यों में 130 लोकसभा सीटें हैं जिसमें से अभी केवल 29 सीटें भाजपा के पास हैं। इसमें 25 अकेले कर्नाटक से ही हैं। जबकि 2019 में चार सीट तेलंगाना में जीती थी। इससे समझा जा सकता है कि बाकी के राज्यों में भाजपा की स्थिति कैसी है। दक्षिण को प्रमुखता से लेने की एक वजह और भी है। उत्तर भारत के प्रमुख राज्यों में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा को बंपर सीटें मिली हैं। ऐसे में भाजपा इस बात का ध्यान रख रही है कि अगर यहां पर सीटें कम हों तो इसकी भरपाई दक्षिण से की जा सके। भाजपा के दक्षिण प्लान का टेस्ट कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी लगभग फेल हो गया । भाजपा के लिए दक्षिण के अपने इकलौते दुर्ग को बचाए रखने की चुनौती थी तो साथ ही यहां के नतीजों का असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ना था जहां इस साल चुनाव होने हैं। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार बड़ी उम्मीद लगाए हुए थी पर उसे विधानसभा की 8 सीटों से ही संतोष करना पड़ा । उल्लेखनीय यह है कि उसका वोट प्रतिशत पहले से डबल हो गया । यह प्रदर्शन 2024 लोकसभा चुनावों के लिए तेलंगाना में उसकी संभावनाओं को और बल दे सकता है। दक्षिण में जमीन मजबूत करने में जुटी भाजपा के लिए मुश्किल है कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भाजपा का आधार बहुत कमजोर है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में भाजपा के पास एक भी लोकसभा सीट नहीं है। वहीं, आंध्र प्रदेश और केरल में तो पार्टी का एक विधायक भी नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश में भाजपा को महज 1 फीसदी वोट मिले थे। आंध्र प्रदेश की तरह ही भाजपा के सामने तमिलनाडु में भी चुनौती बड़ी है। भाजपा की छवि हिंदूवादी पार्टी की है और तमिलनाडु द्रविड़ आंदोलन की जमीन रही है। इसके साथ ही भाजपा के लिए हिंदी पार्टी का टैग ज्यादा मुश्किल पैदा करता है। भाजपा की आहट को देखते हुए हाल के दिनों में डीएमके ने हिंदी के मुद्दे को एक बार फिर से हवा देना शुरू कर दिया है।तमिलनाडु में हिंदी पार्टी और द्रविड़ आंदोलन के मुकाबले मंदिरों के आस-पास राजनीति को लाने की कोशिश कर रही है। मंदिरों पर किसका कब्जा हो इसे लेकर भाजपा सवाल उठा रही है।

विचार

चार सौ पार के दावे का सच

प्रेम शर्मा

इंण्डिया गठबंधन में लगातार टूटफूट, नीतिश कुमार का पाला बदलना, वर्ग विशेष की मयार्दा पुरूषोत्तम को लेकर पॉच सौ सालों की प्रतिक्षा, सीसीए और 80 करोड़ को भोजन और भारत रत्न वह सच है जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान की तरह है। अब मायावती ने दलितों के नेता कांशीराम और शिवसेना ने बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग कर रही है। इनके नामो की घोषणा हो भी सकती है बशर्ते ये सब एनडीए के शामियाने में अपना राजनीतिक स्टॉल लगा लें। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। वैसे तो भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेंमत सोरने पर कसता शिंकजा तथा कई विपक्षी पाइप लाइन में रखे जाने का मामला भी चार सौ के पार की रणनीति का हिस्सा है। वैसे नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति सत्ता और कुर्सी का खेल है। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय इसके विशेषज्ञ बन चुके है। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है। विपक्ष पांच भारत रत्नों में बूझने की कोशिश मोदी के आलोचक कर रहे हैं। वैसे तो भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार जाति, धर्म, समुदाय और क्षेत्रीय दुराग्रहों से परे है और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। लेकिन इस बार दिए गए पांचो भारत रत्नों में जाति और भौगोलिक क्षेत्र के महीन समीकरण साधने का भाव भी निहित है। ऐसा पहली बार हुआ की केन्द्र सरकार ने पॉच लोगों को भारत रत्न देने की दिया। इस साल देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन और इससे पहले लाल कृष्ण आडवाणी और कपूर्री ठाकुर को भी भारत रत्न एक तीर से कई निशाने साबित होगा।

अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है। इसका कारण शायद यह भी है कि पहले के कर्णधारों ने भारत रत्नों के जरिए राजनीतिक हित साधने की झीनी कोशिश जरूर की थी, लेकिन वह उतनी शिद्दत से नहीं थी, जैसी कि इस बार दिखती है। दूसरे, जो पुरस्कार दिए गए हैं या और भी दिए जा सकते हैं, वो ठीक चुनाव के मुहाने पर हैं।इसमें शक नहीं कि लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का आंकड़ा हासिल करने के लिए भाजपा अपना एनडीए कुनबा बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही है। पहले जदयू का लौटना, अब रालोद का एनडीए में शामिल होना, पंजाब में अकाली दल को लौटाने की कवायद इसी का हिस्सा है। उधर दक्षिण में पी.वी. नरसिंहराव को भारत रत्न देने का स्वागत पूर्व सत्तारूढ़ रही भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष केसीआर ने किया है। केसीआर की पार्टी ने तीन साल पहले पी.वी. नरसिंहराव की जन्मशती धूमधाम से मनाई थी और उन्हें तेलंगाना का गौरव और भारतमाता का परम प्रिय पुत्र कहा था। तब कांग्रेस खामोश ही रही थी। महान कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देना विज्ञान प्रतिभा के सम्मान से ज्यादा तमिलनाडु की जनता को राजनीतिक संदेश देना ज्यादा है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

छात्रों को स्कैमर्स का शिकार होने से बचाने के लिए

विजय गर्ग

चीट शीट, उत्तर कुंजी और शैक्षणिक बेईमानी के अन्य रूपों का वादा करने वाले प्लेटफॉर्म। ये घोटालेबाज तनावग्रस्त और हताश छात्रों को निशाना बनाते हैं जो बेहतर ग्रेड हासिल करने के लिए शॉर्टकट की तलाश में रहते हैं। वे छात्रों को यह विश्वास दिलाने के लिए अक्सर प्रेरक तकनीकों और प्रशंसापत्रों का उपयोग करते हैं कि उनकी सेवाएँ वास्तविक और विश्वसनीय हैं। एक बार जब छात्र घोटाले में फंस जाते हैं और इन अवैध सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं, तो उन्हें या तो पूरी तरह से बेकार सामग्री मिलती है या कुछ भी नहीं मिलता है। घोटालेबाज गायब हो जाते हैं, जिससे छात्रों को धोखा मिलता है और उनके पास कोई सहारा नहीं रह जाता है।

ये फर्जी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस धोखाधड़ी को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। घोटालेबाज ऐसे खाते और पेज बनाते हैं जो वैध प्रतीत होते हैं, अक्सर लोकप्रिय शैक्षिक संसाधनों या अध्ययन समूहों की नकल करते हैं। वे छात्रों के व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया एल्गोरिदम और लक्षित विज्ञापन का उपयोग करते हैं जो उनके भ्रामक वादों के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, घोटालेबाज पहचान और जवाबदेही से बचने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गुमनामी और नियमों की कमी का फायदा उठाते हैं। अधिकारियों के लिए इन घोटालेबाजों को ट्रैक करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है, खासकर यदि वे विभिन्न न्यायालयों से काम करते हैं या अपनी पहचान की सुरक्षा के लिए एन्क्रिप्शन टूल का उपयोग करते हैं। इन घोटालों का शिकार होने से खुद को बचाने के लिए, छात्रों को सतर्क रहना चाहिए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें अत्यधिक लुभावने प्रस्तावों, संदिग्ध प्रशंसापत्रों, या उन सेवाओं के लिए भुगतान अनुरोधों से सावधान रहना चाहिए जो सच होने के लिए बहुत अच्छे लगते हैं। स्रोत की विश्वसनीयता की पुष्टि करना, विश्वसनीय व्यक्तियों से सिफारिशें मांगना और प्रतिष्ठित शैक्षिक संसाधनों पर भरोसा करने से छात्रों को इन घोटालों का शिकार होने से बचने में मदद मिल सकती है।

गरिमा खोता देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न'

तनवीर जाफरी

देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' का वितरण जितना इस बार विवादों में है उतना पहले कभी नहीं रहा। निश्चित रूप से पूर्व की सरकारों ने भी कई ऐसी हस्तियों को इस सर्वोच्च अलंकरण से नवाजा जिनकी विचारधारा पूर्व की सरकारों से मेल खाती थी। परन्तु लोकसभा के आम चुनावों से ठीक पहले देश का इस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' का वितरण कम से कम 'रेवड़ियों ' की तरह तो कभी नहीं किया गया। 'भारत रत्न' दिये जाने से सम्बंधित निदेर्शावली में भारत सरकार द्वारा स्वयं यह नियम बनाया गया है कि एक वर्ष में अधिकतम केवल तीन हस्तियों को ही यह सम्मान दिया जा सकता है। 1954 में जवाहर लाल नेहरू के शासनकाल के दौरान जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के कार्यकाल में भारत रत्न देने की शुरूआत की गयी थी उस समय भी प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन जैसी तीन विशिष्ट हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। परन्तु एक ही वर्ष में नियम के विरुद्ध जाकर पांच पांच 'भारत रत्न' घोषित किये जाने का कोई इतिहास नहीं मिलता। बेशक यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न किसे दिया जाना चाहिए इसकी कोई खास योग्यता,परिभाषा या पैमाना निर्धारित नहीं है। परन्तु माना यही जाता है कि अलग अलग क्षेत्रों में देश के लिए सेवा करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले अति विशिष्ट लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाता है। अति विशेष परिस्थितियों में यह पुरस्कार विदेशी नागरिकों को भी दिया जा सकता है। 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनी थी उस समय तो सरकार ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को स्थगित ही कर दिया था। कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू,डॉ राजेंद्र प्रसाद,इंदिरा गाँधी,पी डी टंडन,लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गाँधी,मदर टेरेसा,खान खान अब्दुल गफ़्फार खान,सरदार वल्लभ भाई पटेल,नेल्सन मंडेला,जे आर डी टाटा,ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे,लता मंगेषकर,पंडित रवि शंकर,भीम सेन जोशी,शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं।

आपकी सुरक्षा आपके हाथ

शहर छोटे हों या बड़े अपराध की दर सभी में बढ़ रही है। यही कारण है कि आजकल शहरों में सिक्युरिटी का धंधा तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन हर कोई तो अपने घर के बाहर हथियारधारी सिक्युरिटी गार्ड नहीं खड़ा कर सकता। सवाल है ऐसे में अपनी सुरक्षा, विशेषकर घरों में रहने वाली महिलाएँ कैसे करें?

अगर आप रहती हैं फ्लैट्स में :

- फ्लैट के बाहरी दरवाजों की मजबूती की जाँच कर लें। दरवाजे अच्छी क्वॉलिटी के मटीरियल से बने हों यह सुनिश्चित करें। दरवाजे में अच्छी कंपनी का ऑटोमेटिक लॉकिंग सिस्टम लगा हो।
- कुछ लोग अपने घर को स्टाइलिश लुक देने के लिए बिना ग्रिल वाली खिड़कियाँ भी लगवाते हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से यह अनुचित है क्योंकि इससे बच्चों के नीचे गिरने का खतरा रहता ही है, साथ ही खिड़की से कोई भी आपके घर के भीतर आसानी से पहुँच भी सकता है।
- सुनिश्चित करें कि फ्लैट के बाहर हमेशा अच्छी प्रकाश व्यवस्था हो। दरवाजे और सीढ़ियों के पास लाइट रात भर जलती हुई छोड़ दें। घर के बाहर की लाइट का स्विच आपके घर के भीतर होना चाहिए।
- अपने दरवाजे में मैजिक आई और चेन लॉक जरूर लगवाएँ ताकि कॉलबेल बजने पर आप आगंतुक को भीतर से पहचानने के बाद ही दरवाजा खोलें।
- रात को पैसेज में जीरो वॉट का बल्ब या सीएफएल जरूर जलने दें। अगर आप घर बंद करके कहीं बाहर जा रही हैं तो ड्राइंग रूम की लाइट जलती छोड़ दें। अगर लंबी छुट्टियों में कहीं बाहर जा रही हैं तो अपने निकटतम पड़ोसी और अपार्टमेंट के सिक्युरिटी गार्ड को इस बात की जानकारी जरूर दें कि आप कहाँ और कितने दिनों के लिए जा रही हैं, साथ ही उनसे अपने घर का विशेष रूप से ध्यान रखने को कहें।
- बाहर जाते वक्त अपनी बालकनी में कुछ पुराने कपड़े इस तरह फैला दें कि लगे कि वे सूखने के लिए फैलाए गए हैं, ताकि यह देखकर किसी अजनबी को इस बात की भनक न लगे कि आपके घर में कोई नहीं है।

रहती हों अगर बँगले में :

- आपके घर में लोहे का मजबूत गेट होना चाहिए, जिसकी ऊँचाई कम से कम साढ़े पाँच फुट हो, गेट के ऊपरी सिरे पर नुकीली भालेनुमा आकृति बनी हो ताकि कोई उस पर चढ़कर घर के भीतर न घुस सके। गेट में ऐसा लॉक लगा होना चाहिए जिसे सिर्फ अंदर से ही खोला जा सके। दूसरे दरवाजे और उनका लॉकिंग सिस्टम भी मजबूत होना चाहिए।
- बँगले की चहारदीवारी बहुत मजबूत होनी चाहिए और उसकी दीवारों के ऊपरी हिस्से पर लोहे के काँटेदार तारों का घेरा बना हुआ होना चाहिए ताकि कोई चोर आसानी से आपके घर की चहारदीवारी लाँघ न सके।
- अगर प्रकृति प्रेमी हैं तो दीवारों की बजाय बोगनवेलिया और जंगली गुलाब जैसी काँटेदार झाड़ियों से भी अपने घर की फेंस तैयार कर सकती हैं। इससे घर अवांछित तत्वों से तो सुरक्षित रहेगा ही इसके अलावा घर के आसपास की हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता भी बढ़ जाएगी।

अगर रहती हैं फार्म हाउस में :

- मुख्यद्वार के बाहर गार्ड रूम होने के साथ-साथ क्लोज सर्किट कैमरे की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए ताकि अगर अपराधी या अनधिकृत व्यक्ति आपके घर के भीतर घुसने की कोशिश कर रहा हो, तो उसे आसानी से पहचाना जा सके।
- कुक, आया, ड्राइवर और माली आदि को नियुक्त करते समय उनका पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाना चाहिए।
- फार्म हाउस में घर के भीतरी इलाके में सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम की व्यवस्था रखें और रात को सोने से पहले इससे अपने घर को बंद कर दें। इससे एक ही रिमोट से पूरे घर के सभी दरवाजे लॉक हो जाते हैं, जिन्हें कोई दूसरा बाहर से नहीं खोल सकता।
- आपके घर में इमरजेंसी अलार्म सिस्टम होना चाहिए, जो आपके गार्ड रूम और पड़ोसियों के घर से जुड़ा हो ताकि आकस्मिक स्थिति में जब आप अलार्म का बटन दबाएँ तो लोग आपकी मदद के लिए आ सकें।
- पॉवर बैकअप की भी पूरी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि कभी आकस्मिक रूप से बिजली चली जाए तो आपके घर की सुरक्षा को कोई खतरा पैदा न हो।

दलिया पुलाव

सामग्री : दलिया 1 कटोरी, अंकुरित मूँग 1 कटोरी, चौकोर टुकड़ों में कटा पनीर 50 ग्राम, बींस कटी 1 छोटी कटोरी, गाजर कटी 2, कटी हरीमिर्च 2, कटा टमाटर 1, कटी पालक 1 छोटी कटोरी, कटा फूलगोभी 1 कटोरी, तेल 1 टी स्पून, जीरा 1/4 चम्मच, हल्दी पावडर 1/2 चम्मच, नमक स्वादानुसार।

विधि : सूखी कड़ाही में दलिया भूनें। प्रेशर कूकर में तेल गरम करें, जीरा चटकाकर हल्दी पावडर डालें। अब सभी सब्जियाँ व नमक डालकर अच्छी तरह चलाएँ। पानी डालकर कूकर में दो सीटी आने तक पकाएँ। गरमा-गरम दलिया अचार के साथ सर्व करें।

जहाँ इंसानी रिश्ते सहेजे जाते हैं

हम चाहे जितना रुपया कमा लें, संपत्ति बना लें, दौड़ में थकने के बाद रिश्तों की गरमाहट का संबल सभी के लिए जरूरी हो जाता है। आखिर हमारी समृद्धि कोई देखने वाला तो हो, हमारी प्रसिद्धि की कोई तारीफ करने वाला तो हो... और ये सब हमें तभी मिलेगा, जब हम स्वयं हाथ बढ़ाएँगे छोटे-बड़े रिश्तों को सहेजने को।

आज जहाँ आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में लोग रिश्तों की अहमियत भूलते जा रहे हैं, रिश्ते अपना महत्व खोते जा रहे हैं, केवल फायदों की राजनीति देखते हुए रिश्ते बनाए या बिगाड़े जा रहे हों, वहाँ कुछ परिवार न केवल रिश्तों को बनाए रखने में यकीन करते हैं, वरन् अपने स्नेह, त्याग व अनथक प्रयासों से भरसक रिश्तों की गरमाहट को सालों सहेजते रहते हैं।

हंसा आठ वर्ष की एक प्यारी-सी बच्ची है। चार वर्ष पहले उसकी माँ की दुर्घटना में मौत हो गई। माँ की मौत के सदमे से एक वर्ष बाद ही उसके पिता भी चल बसे- 'लड़की की जात है- कौन सम्हाले' कहकर करीबी रिश्तेदारों ने हाथ झटक लिए- ऐसे में आगे आई हंसा की माँ की करीबी सहेली जो अविवाहित थी। उसने विधिवत हंसा को गोद ले लिया और अपने बच्चे से भी बढ़कर देखभाल की उसकी। आज हंसा के दिमाग में माँ की स्मृति तक धूमिल हो चुकी है- उसे याद है उसकी नई माँ...

प्रणव के विवाह को पाँच वर्ष हो गए थे। पत्नी की अकाल मृत्यु हो गई। प्रणव के जीवन का एकमात्र सहारा था उसका बेटा 'प्रांशु'। 'सौतेली माँ' की भयावह कल्पना के चलते प्रणव कई वर्षों तक दूसरे विवाह के बारे में सोच भी न पाया। फिर अचानक उसे मीता पसंद आ गई- हालाँकि 'प्रांशु' को लेकर डर अभी भी था। ऐसे में मीता ने सारी परिस्थिति को सहृदयता से समझा, प्रांशु को अपनापन दिया। प्रांशु को ही बेटा मानकर अपनी संतान को जन्म देने का विचार भी उसने त्याग दिया... आज 'प्रांशु' कॉलेज में है और मीता... उसके लिए दुनिया में सबसे अच्छी माँ है।

जैन साहब का दुनिया को देखने का तरीका और भी निराला है। वे इस दुनिया में अकेले हैं, ईश्वर की दया से रुपया और स्वास्थ्य दोनों ही वरदान के रूप में साथ हैं। उनके यहाँ पढ़ने आने वाले बच्चों का 'मेला' लगा रहता है। जैन साहब की सभी रिश्तेदारों से प्रार्थना रहती है कि उनके शहर में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चे उनके घर में ही रहें। रिश्तेदारों को भला क्यों आपत्ति हो, उनके बच्चों को जैन साहब का स्नेह व अनुशासन भरा मार्गदर्शन मिलता है और जैन साहब का अकेलापन दूर हो जाता है। 'दुनिया में आए हैं, तो इतना प्यार बाँटना चाहिए कि आपके जाने के बाद कुछ लोगों की आँखें आपको याद कर बरसती रहें...' जैन साहब के जीवन का ये सीधा-सा समीकरण है, जो उन्हें बुढ़ापे में भी ऊर्जावान बनाता है।

वास्तव में मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और रिश्तों की उसे सतत आवश्यकता होती है! चाहे ये रिश्ते दोस्ती के हों, पहचान के हों या खून के। आजकल नौकरी-व्यापार के सिलसिले में परिवार एक छोर से दूसरे छोर तक बिखरते जा रहे हैं, आपसी संपर्क भी लगभग समाप्त होते जा रहे हैं। ऐसे में अगली पीढ़ी के बच्चे तो शायद अपने रिश्तेदारों-भाई-बहनों से पहचान भी न बना पाएँ... हम चाहे जितना रुपया कमा लें, संपत्ति बना लें, दौड़ में थकने के बाद रिश्तों की गरमाहट का संबल सभी के लिए जरूरी हो जाता है। आखिर हमारी समृद्धि कोई देखने वाला तो हो, हमारी प्रसिद्धि की कोई तारीफ करने वाला तो हो... और ये सब हमें तभी मिलेगा, जब हम स्वयं हाथ बढ़ाएँगे छोटे-बड़े रिश्तों को सहेजने का, उनमें स्नेह-विश्वास को सिंचित करने का... और बड़ा सरल सा उपाय है इन्हें सहेजने का। यह है संपर्क। फिर आज की संचार क्रांति ने तो संपर्क इतना आसान बना दिया है। तो क्यों न हम भी अपनाएँ इसे और ले आएँ रिश्तों में प्रगाढ़ता...।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। घर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्व निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अव्यवस्थापूर्ण कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे। शुभांक-5-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से सम्मान का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

काकुरो पहेली - 1985



खाली खानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे खानों की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः प्रयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1+2=3
1+3=4
7+9=16
8+9=17

काकुरो - 1984 का हल

हंसी के फूव्वारें

एक सखी-मेरे पति प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन करवाते हैं.

दूसरी- हां बहन, ऐसे देवता स्वरूप लोग होते ही कितने हैं. वैसे वे करते क्या हैं?

पहली सहेली-वे होटल में वेटर हैं.

□ □ □

प्रबन्धक-फिलहाल मैं तुम्हें हजार रुपये महीना दे सकता हूं. छह महीने बाद बारह सौ दूंगा.

प्रत्याशी-ठीक है मैं छह महीने बाद ही आ जाऊंगा.

□ □ □

मां ने दूध में डबलरोटी खाने को दी. थोड़ी देर में बालक रोने लगा तब मां ने पूछा, 'क्यों क्या हुआ? रो क्यों रहे हो?'

बालक ने रोते हुए कहा, 'सारा दूध तो डबलरोटी पी गई मैं क्या पिऊं?'

□ □ □



अपने पिता के साथ चिड़ियाघर देखते हुए बच्चा शेर के पिंजरे के सामने आकर सोचने लगा. बाप ने कारण पूछा तो बच्चे ने कहा, 'कुछ नहीं पिताजी, मैं सोच रहा था कि अगर शेर ने पिंजरे से निकलकर आपको खा लिया तो मैं कौन से नम्बर की बस में घर जाऊंगा.'

□ □ □

पत्नी-तुमने अपना वादा तोड़ दिया.

नेता-कोई बात नहीं जल्दी ही नया वादा कर लूंगा.

फिल्म वर्ग पहेली- 1985

बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अमित, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सावन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना मलन से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
१५. शाहरुख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-३
२२. 'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारिक फिल्म-१
२५. 'मी बावली का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, फिरोज, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'तुमसे' में सलमान के साथ करिश्मा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ऐश्वी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-२
५. 'जाते जाते मैं जली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'सो ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश में और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फराह की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुशकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेन्द्र, फराह, जयप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1984

सूडोकु -1985

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1984 का हल



5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

शब्द पहेली - 1985

बाएँ से दाएँ

1.सकल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता है-4
23.निकृष्ट,अल्पता-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

ऊपर से नीचे

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लजाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

शब्द पहेली - 1984 का हल

न्यूज फ्लैश

औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी के सुपरवाइजर की जांघ में गोली मारी

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में दो युवकों ने सुपरवाइजर की जांघ में गोली मारकर घायल कर दिया। आरोप है कि युवकों ने सुपरवाइजर से बाइक छीनने की कोशिश की थी। घायल को दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल के बयान पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव थनेड़ा उत्तर प्रदेश के जिला शामली हाल में गांव जांटी कलां निवासी अंकित ने बताया कि वह राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में सुपरवाइजर है। वह शनिवार रात को फैक्टरी से छुट्टी के बाद गांव जाटी कलां जा रहे थे। जब वह निफ्टम चौक कुंडली के पास पहुंचे तो उनके भाई की कॉल आ गई। जिस पर वह बाइक को साइड में रोककर भाई से बात करने लगे। जब वह बातचीत कर मोबाइल को जेब में डालने लगे तो दो युवक आ गए। एक युवक ने उसके सामने पिस्तौल तान दी। वह उनसे बाइक की चाबी छीनने का प्रयास करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो एक आरोपी ने उनके पैर में जांच के पास गोली मार दी। गोली पैर के आरपार निकल गई। जिससे वह वहीं गिर गए। इसी बीच गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर उनकी तरफ आए। उन्होंने घायल को दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिशचंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भीमराव आंबेडकर अस्पताल दिल्ली रेफर कर दिया। कुंडली थाना पुलिस ने उनके बयान पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी एसआई रविंद्र कुमार ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मथुरा में तस्कर से 3 लाख 70 हजार की स्मैक पकडी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

पुलिस ने एक एक तस्कर को 37 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 3 लाख 70 हजार रुपये है। थानाध्यक्ष जैत अजय वर्मा ने बताया कि राधाकुण्ड छटीकरा रोड माइनर पुलिया के पास वहद थाना क्षेत्र जैंत से अभियुक्त महेन्द्र शर्मा उर्फ धौनी पुत्र जोगेन्द्र शर्मा निवासी मोहल्ला नारायण बिहार गोला का मंदिर थाना गोला का मंदिर जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 37 ग्राम स्मैक नशीला पदार्थ नाजायज बरामद हुआ। एनडीपीएसएक्ट के तहत थाना जैत पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

अनिश्चितता के गलियार में मथुरा में विपक्ष की राजनीति

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

एक फैसले से मथुरा की राजनीति एक ध्रुवीय हो गई है। रालोद के भाजपा के साथ जाने के फैसले के बाद विपक्ष की राजनीति मथुरा में अनिश्चितता के गलियार में झूल गई है। रालोद के नेता सांस थाने बैठे हैं और कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। वही विपक्ष को नए शिरे से रणनीति तय करनी होगी। अभी रालोद की ओर से भाजपा के साथ जाने की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन एक तरह से यह मान लिया गया है कि रालोद भाजपा के साथ चला गया है। भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा से लेकन विधान सभा और जिला पंचायत तक पर कब्जा है बावजूद इसके रालोद के पास जनाधार था और लगातार रालोद इसका प्रदर्शन भी करती रही है। हालांकि रालोद के अंदर भी बैचेनी कम नहीं है और भाजपा के अंदर भी बेचैनी है। विपक्ष में बैठीं सपा, बसपा, कांग्रेस और आप जैसे राजनीतिक पार्टियां में सक्रिय नेता और कार्यकर्ता भी बैचेन हैं। टिकट के दावेदार सामने नहीं आ रहे हैं। कार्यकताओं के मनोबल पर इसका असर पड़ रहा है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि किसी भी चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक गलियारों में बेचैनी होती है लेकिन यह बैचेनी अपने आप में अलग है। यहां जोर अजमाईश से ज्यादा देखो और इंतजार करो के लिए नेता मजबूर हैं। किसी को ठीक से यह नहीं पता है कि उन्हें चुनावों में किस तरह से और इस भूमिका में रहना है। इसी के चलते राजनीतिक दलों के स्थानीय नेताओं ने बयान बाजी भी बंद कर दी है और कोई कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

कारतूस के साथ युवक पकडा

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

थाना बलदेव पुलिस ने एक युवक को दो जिंदा कारतूसों के साथ सहित किया है। अभियुक्त आमिर खांन पुत्र उस्मान खान निवासी इस्लामनगर कैलास रोड कस्बा व थाना बल्देव मथुरा को 315 बोर के दो जिन्दा कारतूसों सहित हथकोली रोड से गिरफ्तार किया गया।

इंटरनैशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रयास स्कूल ने ओवरआल ट्राफी जीती

चैंपियनशिप

8 - मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया

प्रयास इंटरनैशनल स्कूल गन्नौर के खेल परिसर में प्रयास इंटरेक्ट क्लब द्वारा प्रथम इंटरनैशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें सोनीपत ,पानीपत के विभिन्न स्कूलों एवं खेल अकादमी के लगभग 156 प्रतिभागियों में भाग लिया।

चैंपियनशिप का शुभारम्भ मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी सीमा देशवाल ने शिरकत की। रोटरी क्लब गनौर के प्रधान राजेश जैन, कैशियर संदीप जैन ,राकेश सिंधवानी, संजीव गुप्ता , डॉ.मनोज ,प्रयास स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मलिक ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हुए उन्हें अच्छी खेल भावना से खेलने के लिये प्रेरित किया। कादियान ने प्रयास स्कूल के छात्रों द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने पर सराहना की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी स्कूल के खिलाड़ी अन्य खेलो में बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन कर रहे है। जो बड़े गर्व की बात है।

आज की प्रथम इंटरनैशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप, ओवरऑल ट्रॉफी प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के ग्रुप को, रनर्स अप की ट्रॉफी कैडिट पुमसे टीम बागपत उतरप्रदेश को, थर्ड पोजिशन की ट्रॉफी सरस्वती स्कूल असावरपुर को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व रोटरी क्लब के प्रधान ने दी।

श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की सभी कार्यकारिणी भंग

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर कानूनी लडाई लड रहे श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास ने संगठन को नए शिरे से व्यवस्थित करने और कर्मठ लोगों को दायित्व सौंपने की प्रक्रिया शुरू की है जिससे इस लडाई को संगठित तरीके से और निर्णायक रूप से लडा जा सके। न्यास के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक ने बताया कि न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तत्काल प्रभाव से भी कार्यकारणीयों को भंग किए जाने की घोषणा की है। राष्ट्रीय महामंत्री संगठन अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की राष्ट्रीय, प्रदेश व जनपदीय स्तर की समस्त कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दी गई हैं एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए ओर सक्रिय लोगों को दायित्व दिए जाएंगे। नई कार्यकारिणी की घोषणा एक सप्ताह के अंदर कर दी जाएंगी।

कार्यकारिणी को व्यवस्थित करने का फैसला लिया गया है। जिससे कर्मठ और ऊजार्वान कार्यकताओं को संगठन में समायोजित किया जा सके। न्यास का फैलाव समूचे भारतवर्ष में हो रहा है और लगातार लोग न्यास से जुड रहे हैं। जिसके चलते संगठनात्मक संरचना को नए शिरे से सुसंगठित करने का निर्णय लिया गया है।

एक्सप्रेसवे पर हादसे में सिपाही की मौत

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

यूपी पुलिस में तैनात सिपाही छुट्टी पर घर लौट रहा था। घर से कुछ दूरी पर ही वह हादसे का शिकार हो गया। सिपाही के घर पहुंचने से पहले उसकी मौत की सूचना पहुंच गई, इससे परिवार में कोहराम मच गया और पूरा गांव शोक में डूब गया।

थाना महावन अंतर्गत एक्सप्रेस वे पर शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कानपुर में तैनात कांस्टेबल मोरध्वज निवासी गांव बहादुरपुर, कारब की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थानाध्यक्ष आशा रानी चौधरी ने बताया कि कारब महावन निवासी कांस्टेवाल मोराध्वज वर्तमान में कानपुर नगर पनकी थाना क्षेत्र में यूपी 112 पर तैनात था। वर्ष 2018 बैच का सिपाही था। शनिवार को छुट्टी पर घर आ रहा था, तभी एक्सप्रेस वे पर किसी अज्ञात वाहन द्वारा माइलस्टोन 115 पर

यमुना एक्सप्रेस वे पर टक्कर मार दी। इसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को एंबुलेंस से पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। बताते चलें कि मोरध्वज की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात व 15 हजार रुपये ले गए चोर

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

शहर थाना क्षेत्र के मयूर विहार में स्थित मकान से सोने-चांदी के जेवरात व हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

मयूर विहार निवासी मनीता ने बताया कि गत 9 व 10 की रात को मकान के ऊपर वाले कमरे में सो रही थी। नीचे वाले कमरे में उसकी सास सो रही थी। उसकी सास ने कमरे में रखा सामान बिखरा हुआ पाया। सूचना मिलने पर वह नीचे पहुंचे।

जिन बूथों पर 70 फीसद से अधिक मतदान होता है वहां रहेगी पैनी नजर

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

गोवर्धन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा रहेगी। इसके इन जगहों पर सेंट्रल पुलिस फोर्स की तैनाती होगी तो निगरानी के लिए स्टैटिक व माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं। जिससे सकुशल चुनाव संपंन्न हो सके। थाना गोवर्धन परिसर में एसडीएम मयंक गोस्वामी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर एसडीएम मयंक गोस्वामी ने संवेदनशील, सामान्य श्रेणी के बजाय वल्नरेबल, क्रिटिकल श्रेणी के मतदान केंद्रों का चयन किया है।

इस श्रेणी के गोवर्धन विधानसभा में बूथ चिन्हित किए गए हैं। क्रिटिकल की संज्ञा ऐसे मतदान केंद्रों को दी गई है। जहां 70 फीसद से अधिक पूर्व में मतदान हुआ हो, या लड़ाई झगड़ा होता रहा हो, इसको चिन्हित करके यह देखा जाएगा कि कहीं यहां जानबूझकर अधिक मतदान तो नहीं कराया गया। वहीं बल्नरेबल मतदान केंद्र को इस लिहाज से शामिल किया गया, जहां पर कोई दबंग व्यक्ति, समुदाय विशेष का दबदबा व कोई कारक प्रभावित रहा हो। ऐसे ही व्यक्ति को चुनाव से पहले पुलिस गुंडा एक्ट में चालान करती है। इस बाबत एसडीएम गोवर्धन ने बताया कि क्रिटिकल व बल्नरेबल मतदान केंद्र चिन्हित है।

दलित व पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा : राजकुमार सैनी

सम्मेलन

8 देश में लोकसभा के चुनाव ईवीएम पर न करवा कर बेल्ट पेपर पर करवाए : वामन मेश्राम

सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल/टीम एक्शन इंडिया

पानीपत, कमाल हुसैन लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने ऐलान किया है कि जब तक दलित व पिछड़ा वर्ग को उनके अधिकार संविधान के अनुसार नहीं मिल जाते तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। सैनी आज यहां सनौली रोड स्थित सब्जी मंडी के प्रांगण में ओबीसी, एससी एवं

अल्पसंख्यक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी एससी व पिछड़ा वर्ग के हकों की अनदेखी हुई है तब तब उन्होंने पद त्यागे हैं। तीन बार वह पद छोड़ चुके हैं। उनके लिए पद मायने नहीं रखते। एससी व पिछड़ा वर्ग के 85 प्रतिशत होने के बावजूद भी उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। बड़ी राजनीतिक पार्टियां उनके साथ धोखा कर रही हैं। उन्होंने 100 प्रतिशत आरक्षण की मांग करते हुए कहा कि जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी के अनुसार आरक्षण होना चाहिए। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने हकों के लिए लड़ाई लड़े। बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान में दिए गए अधिकारों को पाने के लिए शोषण करने वाली बड़ी राजनीतिक पार्टियों से किनारा करें। अपनी जमीर को जगाने का काम करें। जिसकी जमीर मर जाती है वह खुद ही मर जाता है। मैं सुख चैन छोडकर आपकी हकों की लड़ाई के लिए सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार हूं। मैंने कभी भी किसी जाति का आरक्षण देने के लिए विरोध नहीं किया। मैं तो चाहता हूं कि सभी जातियों को उनकी संख्या के अनुसार आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक एक मंच पर आकर आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को विजय बनाएं। जब तक राजनीति में आगे नहीं आएंगे तब तक उन्हें अधिकार मिलने वाले नहीं हैं।

. बहालगढ़ में दुकानदार को गोली मारकर लूट ले गए 90 हजार रुपये

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के मेरठ रोड पर दुकानदार को गोली मारकर हजारों रुपये की राशि के लूटने व सीसीटीवी की डीवीआर चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। बाइक सवार तीन बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

बहालगढ़ निवासी राजेश ने बताया कि उसकी मेरठ रोड पर रजनीश इंनटरप्राईस के नाम से एंजेसी कर रखी है। वह गत 10 फरवरी को अपनी दूकान पर बैठा हुआ था। दुकान पर उसका नौकर शांति स्वरूप भी मौजूद था। करीब 8.30 बजे तीन लड़के जिन्होंने हेल्मेट पहन रखा था। उसकी दुकान पर पहुंचे। एक युवक ने उसकी कनपटी व दूसरे ने उसके नौकर की कनपटी पर पिस्तौल रख दी। उसके बाद उन्हें अंदर कैबिन में लेकर चले गए। उसे कहा कि दुकान में लगी सीसीटीवी की डीवीआर कहा है। उसके नौकर को नही जानकारी थी कि डीवीआर क्या होती है। तो उसे पीटने लगे। उसका फोन भी छीन लिया। उसके साथ भी छीनाझपटी करने लग गए। इस दौरान उसका पर्स नीचे गिर गया। पर्स के अंदर कुछ रुपये व कागजात रखे हुए थे। बदमाश दिन भर की कलेक्शन करीब 90 हजार रुपये उसके बैग में रखे हुए थे। उसे लेकर जाने लगे। उसने विरोध कि तो उस पर गोली चला दी। गोली उसके कंधे में जा लगी। उसके बाद बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

आरके मिशन में तीमारदारों की सुरक्षाकर्मी से हुई झड़प

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन अस्पताल में उस समय अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो गया। जब एंट्री को लेकर सुरक्षा गार्ड और तीमारदारों में विवाद हो गया। गार्ड ने तीमारदारों से एंट्री पास मांगा, तो तीमारदारों की सुरक्षा गार्ड से कहा सुनी हो गई। कुछ देर बाद बहस इतनी बढ़ गई कि तीमारदारों ने सुरक्षा गार्ड पर हमला कर दिया। जिससे सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। अस्पताल के एंट्री गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड रामेश्वर ने बताया कि एक मरीज से मिलने आए तीमारदार जब गेट से अन्दर जा रहें थे। तभी वहां मैं और मेरे साथी कर्मी बलदेव ने जब तीमारदारों से अंदर जाने के लिए अस्पताल द्वारा जारी एंट्री पास मांगा, लेकीन उन पर एंट्री पास ना होने के कारण अंदर नहीं जानें दिया। इस पर मरीज से मिलने आए तीमारदारों ने वही पास रखे स्टूल से सुरक्षाकर्मी बलदेव को घायल कर दिया।

भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

पुण्यतिथि

8 भारतीय जनता पार्टी ने रविवार सुबह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर स्मरण किया।

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार सुबह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण किया। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ता डैंपियर नगर स्थित दीनदयाल पार्क पहुंचे और पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा

पर माल्यार्पण किया। इस से पूर्व कार्यकताओं ने पार्क में सफाई अभियान चलाया।

महानगर अध्यक्ष ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल प्रखर राष्ट्रवादी और वंचितों के अधिकारों के रचना पुंज थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता। महानगर महामंत्री राजू यादव ने कहा कि जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित दीनदयाल के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेंगे।

होली गेट मंडल अध्यक्ष यशराज चतुवेर्दी ने नमन करते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता थे।इस अवसर पर पार्षद तरुण सैनी, हनुमान पहलवान, युद्धपाल माहौर, गौरहरी अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अखिलेश गौतम, छोटेलाल सैनी, मृदुल चतुवेर्दी, शशांक अग्रवाल, नितिन चतुवेर्दी, अभिषेक चतुवेर्दी, उत्तम सिंह जाटव, अनिल गोला, कारे लोधी, गिरीश कमल, यश गौतम, लक्ष्मण पाल, कृष्ण मोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

भाजपा-जजपा सरकार ने जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग का बंटाधार किया है: सचिन

पानीपत, कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया

इस अभियान के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों और योजनाओं को लोगों के साथ साझा कर कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र वितरित किए। घर-घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस अभियान तहत लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और वे अपने क्षेत्र के उन्नति और विकास में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित हो रहे है।

आप सभी बड़े-बुजुर्गों, नौजवान साथियों व माताओं-बहनों से मिले आशीर्वाद, मान-सम्मान व स्नेह का मैं तहेदिल से आभारी हूं। आप सभी का यह स्नेह और सम्मान ही मुझे ऊर्जा देने का काम करता है।

आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण के समस्त गांवों व कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। देश भाजपा से पिछले 10 सालों का हिसाब-किताब मांग रहा है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले भाजपा श्वेतपत्र का बहाना लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। भाजपा वाले चाहे जितना झूठ बोल लें, लेकिन आंकड़े झूठ नहीं बोलते।जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर एकबार फिर से प्रदेश को खुशहाली व विकास की राह पर लौटाया जायगा।

बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100ग्र100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, मनरेगा मजदूरों को पक्का करेंगे। कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर लोगों को पोर्टल के झंझटों से छुटकारा दिलाकर उनका हक दिलाएंगे।

पानीपत ग्रामीण के सभी गांवों में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। टूटी हुई सड़कों, खड्डे, सीवरेज, बंद नालियों, रास्तों पर भरा पानी, जगह जगह लगे गंदगी के ढेर जैसी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में सभी को सम्मान अधिकार दिए जायेंगे।

हमारी लड़ाई ऐसी शातिर सरकार से है जिसके पास धनबल, सत्ताबल, तंत्रबल, मिडियाबल की कोई कमी नहीं है। हमारे पास अगर कुछ है तो आपका दिया हुआ हौसला है। हमारा हौसला बढ़ाने में कोई कसर मत छोड़ना।

शोपियां में आतंकवादियों से लोहा लेने वाले लक्ष्मी नारायण सेना मेडल से सम्मानित

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

छाता क्षेत्र के गांव लाडपुर निवासी लक्ष्मी नारायण अधाना को आतंकवादियों से लोहा लेने और उन्हे मार गिराने के लिए शनिवार को सेना मेडल से सम्मानित किया गया है। भारतीय सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात लक्ष्मी नारायण अधाना को वर्ष 2019 में जम्मू कश्मीर के शोपियां और पुलवामा में तैनात किया गया था । जहा उन्हे अपनी इस टर्नओवर के दौरान लगभग 40 आतंक विरोधी अभियानों में हिस्सा लिया और उनकी टीम के द्वारा लगभग 110 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

अक्टूबर 2022 को उनकी टीम को पुलवामा के एक गांव में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली और खोजी अभियान चलाया गया।

तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने उनके ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर भागने का प्रयास किया। उनकी फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब देते हुए सिपाही लक्ष्मी नारायण अधाना ने एक आतंकवादी को भागते हुए मार गिराया और बाद में उनकी टीम के द्वारा कुल तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया।

RBI के डिप्टी गवर्नर ने चेताया, कहा- AI से पैदा होने वाले खतरों सचेत रहें बैंक

नई दिल्ली.(एजेंसी) बैंकिंग क्षेत्र और इससे जुड़े लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से पैदा होने वाले कानूनी, साइबर जोखिमों और कौशल की कमी जैसे जोखिमों के प्रति सचेत रहना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि एआई और जेनएआई को अपनाने के साथ कानूनों को फिर से परिभाषित किया जाना है।

उद्योग को यह ध्यान देना चाहिए कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम के नियम जल्द ही आने वाले हैं और हो सकता है कि बैंक इनमें से कुछ का उल्लंघन कर दें। इसलिए तैयारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुंबई में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के द्वारा आयोजित 19वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन में कहा कि बैंकों को ग्राहक सुविधा के बारे में सोचने और उसके अनुसार सेवाएं देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम जब नियम बनाते हैं, तो हमें इसे ग्राहकों के लिए सुविधाजनक बनाने के बारे में सोचना चाहिए और इसमें लगातार सुधार करना चाहिए। शंकर ने कहा कि हर नई तकनीक ने कुछ नौकरियां खत्म की हैं लेकिन नई नौकरियां पैदा भी की हैं। ऐसे में कार्यबल को प्रशिक्षित करने की जरूरत है।

डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में आया उछाल, मौजूदा वित्तीय वर्ष में 15.60 लाख करोड़ रुपये हुए इकट्ठा

नई दिल्ली.(एजेंसी) वित्तीय वर्ष 2024 में डायरेक्ट टैक्स (प्रत्यक्ष कर) कलेक्शन में 20 फीसदी का उछाल आया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में यह 15.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो कि सरकार के पूरे वित्तीय वर्ष के संशोधित अनुमान का 80 फीसदी है। सीबीडीटी ने एक बयान जारी कर बताया कि डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में मजबूत वृद्धि देखी जा रही है। डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 10 फरवरी 2024 तक 18.38 लाख करोड़ रुपये रहा, जो कि बीते साल के कलेक्शन से 17.30 फीसदी ज्यादा है।

डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन से नेट रिफंड को हटा दें तो ये 15.60 लाख करोड़ रुपये हैं, जो कि पिछले साल के नेट

कलेक्शन से 20.25 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ये कलेक्शन सरकार के डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के संशोधित अनुमान का 80.23 फीसदी है। 1 अप्रैल 2023 से लेकर 10 फरवरी 2024 तक 2.77 लाख करोड़ रुपये रिफंड दिए गए हैं। सीबीडीटी ने बताया कि कॉरपोरेट इनकम टैक्स और पर्सनल इनकम टैक्स में भी वृद्धि हुई है। सीबीडीटी के अनुसार, कॉरपोरेट इनकम टैक्स में 9.16 प्रतिशत और पर्सनल इनकम टैक्स में 25.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिफंड को एडजस्ट करने के बाद यह वृद्धि क्रमशः 13.57 प्रतिशत और 26.91 प्रतिशत है।

200 पर जाएगा यह शेयर, सरकार के इस खबर का असर! एक साल से कर रहा मालामाल, एक्सपर्ट बोले- खरीदो

नई दिल्ली.(एजेंसी)
बीते एक साल में रेलवे से जुड़ी कंपनी इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड यानी IRFC के शेयर ने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। जनवरी 2024 में शेयर ने ?190 प्रति शेयर के स्तर को पार किया था। इसके बाद से शेयर बिकवाली मोड में नजर आ रहा है। हालांकि, इस बिकवाली के बावजूद एक्सपर्ट शेयर को लेकर बुलिश नजर आ रहे हैं। बता दें कि कंपनी ने हाल ही में दिसंबर तिमाही के नतीजे भी जारी किए हैं।

क्या है शेयर की कीमत

बीते शुक्रवार को IRFC के शेयर की कीमत 153.70 रुपये थी, जो एक दिन पहले के मुकाबले 5% टूटकर इस स्तर पर बंद हुआ। 23 जनवरी 2024 को शेयर ने 192.80 रुपये के ऑल टाइम हाई को टच किया था। वहीं, 28 मार्च 2023 को शेयर की कीमत 25.45 रुपये के निचले स्तर तक थी। मतलब ये हुआ कि एक साल से भी कम अवधि में शेयर पेनी के कैटेगरी से बाहर आ गया। इस दौरान निवेशकों को 400 फीसदी से

ज्यादा का रिटर्न मिला है।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट

शेयर बाजार के जानकारों की मानें तो IRFC के शेयर ने तिमाही आधार पर परिचालन से राजस्व में मामूली वृद्धि दर्ज की है। नतीजे से पहले शेयर में बिकवाली देखी गई लेकिन एक बार फिर इसमें उछाल आ सकता है और अल्पावधि में ?180 और ?200 के स्तर तक जा सकता है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए IRFC के नतीजों पर बोलते हुए स्टॉकबॉक्स के पार्थ शाह ने कहा- भारतीय रेलवे वित्त निगम लिमिटेड के राजस्व में साल-दर-साल आधार पर वृद्धि देखी गई लेकिन तिमाही आधार पर हल्की गिरावट है। हालांकि, कंपनी का बकाया ऋण बढ़ गया। पार्थ शाह के मुताबिक, सरकार का लक्ष्य रेलवे क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना है और सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं।

खुलने से पहले IPO ने जुटाए 25 करोड़ रुपये, ग्रे मार्केट में कंपनी का दबदबा, कल बड़ा दिन

नई दिल्ली. आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए यह हफ्ता काफी व्यस्त रहने वाला है। WTI Cabs IPO कल यानी 12 फरवरी को ओपन हो रहा है। कंपनी ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। जिसकी वजह से निवेशकों का ध्यान इस आईपीओ की ओर बढ़ा है। बता दें, कंपनी ने एंकर निवेशकों के जरिए 25.24 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों के लिए आईपीओ 9 फरवरी को ओपन हुआ था। तब कंपनी ने 1, 785,000 शेयरों को जारी करके 25.25 करोड़ रुपये जुटाए थे। एंकर निवेशकों को जारी किए 50 प्रतिशत शेयरों का लॉक इन पीरियड 30 दिनों का है। बाकि बचे 50 प्रतिशत हिस्से का 90 दिन है।

क्या है प्राइस बैंड?

WTI Cabs IPO का प्राइस बैंड 140 रुपये से 147 रुपये प्रति शेयर तय हुआ है। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिस वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 1,47,000 रुपये का दांव लगाना पड़ेगा। कोई भी रिटेल निवेशक एक बार में अधिकतम 1 लॉट पर ही दांव लगा सकता है। बता दें, यह आईपीओ 14 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी की तरफ से शेयरों का अलॉटमेंट 15 फरवरी को किया जाएगा। शेयर बाजार में कंपनी की लिस्टिंग 19 फरवरी 2024 को होगी। कंपनी की एनएसई एसएमई में लिस्टिंग है।इन्वेस्टर गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। आईपीओ आज 135 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। अगर यही स्थिति कंपनी की लिस्टिंग तक रही तो आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 91 प्रतिशत से अधिक का मुनाफा करवा सकता है।

LIC ने बनाया कमाई का रेकॉर्ड, कहीं पीछे छूट गई मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज

नई दिल्ली.(एजेंसी) नई दिल्ली: शेयर मार्केट में पिछले हफ्ते गिरावट रही। इस दौरान सेंसेक्स की टॉप 10 वैल्यूएबल कंपनियों में से चार के मार्केट कैप में कुल 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक फायदा एलआईसी (LIC) और एसबीआई (SBI) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक (HDFC Bank), आईसीआईसीआई बैंक (ICICI Bank), इन्फोसिस (Infosys), भारती एयरटेल (Bharti Airtel), हिंदुस्तान यूनिलीवर (HUL) और आईटीसी (ITC) के मार्केट कैप में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

दैत्य की तरह बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी का शेयर पिछले हफ्ते ऑल टाइम हाई पर पहुंचा। इसने कंपनी के मार्केट कैप में काफी उछाल देखने को मिली। पिछले हफ्ते सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से.

पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। इस दौरान एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का शेयर सोमवार को लगभग छह प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 1,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह एसबीआई की बाजार हैसियत 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 61,435.47 करोड़ रुपये बढ़कर 15,12,743.31 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 5,108.09 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

शेयर बाजार में इन दो PSU शेयरों का जलवा, निवेशकों को हुआ तगड़ा फायदा

नई दिल्ली.(एजेंसी) सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई।

इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 32,963.94 करोड़ रुपये घटकर 10,65,808.71 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मूल्यांकन 30,698.62 करोड़ रुपये घटकर 5,18,632.02 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 16,132.15 करोड़ रुपये घटकर 6,31,044.50 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,044.09 करोड़ रुपये कम होकर 6,92,980.35 करोड़ रुपये रह गया।आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 9,779.06 करोड़ रुपये की गिरावट आई और वह 7,09,254.77 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,013.53 करोड़ रुपये घटकर 5,69,587.91 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमश टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल,

भारत पहुंची हूतियों के आतंक की आंच, बढ़ सकती है मारुति की कॉस्ट, जानिए क्या है कनेक्शन

नई दिल्ली.(एजेंसी) नई दिल्ली: लाल सागर संकट के कारण अब भारतीय कंपनियां भी प्रभावित होने लगी है। इस संकट से जहाजों के मार्ग में बदलाव के कारण देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। वाहन क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले कैलेंडर साल में लगभग 2.7 लाख कारों का निर्यात किया था। हालांकि, कंपनी ने कहा है कि

उसे नहीं लगता कि इस मुद्दे का उसके निर्यात पर कुछ विशेष प्रभाव पड़ेगा। लाल सागर जलडमरूमध्य वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए महत्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत का लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार इसी मार्ग से होता है। लेकिन पिछले कुछ समय से ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने वहां आतंक मचा रखा है। इस कारण वहां से जहाजों के आवागमन पर प्रभाव पड़ा है।एमएसआई के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, 'लाल सागर मुद्दे के कारण हमें कुछ लॉजिस्टिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जोखिम और वाहनों के मार्ग में बदलाव की वजह से लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन यह उल्लेखनीय नहीं होगी।' उन्होंने कहा कि माल निर्यात के समय में कुछ बदलाव हो सकता है। इससे जहाजों के आने और निर्यात के लिए वाहनों के उठाव में कुछ अनिश्चितता देखने को मिल सकती है। भारती ने कहा कि यह एक छोटा मुद्दा है, लेकिन निर्यात कारोबार में एक सामान्य बात है। भारती ने कहा कि मारुति सुजुकी ने इस दशक के अंत तक कम से कम 7.5 लाख वाहनों के निर्यात करने का लक्ष्य रखा है।

लहसुन की कीमतों में भारी उछाल, 500 रुपए प्रति किलो पहुंची कीमत

नई दिल्ली.(एजेंसी)
देशभर में लहसुन की कीमत में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। कुछ दिन पहले तक दिल्ली में 100 से 150 रुपए किलो तक बिकने वाला लहसुन आज 450 से 500 रुपए किलो में बिक रहा है। इससे आम आदमी के घर का बजट भी बिगड़ चुका है। साथ ही किसान भी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

किसानों से काफी सस्ती कीमत पर व्यापरियों ने खरीदा लहसुन

किसानों का कहना है कि उन्होंने 40 से 50 रुपए की दर से व्यापारियों को लहसुन बेची थी लेकिन कैसे लहसुन की कीमतें बेकाबू हो रही हैं, उन्हें भी समझ में नहीं आ रहा है। अगर 50 रुपए के हिसाब से भी अंदाजा लगाया जाए तो ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट को जोड़ कर इसकी लागत 80 रुपए के आसपास बैठती है, जिसे मुनाफा जोड़ कर 125 से 150 रुपए किलो तक में बिकना चाहिए लेकिन लहसुन की वास्तविक कीमत तिगुनी होकर साढ़े चार सौ से 500 रुपए किलो तक हो गई है। किसानों के मुताबिक, लहसुन की पैदावार इतनी है कि

पिछले 3 साल से 5 से 10 रुपए किलो के हिसाब से वे व्यापारियों को लहसुन दे रहे हैं, या फिर पशुओं को खिलाना पड़ता है और अगले महीने नई फसल भी आ जाएगी। बावजूद इसके लहसुन की कीमत बेलगाम है और इसका कारण कहीं न कहीं किसान को दर्शा कर मुनाफाखोरी करना है।

लहसुन की अच्छी पैदावार के बावजूद कीमत हुई बेलगाम

दिल्ली के दो सबसे बड़े मंडी आजादपुर और ओखला के लहसुन व्यापारियों का कहना है कि मांग के अनुसार लहसुन की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, यही वजह है कि अभी लहसुन की बढ़ती कीमतों से न केवल खुदरा खरीदार बल्कि इसके थोक व्यापारी भी परेशान हैं। उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने लहसुन की नई फसल आने के बाद इसमें कमी आएगी।

खुदरा में लहसुन की कीमत

बात करें दिल्ली की मंडियों में बिक रहे लहसुन की कीमत की तो अलग-अलग जगहों पर क्वालिटी के अनुसार विभिन्न कीमतों पर बिक रही है, जो अधिकतम साढ़े चार सौ से 500 रुपए किलो तक है। केशोपुर मंडी के लहसुन व्यापारी गिरानी ने बताया कि केशोपुर में लहसुन 400 रुपए किलो बिक रही है, जो खुदरा में 600 तक का बिक रहा है।

यही वजह है कि बाजारों में मटर-टमाटर, गोभी समेत तमाम सस्ती सब्जियों की उपलब्धता के बावजूद लोगों के खाने का स्वाद बढ़ाने वाले लहसुन के गायब होने से ये मौसमी सब्जियां भी स्वादहीन हो रही हैं।

देशभर में लहसुन की कीमत में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। कुछ दिनों पहले तक दिल्ली में 100 से 150 रुपए किलो तक बिकने वाला लहसुन आज 450 से 500 रुपए किलो में बिक रहा है। इससे आम आदमी के घर का बजट भी बिगड़ चुका है। साथ ही किसान भी अपने आप को ठगा महसूस...

लाल सागर संकट से लागत पर कुछ असर पड़ सकता है मारुति

नई दिल्ली.(एजेंसी) बिजनेस डेस्क: लाल सागर संकट के कारण जहाजों के मार्ग में बदलाव के कारण देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। वाहन क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले कैलेंडर साल में लगभग 2.7 लाख कारों का निर्यात किया था। हालांकि, कंपनी ने कहा है कि उसे नहीं लगता कि इस मुद्दे का उसके निर्यात पर कुछ विशेष प्रभाव पड़ेगा। एमएसआई के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, ''लाल सागर मुद्दे के कारण हमें कुछ लॉजिस्टिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जोखिम और वाहनों के मार्ग में बदलाव की वजह से लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है लेकिन यह उल्लेखनीय नहीं होगी।%% उन्होंने कहा कि माल निर्यात के समय में कुछ बदलाव हो सकता है।

इससे जहाजों के आने और निर्यात के लिए वाहनों के उठाव में कुछ अनिश्चितता देखने को मिल सकती है। भारती ने कहा कि यह एक छोटा मुद्दा है, लेकिन निर्यात कारोबार में एक सामान्य बात है।लाल सागर जलडमरूमध्य वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए महत्वपूर्ण है।

यूरोप के साथ भारत का लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार इसी मार्ग से होता है। भारती ने कहा कि मारुति सुजुकी ने इस दशक के अंत तक कम से कम

लाल सागर संकट के कारण जहाजों के मार्ग में बदलाव के कारण देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। वाहन क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले कैलेंडर साल में...

7.5 लाख वाहनों के निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका एक अच्छा बाजार बनता जा रहा है और कई कारणों से पश्चिम एशिया क्षेत्र ने हाल काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

भारती ने कहा कि सरकार कुछ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर रही है, जिसमें कंपनी को शुल्क में कुछ राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि मारुति इस साल बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) का उत्पादन शुरू करने की तैयारी कर रही है। इस तरह का पहला मॉडल एक मध्यम आकार की एसयूवी होगी।

यह मॉडल घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करेगा। इसके अलावा इसका जापान और यूरोप को निर्यात भी किया जाएगा।

इमरान-नवाज के बीच शुरू हुआ सुपर ओवर, नतीजों ने लटकाई सरकार; जोड़-तोड़ का दौर जारी

साधारण बहुमत हासिल करने के लिए 336 में से 169 सीट की आवश्यकता है, जिसमें महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षित सीट भी शामिल है। मतगणना अब भी जारी है। ऐसी उम्मीद है कि आज चुनाव के नतीजे आ जाएंगे।

इस्लामाबाद. पाकिस्तान में गुरुवार को चुनाव कराए गए मगर आज तीसरे दिन भी अभी तक नतीजे नहीं आए हैं। पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा 265 में से 255 सीटों के घोषित परिणाम के अनुसार इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 93, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 73, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। अन्य 11 सीटों पर छोटे दलों को जीत मिली है। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 में से 133 सीट जीतनी होगी। एक उम्मीदवार की मौत के बाद एक सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। कुल मिलाकर, साधारण बहुमत हासिल करने के लिए 336 में से 169 सीट की आवश्यकता है, जिसमें महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षित सीट भी शामिल है। मतगणना अब भी जारी है। ऐसी उम्मीद है कि आज चुनाव के नतीजे आ जाएंगे।

पाकिस्तान में शुरू हुई जोड़-तोड़ की सियासत

पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़ तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई है। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को

मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की। माना जाता है कि शरीफ को शक्तिशाली सेना का समर्थन प्राप्त है। वहीं जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने बृहस्पतिवार के चुनाव में नेशनल असेंबली में 101 सीट पर जीत हासिल की है। उधर इमरान खान ने एआई की मदद से एक ऑडियो वीडियो संदेश भेजकर आम चुनाव में जीत का दावा किया। खान ने वीडियो मे कहा कि उनका दृढ़ विश्वास था कि लोग मतदान करने के लिए बाहर आएंगे और उन्होंने बड़ी संख्या में मतदान कर उनके भरोसे को कायम रखने के लिए अपने समर्थकों की सराहना की। इमरान खान की पार्टी पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव रऊफ हसन ने कहा कि पार्टी ने भविष्य के कदमों पर परामर्श की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष बैठकें संभव नहीं हैं क्योंकि अधिकांश निर्वाचित उम्मीदवार या तो जेल में हैं या भूमिगत हैं। हसन ने आगाह किया कि लोगों के फैसले को पटरी से उतारने के किसी भी प्रयास के घातक परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि जनमत का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पीटीआई केंद्र, खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी है, लेकिन केंद्र और पंजाब में सरकारें गठित करने के लिए परिणामों में हेरफेर करने के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा, हम चुनाव परिणामों के साथ छेड़छाड़ करने की किसी भी कोशिशों को विफल करने के लिए सभी कानूनी और संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे।

नवाज पहले ही दे चुके विक्ट्री स्पीच

तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने अपने तथाकथित विक्ट्री स्पीच में पहले ही संकेत दे दिया है कि वह देश को संकट से बाहर निकालने के लिए निर्दलियों के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। भले ही शरीफ की पीएमएल-एन और बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाली पीपीपी को शेष सीटों पर जीत मिल जाए, फिर भी उन्हें सरकार बनाने के लिए अन्य विजेता दलों या निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

टेकऑफ से पहले खोल दिया विमान का दरवाजा, टूरिस्ट की हरकत से हड़कंप; वकील का अजीब दावा

बैंकॉक. थाइलैंड के चियांग माई एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। एक कनाडाई टूरिस्ट ने टेकऑफ से पहले विमान का इमरजेंसी एग्जिट डोर खोल दिया। इसके चलते वहां पर हड़कंप मच गया और फ्लाइट की उड़ान में भी देरी हुई। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। कनाडाई यात्री को स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं, यात्री के वकील ने इसको लेकर अजीब दावा किया है। वकील का कहना है कि जब इस यात्री ने दरवाजा खोला तो वह मतिभ्रम का शिकार हो गया था।टूरिस्ट के वकील, जिरावत यानीकियातपकडी ने स्थानीय प्रसारक थापीबीएस को बताया कि उसने

स्वीकार किया कि उसने दरवाजा खोला। इसके पीछे उसने वजह बताई कि लोग उसके पीछे आ रहे थे। उसके व्यवहार से ऐसा लग रहा है कि वह मतिभ्रम का शिकार हो गया था।

वहीं, चिआंग माई एयरपोर्ट के निदेशक रोनाकोर्न चालेर्मसेनयाकोर्न ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहाकि टेक्नीशियंस द्वारा सुरक्षा जांच किए जाने के बाद विमान टर्मिनल पर लौट आया। इसके बाद विमान ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि इस घटना के चलते एक दर्जन फ्लाइट्स पर असर पड़ेगा।

एक यात्री अनन्या तियांगटे ने बताया कि जैसे ही व्यक्ति ने विमान का इमरजेंसी एग्जिट गेट खोला, अंदर अफरा-तफरी मच गई। उसने कहाकि सोचकर ही डर लगता है कि अगर हम समुद्र तल से 30 हजार फीट की ऊंचाई पर होते तो क्या होता? पिछले महीने मेक्सिको में एक व्यक्ति को विमान का आपातकालीन दरवाजा खोलकर विंग पर चलने के बाद गिरफ्तार किया गया था।

राफा में इजरायल का कहर, हवाई हमलों में दर्जनों बच्चों समेत मारे गए 44; जमीनी हमले की चेतावनी

राफा. इजरायल ने शनिवार को गाजा सिटी के राफा में फिर कहर बरपाया। इजरायल की तरफ से किए गए हवाई हमलों में 44 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें एक दर्जन से ज्यादा बच्चे हैं। यह हमला इजरायली प्रधानमंत्री के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सेना को निर्देश दिए गए हैं कि जमीनी हमले से पहले वहां फंसे सैकड़ों हजार लोगों को निकाल लिया जाए। बेंजामिन नेतन्याहू ने इसके लिए कोई तय समय नहीं बताया था, लेकिन इस घोषणा से घबराहट थी। गाजा के पच्चीसों लाख लोगों में से आधे से अधिक राफा में फंसे हुए हैं। इजरायल द्वारा जगह को खाली किए जाने के आदेश के बाद यह हाल है। अब उन्हें यह नहीं समझ आ रहा है कि वह जाएं तो कहां जाएं। इजरायल का कहना है कि मिस्र की सीमा से लगा राफा गाजा में हमास आतंकी समूह का आखिरी गढ़ है। सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद इस युद्ध को चार महीने से अधिक हो चुका है। उधर मिस्र के विदेश मंत्री सामेह शौकरी ने कहा कि राफा पर अगर जमीनी हमला हुआ तो इसके परिणाम बेहद खतरनाक होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल का मकसद फिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से बेदखल करना है। एक अन्य मध्यस्थ कतर ने भी इसको लेकर चेतावनी जारी की है। वहीं, सऊदी अरब ने भी इजरायल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि इजरायल आए दिन राफा पर हवाई हमले कर रहा है। शनिवार को ही इसी तरह के हुए तीन अन्य हमलों में राफा में 28 लोगों के मारे जाने का दावा किया गया है। इसमें तीन परिवारों के कई सदस्य मारे गए, जिनमें कुल 10 बच्चे शामिल थे, जिनमें सबसे कम उम्र बच्चे महज 3 महीने के थे। ऐसे ही एक हमले में मृतक के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। फदल अल गनम ने बताया कि उसने अपना बेटा, बहू और चार पोतों को खो दिया है। उसे डर है कि जमीनी हमले होने के बाद हालात और बदतर हो जाएंगे। फदल ने कहाकि इजरायल कहर बरपा रहा है और दुनिया चुपचाप देख रही है। यह ठीक नहीं हो रहा है।

कैलिफोर्निया में हेलीकॉप्टर क्रैश होने से नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंक के CEO सहित 6 की मौत

इंटरनेशनल डेस्क. अमेरिका के दक्षिण कैलिफोर्निया के मोहावी मरुस्थल में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंकों में से एक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO), उनकी पत्नी और बेटे सहित 6 लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर शुक्रवार रात 10 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ और उसमें सवार छह लोगों में एक्सेस बैंक के सीईओ हर्बर्ट विग्वे (57) भी शामिल थे।नाइजीरियाई स्टॉक एक्सचेंज 'एनजीएक्स ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष बैमोफिन अबिमबोला ओगुनबांजो भी हादसे में मारे गए।

नाइजीरिया के पूर्व वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने इन मौत की पुष्टि की है। इवेला अब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''हर्बर्ट विग्वे, उनकी पत्नी और बेटे के साथ ही ओगुनबांजो की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत होने की खबर से बहुत दुखी हूं। विग्वे की मौत से नाइजीरिया और बैंकिंग क्षेत्र में शोक की लहर छा गयी है।विग्वे के नेतृत्व में ही एक्सेस बैंक की संपत्ति और उपस्थिति कई अफ्रीकी देशों में बढ़ी। नाइजीरियाई राष्ट्रपति के प्रवक्ता बायो ओनानुगा ने 'एक्स पर कहा, ''विग्वे के पास एक्सेस होल्डिंग्स (मूल कंपनी) को अफ्रीका की सबसे बड़ी कंपनी बनाने की दूरदृष्टि थी। संघीय विमानन प्रशासन ने पुष्टि की कि हेलीकॉप्टर 'यूरोकॉप्टर ईसी 120 में छह लोग सवार थे।

हंगरी की राष्ट्रपति ने दोषी की सजा माफ करने की मांगी माफी, दिया इस्तीफा

बुडापेस्ट. बाल यौन उत्पीड़न मामले में संलिप्तता के दोषी की सजा माफ करने को लेकर आलोचनाओं में घिरी हंगरी की राष्ट्रपति कैटालिन नोवाक ने अपने पद से शनिवार को इस्तीफा दे दिया। नोवाक (46) ने टेलीविजन पर प्रसारित एक संदेश में कहा कि वह राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देंगी। वह 2022 से इस पद की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। नोवाक ने एक सरकारी बाल आश्रय में बाल यौन उत्पीड़न मामले से जुड़े सबूतों को छुपाने के एक दोषी की

सजा अप्रैल 2023 में माफ कर दी थी।

दोषी के खिलाफ यह आरोप साबित हुआ था कि वह पीड़ितों पर आश्रय स्थल के निदेशक पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप वापस लेने का दबाव बना रहा था।इस मामले में सबूत छुपाने की कोशिश करने के अपराध में दोषी को तीन से अधिक वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी की सजा माफ करने के नोवाक के इस फैसले का खुलासा होने के बाद देशभर में इसकी व्यापक पैमाने पर आलोचना हुई। नोवाक ने इस निर्णय का खुलासा होने के एक सप्ताह बाद राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया। नोवाक ने दोषी की सजा माफ करने के फैसले को लेकर माफी मांगते हुए शनिवार को कहा, ''मैंने गलती की।

रमजान से पहले निपटा दो; इजरायल का 23 लाख की आबादी वाले शहर पर खतरनाक प्लान

येरूशलम। गाजा पर जारी हमले के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पहले की तुलना में अधिक खतरनाक हो चुके हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव को देखते हुए इजरायल के पास राफा में अपने ऑपरेशन को पूरा करने के लिए केवल एक महीना बचा है। आपको बता दें कि राफा ऑपरेशन के जरिए इजरायल गाजा में शेष बचे हमास के ऑपरेटिव बटालियनों को खत्म करना चाहता है। अब उन्होंने इसके लिए समय तय कर दिया है।चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने

हाल ही में युद्ध में शामिल सैन्य अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में जारी ऑपरेशन को मुस्लिमों के पवित्र महीना रमजान के पहले पूरा करना होगा। आपको बता दें कि इस साल 10 मार्च से रमजान शुरू होने वाला है।

राफा ऑपरेशन पर चर्चा के दौरान आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हलेवी ने नेतन्याहू को बताया कि इजरायल रक्षा बल ऑपरेशन के लिए तैयार थे, लेकिन सरकार को पहले यह तय करने की आवश्यकता थी कि वह क्या करना चाहती है। विस्थापित गाजावासी वहां शरण लिए हुए हैं।

गाजा में इजरायली हमलों में 44 फलस्तीनी की मौतइजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में शुक्रवार देर रात गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में कम से कम 44 फलस्तीनी मारे गए। ये हमले इजरायल के प्रधानमंत्री के उस बयान के कुछ घंटों बाद किए गए, जिसमें उन्होंने जमीनी हमले से पहले दक्षिणी गाजा शहर से हजारों लोगों को निकालने के लिए सेना से योजना तैयार करने को कहा था।

अमेरिका में बड़ा हादसा, दक्षिणी कैलिफोर्निया में हेलिकॉप्टर हुआ क्रैश; छह लोग थे सवार

कैलिफोर्निया। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक बड़ा हादसा सामने आया है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के मोजावे रेगिस्तान में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोग सवार थे।हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हेलिकॉप्टर में सवार लोगों का क्या हुआ। सैन बर्नार्डिनो काउंटी शेरिफ के विभाग ने कहा कि उन्हें कोई जीवित नहीं मिला है, लेकिन उन्होंने यह भी नहीं बताया कि किसी की इस हादसे में मृत्यु हुई या नहीं।

हॉलोरन स्प्रिंग्स के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ हेलिकॉप्टर

समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, विभाग को शुक्रवार रात 10-12 बजे दुर्घटना के बारे में पता चला। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर हॉलोरन स्प्रिंग्स रोड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हेलिकॉप्टर में छह लोग थे सवार

वहीं, सिविल एविएशन प्रशासन ने पुष्टि की है कि हेलिकॉप्टर में छह लोग सवार थे। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड को इस हादसे की जांच सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं की टीम मौके पर जानकारी इकट्ठा करेगी।

मां ने गलती से सुलाने के लिए ओवन में रख दिया बच्चा, हो गई मौत

अमेरिका में एक मां की लापरवाही दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। अमेरिका के मिजूरी में लापरवाह मां मारियाह थॉमस ने अपने शिशु...

इंटरनेशनल डेस्क. अमेरिका में एक मां की लापरवाही दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। अमेरिका के मिजूरी में लापरवाह मां मारियाह थॉमस ने अपने शिशु को सुलाने के लिए उसे पालने के बजाय गलती से 'ओवन (खाद्य सामग्री बनाने या उन्हें गर्म करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उपकरण) में रख दिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। हैरत की बात ये थी कि ओवन ऑन भी था। पुलिस ने जांच शुरू की तो महिला ने बताया कि रात को बच्चे को दूध पिलाने के बाद वह उसे पालने में सुलाने लगी लेकिन पता नहीं कैसे उसने गलती से बच्चे को ओवन में डाल दिया।

सुबह जब उसी नींद खुली तो उसे ध्यान आया कि उसने तो गलती से बच्चे को ओवन में ही सुला दिया था। जैसे ही उसने ओवन खोलकर देखा तो बच्चा उसमें झुलस चुका था। तुरंत उसने बच्चे को अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

पोस्टमार्टम में इस बात का खुलासा हुआ है कि बच्चे की मौत दम घुटने और जलने से हुई है.पुलिस को शुक्रवार दोपहर को एक शिशु के सांस नहीं लेने की जानकारी मिली थी।

इस घटना के संभावित कारण संबंधी अदालती बयान में कहा गया है कि बच्चे के शरीर पर जलने के निशान थे और उसे मृत घोषित कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों को एक गवाह ने बताया कि मां ने ''बच्चे को सुलाने के लिए पालने के बजाय गलती से ओवन में रख दिया।बयान में यह नहीं बताया गया कि इस प्रकार की गलती कैसे हुई।

जैक्सन काउंटी में अभियोजन पक्ष के वकील जीन पीटर्स बेकर ने एक बयान में कहा, ''यह अत्यंत त्रासदीपूर्ण घटना है और हम एक अनमोल जीवन के खोने से दुखी हैं। हमें भरोसा है कि आपराधिक न्याय प्रणाली इस भयानक घटना को लेकर उचित कार्रवाई करेगी।

पाकिस्तान में बनेगी गठबंधन की सरकार; जरदारी से मिले शहबाज, बिलावल से भी हुई बात

इस्लामाबाद. पंजाब में असेंबली और प्रांतीय चुनाव संपन्न हो चुके हैं। किसी भी पार्टी को पाकिस्तान की जनता ने बहुमत नहीं दिया है। इस बीच गठबंधन के लिए बातचीत शुरू हो चुकी है। पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात कर चर्चा शुरू कर दी है। तीनों के बीच केंद्र और पंजाब में गठबंधन सरकार बनाने और पाकिस्तान में मिलकर काम करने पर सहमती बनी है। शहबाज ने पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी के आवास पर पीपीपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने कहा कि शहबाज शरीफ ने जरदारी के साथ भविष्य में सरकार गठन पर चर्चा की और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का संदेश भी दिया। शहबाज ने दोनों पीपीपी नेताओं से पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए पीएमएल-एन नेतृत्व के साथ आने को कहा।सूत्रों ने दावा किया कि जरदारी और शहबाज पंजाब और केंद्र में सरकार बनाने पर सहमत हुए हैं और दोनों पार्टियां अगली बैठक में अपने-

अपने विचार पेश करेंगी। इस दौरान सत्ता-बंटवारे के फार्मूले के संबंध में भी बात होगी। नेताओं की यह बैठक 45 मिनट तक चली।इससे पहले मॉडल टाउन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवाज शरीफ ने दावा किया कि चुनाव में पीएमएल-एन सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। शहबाज शरीफ, पीएमएल-एन के मुख्य आयोजक मरियम नवाज और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे।उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि देश को भंवर से बाहर निकालना हमारा कर्तव्य है। हम पाकिस्तान को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए सभी को हमारे साथ आने के लिए आमंत्रित करते हैं। आइए एक साथ बैठें। हर कोई जानता है कि देश के लिए किसने क्या किया है।- तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी पीएमएल-एन के ट्रैक रिकॉर्ड को जानते हैं और इस देश को भंवर से बाहर निकालना हमारा कर्तव्य है।नवाज शरीफ ने कहा, -हम सभी अन्य पार्टियों के जनादेश का सम्मान करते हैं। चाहे वह कोई पार्टी हो या निर्दलीय। हम उन्हें आमंत्रित करते हैं कि वे आएं और पाकिस्तान को कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हमारे साथ बैठें। हमारा एजेंडा समृद्ध पाकिस्तान है।

उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि सभी दल मिलकर पहले देश के बारे में सोचें। राजनेताओं, संसद, पाकिस्तान की सेना और मीडिया सभी को सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।नवाज शरीफ ने कहा, देश की स्थिरता के लिए कम से कम 10 साल चाहिए। पाकिस्तान इस समय कोई लड़ाई बर्दाश्त नहीं कर सकता है। हमें एक साथ बैठना होगा और मामलों को सुलझाना होगा।नवाज शरीफ ने साधारण बहुमत के अभाव में गठबंधन सरकार के गठन की घोषणा की और कहा कि शहबाज शरीफ को आसिफ अली जरदारी, फजलुर रहमान और खालिद मकबूल सिद्दीकी से मिलने का काम सौंपा गया है।

Sourav Ganguly के घर से फोन चोरी

पूर्व-कप्तान को सताया अहम सूचना लीक होने का डर, पुलिस ने किया मामला दर्ज

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का फोन कथित रूप से कोलकाता स्थित बेहला में उनके घर से चोरी हो गया है। यह घटना तब प्रकाश में आई जब सौरव गांगुली ने शनिवार को ठाकुरपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। सौरव गांगुली के घर में जो मिरसी काम करते हैं उनसे पूछताछ होने की संभावना है।

नई दिल्ली.एजेंसी

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का फोन कथित रूप से कोलकाता स्थित बेहला में उनके घर से चोरी हो गया है। यह घटना तब चर्चा में आई जब गांगुली ने शनिवार को ठाकुरपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

सौरव गांगुली ने पुलिस के सामने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि फोन में कुछ निजी जानकारी है और अधिकारियों से गुजारिश की है कि इसका कोई दुरुपयोग नहीं हो। जब चोरी हुई तब गांगुली घर से दूर थे। उन्होंने ध्यान दिलाया कि शनिवार को घर के एक विशेष स्थान पर फोन छोड़कर गए थे और तब से वो गायब है।

पुलिस करेगी पड़ताल

सौरव गांगुली के घर में इस समय पेंटिंग का काम चल रहा है। गांगुली के घर में काम करने वाले मिस्त्रियों से संभावना है कि पुलिस पूछताछ करेगी। गांगुली ने शनिवार को ठाकुरपुर पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी को एक पत्र लिखकर बताया कि मोबाइल फोन उनके घर से गायब हुआ है। उन्होंने ध्यान किया कि सुबह 11.30 बजे करीब उन्होंने अपना फोन आखिरी बार देखा था। इसके बाद कई बार खोजने के बावजूद उन्हें फोन नहीं मिला।

गांगुली ने किया आग्रह

गांगुली के लिए फोन का खो जाना मुश्किल वाली बात है क्योंकि इसमें कई लोगों को एक्सेस मिला है और काफी अहम जानकारी फोन में है। गांगुली ने ध्यान दिलाया कि उनका फोन नंबर उनके बैंक अकाउंट से लिंक है और कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों के नंबर उनके मोबाइल में सेव हैं। गांगुली ने पुलिस से आग्रह किया है कि फोन को खोज ले और सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में फोन के डाटा की जानकारी का खुलासा नहीं हो।

आईपीएल में नजर आएंगे गांगुली

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली इस समय दिल्ली कैपिटल्स के साथ क्रिकेट निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं। गांगुली सहित दिल्ली कैपिटल्स टीम प्रबंधन की ऋषभ पंत पर करीबी निगाहें टिकी हैं कि वो आगामी सीजन में उपलब्ध हो पाएंगे या नहीं। पंत ने दिसंबर 2022 के बाद से प्रतिस्पर्धी

सुनील गावस्कर ने मिचेल स्टार्क को IPL में मिली मोटी रकम पर दिया बयान, बोले- मुझे नहीं लगता कि कोई...

नई दिल्ली.एजेंसी

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को लगता है कि आईपीएल 2024 की नीलामी में मिचेल स्टार्क को भारी रकम में खरीदते समय कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सबसे आगे निकल गई। कोलकाता बेस्ड फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलिया के सीमर को अपने साथ जोड़ने के लिए 24.75 करोड़ खर्च किए। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में नीलामी में 10 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए कुल 31.35 करोड़ रुपये खर्च किए थे।कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा स्टार्क को खरीदने को लेकर स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए सुनील गावस्कर ने कहा, सबसे बढ़कर, बिल्कुल स्पष्ट कहें तो। मुझे नहीं लगता कि कोई भी उस तरह के पैसे के लायक है। यदि स्टार्क प्रभाव छोड़ सकता है और अपने द्वारा खेले गए 14 मैचों में से चार में जीत हासिल करा सकता है, तो आप कह सकते हैं कि पैसा सार्थक है। फिर अगर वह अन्य खेलों में योगदान देता है, बिल्कुल शानदार।

उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी...टीम इंडिया में हुई एंट्री तो हैरान हुए आकाशदीप

नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में गए चुने तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा कि उन्हें इतनी जल्दी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद नहीं थी। पिछले सत्र में बंगाल और भारत ए की तरफ से लाल गेंद की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकाशदीप ने पीटीआई से कहा, मुझे उम्मीद थी कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखता हूं तो मुझे निकट भविष्य में टेस्ट टीम में चुन लिया जाएगा लेकिन मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी कि तीसरे मैच में ही मुझे राष्ट्रीय टीम में जगह मिल जाएगी।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल क्रिकेट से अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की। वह बिहार के रहने वाले हैं जहां एक समय क्रिकेट को करियर के रूप में नहीं देखा जाता था।

उन्होंने कहा, बिहार में तब (भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निलंबित होने के कारण) क्रिकेट के लिए कोई उचित मंच नहीं था विशेष कर सासाराम में जहां का मैं रहने वाला हूं, वहां क्रिकेट खेलना अपराध

माना जाता था। कितने ही माता-पिता अपने बच्चों से कहते थे कि आकाश से दूर रहो। वह पढ़ाई नहीं करता और उसकी संगत में रहकर बिगड़ जाओगे।

आकाश के पिता उन्हें सरकारी नौकरी के लिए परीक्षाओं में भाग लेने के लिए कहते थे। उन्होंने कहा, मेरे पिताजी मुझे बिहार पुलिस कांस्टेबल या राज्य सरकार में चर्तु श्रेणी के कर्मचारी की परीक्षा देने के लिए कहते थे। वह उन सरकारी नौकरी के आवेदन पत्र भरते थे और मैं परीक्षा देने जाता था और खाली फॉर्म जमा करके वापस आ जाता था।

सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार दूसरी बार जीता SA20 का खिताब, फाइनल में डरबन सुपर जायंट्स को बुरी तरह रौंदा

नई दिल्ली.एजेंसी

एडन मारक्रम की अगुवाई वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने साउथ अफ्रीकी लीग SA20 के फाइनल में डरबन सुपर जायंट्स को 89 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार इस खिताब पर अपना कब्जा जमाया है। S20 का यह दूसरा सीजन है और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम दूसरी बार भी ट्रॉफी उठाने में सफल रही है। फाइनल में टीम के नायक कप्तान मारक्रम के साथ ट्रिस्टन स्टब्स, टॉम एबेल, जॉर्डन हरमन और

मार्को यैनसन रहे। सनराइजर्स की टीम ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 204 रन बोर्ड पर लगाए थे, फाइनल मुकाबले के हिसाब से यह बहुत बड़ा स्कोर था। इस स्कोर का पीछा करते हुए डरबन की पूरी टीम 17 ओवर में महज 115 रनों पर ही सिमट गई। पूरे सीजन डरबन के हीरो रहे हेनरिक क्लासेन फाइनल में टीम की नैया पार नहीं लगा पाए, वह गोल्डन डक पर आउट हुए।टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी सनराइजर्स ईस्टर्न केप की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 15 के स्कोर पर डेविड मलान के रूप में उनको पहला झटका लगा। हालांकि इसके बाद हरमन (26 गेंदों पर 42 रन) और एबेल (34 गेंदों पर 55 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की राह दिखाई।

टीम इंडिया में जगह ना मिलने पर उमेश यादव का क्रिप्टिक पोस्ट हुआ वायरल, लिखा- किताबों पर धूल जमने से...

नई दिल्ली.एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने शनिवार 10 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज के बचे तीन मुकाबलों के लिए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार परफॉर्म करने के बावजूद टीम में अपना नाम ना देखने के बाद तेज गेंदबाज उमेश यादव निराश नजर आए। उमेश ने अपनी यह निराशा इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए जाहिर की। उमेश यादव ने भारत के लिए अपना आखिरी टेस्ट 7 जून 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह लगातार टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ बचे तीन मुकाबलों के स्क्वॉड के ऐलान के बाद उमेश यादव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, किताबों पर धूल जमने से कहानियां खत्म नहीं होती है।उमेश यादव का यह पोस्ट बताता ही कि वह रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी की उम्मीद लगाए बैठे थे। उमेश का परफॉर्मेंस भारतीय सरजमी पर काफी असरदार रहा है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में खेले 4 मुकाबलों में अभी तक 19 विकेट चटकाए हैं।

उमेश यादव ने भारत के लिए खेले 57 टेस्ट मैचों में 30.95 की औसत के साथ 170 विकेट चटकाए हैं, वहीं इनमें से 101 विकेट उन्होंने भारतीय सरजमीं पर 25.88 की औसत से चटकाए हैं। घरेलू मैदानों पर उमेश यादव का परफॉर्मेंस काफी शानदार रहा है।

इग्लैंड के खिलाफ बचे ही तीन मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड-

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

1988 से अब तक अंडर-19 वर्ल्ड कप में किस टीम ने जीते कितने खिताब? भारत टॉप पर बरकरार

नई दिल्ली.एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। गत चैंपियन टीम इंडिया आज अगर कंगारुओं को धूल चटाने में कामयाब रहती है तो वह रिकॉर्ड 6ठें खिताब पर अपना कब्जा जमाएगा, वहीं 2010 में अपना आखिरी अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की नजरें चौथे खिताब पर होगी। अंडर-19 वर्ल्ड कप का कारवां 1988 से शुरू हुआ था, तब से लेकर 14 बार इस टूर्नामेंट को खेला जा चुका है। भारत 5 ट्रॉफी के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम रही है, वहीं ऑस्ट्रेलिया 3 खिताबों के साथ दूसरे पायदान पर है। आइए एक नजर डालते हैं अंडर-19 वर्ल्ड कप के 14 सीजन में खिताब जीतने वाली टीमों पर-

1988 में अंडर-19 वर्ल्ड कप का पहला संस्करण ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था,

मेजबान टीम ने पाकिस्तान को फाइनल में 5 विकेट से हराकर इस चमचमाती ट्रॉफी को अपने नाम किया था।टूर्नामेंट के दूसरे सीजन का आयोजन करने में आईसीसी को 10 साल का समय लगा। दूसरे संस्करण 1998 में साउथ अफ्रीका की मेजबानी में हुआ जहां इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद हर दो साल में टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है।

साल 2000 में मोहम्मद कैफ की अगुवाई में भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप का पहला खिताब जीता था, उस दौरान प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट युवराज सिंह रहे थे। भारत ने फाइनल मुकाबले में मेजबान श्रीलंका को 6 विकेट से धूल चटाई थी।भारत ने इसके बाद 2008 में विराट कोहली की कप्तानी में तो 2012 में उन्मुक्त चंद की अगुवाई में अपने अगले दो खिताब जीते। टीम इंडिया चौथी बार चैंपियन 2018 में पृथ्वी शॉ की कप्तानी में बना था, वहीं 2022 में टीम इंडिया ने यश धुल की अगुवाई में अपना 5वां खिताब जीता था।भारत 5 बार अंडर-19 वर्ल्ड कप का चैंपियन जरूर बना है, मगर आज तक वह अपने टाइटल को डिफेंड नहीं कर पाया है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में पाकिस्तान एकमात्र ऐसी टीम है जो टाइटल डिफेंड करने में कामयाब रही है।

पृथ्वी शॉ का पहला टारगेट भारतीय टीम में वापसी करना नहीं, बल्कि ये है; आप भी जानिए

पृथ्वी शॉ का पहला टारगेट मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी जीतना है, ना कि भारतीय टीम में वापसी करना। वही चाहते हैं कि वह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद टीम में वापस आएं और अपनी जगह बनाएं।

नई दिल्ली.एजेंसी

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट की दुनिया से दूर रहने वाले भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने इस महीने की शुरुआत में घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। बंगाल के खिलाफ मुंबई के लिए वे रणजी ट्रॉफी 2024 का मैच खेलने उतरे। अगले मैच में उन्होंने शतक जड़ा। 2023 में काउंटी क्रिकेट के दौरान घुटने में लगी चोट वजह से पृथ्वी शॉ को लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था। अपने कमबैक मैच में पृथ्वी शॉ ने मुंबई के लिए बड़ा स्कोर नहीं बनाया, लेकिन दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ वे 185 गेंदों में 159 रन बनाने में सफल हुए। दिन के पहले सत्र में ही पृथ्वी शॉ ने अपना शतक पूरा कर लिया था। हालांकि, भारतीय टीम से वे अभी दूर हैं।

इसको लेकर उन्होंने कहा है कि उनकी उम्मीदें अभी भारतीय टीम में कमबैक की नहीं है। पृथ्वी शॉ ने कहा है कि उनको फोकस अभी रणजी ट्रॉफी में मुंबई को जीत दिलाने पर है। द इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में पृथ्वी शॉ ने कहा, मैं बहुत दूर की नहीं सोच रहा हूं और वर्तमान में रहना चाहता हूं। कोई उम्मीद नहीं है, मुझे खुशी है कि मैं वापस क्रिकेट खेल रहा हूं। मैं अभी चोट के बाद वापस आया हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। मेरा लक्ष्य मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी जीतना है और मैं आगे भी जितना संभव हो उतना योगदान देकर इसे हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। चोट के कारण पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद बल्लेबाजी करने आए तो उनको बेचैनी महसूस हो रही थी, लेकिन क्रीज पर काफी समय बिताने के बाद धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास वापस आ गया।

उन्होंने आगे कहा, मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन कहीं न कहीं मुझे आश्चर्य हो रहा था कि मैं अपनी शैली में बल्लेबाजी कर पाऊंगा या नहीं। कैसे खेलूंगा, मैं कब वापसी करूंगा और क्या यह अच्छी लय में होगी या नहीं। ये वो विचार थे जो चारों ओर घूम रहे थे, लेकिन मेरे कुछ घंटे क्रीज पर रुकने के बाद चीजें सामान्य हो गईं।मैं फिर घबराया हुआ नहीं था, लेकिन जब मैंने अपनी बल्लेबाजी फिर से शुरू की तो अहसास थोड़ा अजीब था।

एबी डी विलियर्स ने फिर मांगी विराट कोहली और अनुष्का शर्मा से माफी, बोले- मैं विनती करता हूं...

डिविलियर्स ने कहा कि कोई नहीं जानता कि वास्तव में क्या चल रहा है। मैं हम सभी से इसका सम्मान करने के लिए कह रहा हूं। मेरे पिछले शो में एक गलती हुई थी और मैं इसके लिए कोहली परिवार से माफी मांगता हूं।

नई दिल्ली.एजेंसी

साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डी विलियर्स ने एक बार फिर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा से अपने बयान के लिए माफी मांगी है। हाल ही में डी विलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाले हैं। हालांकि कुछ दिनों बाद ही उन्होंने अपने इस बयान को वापस ले लिया था। अब यूट्यूब पर इस खिलाड़ी ने फिर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा से माफी मांगी है। बता दें, निजी कारणों के चलते किंग कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेल रहे हैं। ऐसा उनके 13 साल के करियर में पहली बार हुआ है जब कोहली ने कोई घरेलू टेस्ट सीरीज मिस की हो।इस बीच, डी विलियर्स ने स्वीकार किया कि उन्हें कोहली और अनुष्का के बारे में अपुष्ट जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए थी और उन्हें उम्मीद है कि अनुभवी बल्लेबाज जल्द ही एक्शन में वापस आएंगे।एबी डी विलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, -मेरे दोस्त विराट कोहली अभी भी उपलब्ध नहीं हैं। मैं हर किसी से विनती करता हूं कि उन्हें वह गोपनीयता दी जाए जिसके वह हकदार हैं। परिवार पहले आता है। कोई नहीं जानता कि वास्तव में क्या चल रहा है। मैं हम सभी से इसका सम्मान करने के लिए कह रहा हूं। मेरे पिछले शो में एक गलती हुई थी और मैं इसके लिए कोहली परिवार से माफी मांगता हूं। यह अच्छा नहीं है।उन्होंने आगे कहा, मैंने वह जानकारी साझा की जिसकी बिल्कुल भी पुष्टि नहीं की गई थी। मैं वहां मौजूद सभी लोगों से उनका और उनके परिवार और उनके निजी समय का सम्मान करने की विनती कर रहा हूं। उम्मीद है, हम विराट को वापस खुश और रन बनाते हुए देखेंगे। जैसा कि वह हमेशा करते हैं।विराट कोहली का चयन पहले सीरीज के दो मुकाबलों के लिए हुआ था। पहला मैच हैदराबाद में खेला जाना था और विराट प्रैक्टिस के लिए हैदराबाद भी पहुंचे थे, मगर सीरीज से दो दिन पहले उन्होंने निजी कारणों के चलते अपना नाम वापस लिया। शनिवार 10 फरवरी को बीसीसीआई ने सीरीज के बचे तीन मुकाबलों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान किया, इस दौरान उन्होंने बताया कि निजी कारणों के चलते विराट सीरीज के बीचे तीन मैच के लिए भी उपलब्ध नहीं है और बोर्ड उनके इस फैसले का सम्मान करता है।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 12 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

फास्ट न्यूज

लॉरेंस, रोहित व विक्रम गुर्जर गैंग के दो सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार

जयपुर: एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर की हत्या की फिराक में आए लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरडा गैंग के दो सक्रिय गुर्गों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को जानकारी मिली कि सीकर जिले में गैंगवार होने की आशंका है। लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरडा गैंग के कुछ बदमाश श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर ओमप्रकाश सामोता उर्फ ओपी (27) निवासी सामोता की ढाणी तन शिवपुरा थाना श्रीमाधोपुर जिला नीमकाथाना की हत्या के इरादे से अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं।

एडीजी एमएन ने बताया कि इस पर सूचना को डवलप करने के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया। बदमाशों के खंडेला थाना क्षेत्र में होने की पुख्ता जानकारी के बाद थाना पुलिस के सहयोग से एक बोलेरो में आ रहे बदमाशों को घेर कर बदमाश बोदूराम गुर्जर (26) निवासी पनिहार वास थाना खंडेला एवं बंटी गुर्जर (23) निवासी सेवली खंडेला को दबोच लिया। बदमाश सरदार गुर्जर (23) निवासी फतेहपुर भोमियान तथा राजकुमार गुर्जर (22) निवासी सेवली थाना खंडेला रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। पकड़े गए बदमाशों के पास से टीम ने दो अवैध पिस्टल, तीन मैगजीन, दो कारतूस 7.65 एमएम, 12 बोर के पांच कारतूस बरामद कर थाना खंडेला में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। फरार आरोपितों पकड़ने एक टीम गठित कर तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश का कुशल नेतृत्व एवं एएसआई बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल सोहन सिंह, पर्वत सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह व सोहन देव की विशेष भूमिका रही तथा हेड कांस्टेबल करणी सिंह, कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह व मुकेश कुमार का तकनीकी सहयोग रहा। बदमाशों की गिरफ्तारी में खंडेला थाना पुलिस का सहयोग रहा।

सीआईडी की सूचना पर पकड़ा 26 किलो डोडा व 580 ग्राम अफीम

जयपुर: पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी क्राइम ब्रांच) टीम की सूचना पर जोधपुर पश्चिम जिले की शास्त्री नगर थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के मिल्क मैन कॉलोनी निवासी मादक पदार्थ तस्कर सोनाराम विश्नोई (49) को गिरफ्तार कर उसके घर से 26 किलो डोडा और 580 ग्राम अफीम बरामद की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी टीम को सूचना मिली कि जोधपुर कमिश्नरेट के थाना शास्त्री नगर निवासी सोनाराम अवैध मादक पदार्थ का काम करता है, जिसके घर पर दबिश दी जाए तो भारी मात्रा में मादक पदार्थ मिल सकते हैं। इस सूचना को टीम द्वारा डवलप कर पुष्टि की गई। सूचना पुख्ता होने के बाद शास्त्री नगर थाना पुलिस को जानकारी देकर तुरंत दबिश देने को कहा गया। इस पर थाना पुलिस टीम ने रविवार को आरोपी सोनाराम के मिल्कमैन कॉलोनी स्थित घर पर दबिश दी।

रामलला का दर्शन कर भावुक हुए विधायक

लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए सीएम योगी का जताया आभार

राम धुन

सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोडकर सभी दलों के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्री प्रभु श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। इस अवसर पर परिवहन निगम की लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए सीएम योगी का आभार जताया। सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि अयोध्या

दर्शन करने पहुंचे विधायकों में बीजेपी के सहयोगी दलों के साथ साथ आरएलडी, बसपा और कांग्रेस के भी विधायक शामिल हुए। जिन बसों से विधायकों को अयोध्या ले जाया गया, उन बसों के अंदर रामधुन भी बजाई गई। तमाम तरह के फूल लगाए गए हैं। खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा मंत्रियों और विधायकों को मेमोरी के लिए एक बैग दिया जा रहा है, जिसमें एक डायरी, एक कैलेंडर और पेन इत्यादि रखा हुआ है।

ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण: इस अवसर पर बीजेपी और घटक दलों के विधायकों ने कहा कि यह 500 वर्षों बाद बड़ा पुनीत कार्य हुआ है।

हम सबने सपना देखा था की एक दिन प्रभु श्रीराम का मंदिर बनेगा और आज न सिर्फ मंदिर बन गया है, बल्कि दर्शन का अवसर भी मिल रहा है।

'पीएम मोदी और सीएम योगी को इतिहास हमेशा याद रखेगा'

विधायक ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी को इतिहास हमेशा याद रखेगा। एक विधायक ने बताया कि दर्शनों का इतना उत्साह था कि रात भर नींद भी नहीं आई। इस दौरान ज्यादातर विधायकों ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके विधायकों के प्रभु राम के दर्शनों के लिए नहीं आने पर आलोचना भी की।

व्यवस्था से गदगद हुए विधायक: इस मौके पर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अवध से हमारा पुराना रिश्ता है। बचपन से यहां आती रही हूं। आज दर्शन का बहुत ही पुण्य अवसर है। वहीं बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताते हैं कि उन्होंने यह अवसर उपलब्ध कराया है। जो व्यवस्था की गई है वो अद्भुत है। उन्होंने कहा कि सपा के लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। हमारी पार्टी सेक्युलर है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। वहीं निषाद पार्टी के अध्यक्ष और सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है। जैसे विधानसभा में सभी दल एक साथ बैठते हैं उसी तरह आज पूरी विधानसभा प्रभु राम के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि प्रभु राम के साथ निषादराज का बहुत भावुक संबंध था और ये मेरा सौभाग्य है की इतने वर्षों बाद प्रभु के दर्शन करने का अवसर मिल रहा

विधानसभा अध्यक्ष बोले- मैं भावुक हूं... प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं: दर्शन करने के बाद इस मौके पर यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भावुक हो गए।

टेरर फंडिंग: एनआई का कई जिलों में छापा

2 गिरफ्तार

8 लोगों के 15 ठिकानों के अलावा एजेंसी ने जम्मू में इस्लामिक मॉडल स्कूल को भी निशाने पर लिया

टीम एक्शन इंडिया/जम्मू

आतंकी फंडिंग के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू कश्मीर के कई जिलों में छापा मारा। जमात ए इस्लामी से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों के अलावा एजेंसी ने जम्मू में इस्लामिक मॉडल स्कूल को भी निशाने पर लिया। जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित संगठन जमात ए इस्लामी (जेईआई) से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों पर शनिवार को एनआईए ने एक साथ जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में छापे मारे। इस दौरान जमात तथा उसकी ट्रस्ट की गतिविधियों से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। साथ ही इस दौरान 20 लाख रुपये से अधिक की नकदी भी मिली। जम्मू से एक निजी स्कूल के चेयरमैन समेत दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। केंद्र ने फरवरी 2019 में जमात पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। एनआईए की टीमों ने श्रीनगर में पांच, बडगाम में तीन, कुलगाम में दो, अनंतनाग में एक और जम्मू में चार स्थानों पर विभिन्न संदिग्धों के परिसरों पर कार्रवाई कर पूछताछ की। एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में जमात के पूर्व अध्यक्ष शेख गुलाम हसन तथा सयार अहमद रेशी के आवास पर भी छापे मारे गए। प्रवक्ता के अनुसार 5 फरवरी 2021 को दर्ज मामले में अब तक की जांच से पता चला है कि जेईआई और उसके सदस्यों ने फरवरी 2019 में यूएपीए के तहत संगठन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देना जारी रखा। प्रतिबंधित संगठन देश के साथ ही विदेश से दान के माध्यम से धन एकत्र कर रहा था।

बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू

टीम एक्शन इंडिया/जोशीमठ

प्रक्रिया

8 गाडूघड़ा नृसिंह मंदिर जोशीमठ से पूजा अर्चना के बाद योग बदरी पांडुकेश्वर के लिए रवाना हो गया

चारधाम यात्रा 2024 के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रविवार को गाडूघड़ा (तेल-कलश) नृसिंह मंदिर जोशीमठ से पूजा अर्चना के बाद योग बदरी पांडुकेश्वर के लिए रवाना हो गया है। पांडुकेश्वर में कुबेर महायज्ञ और श्रीमदभागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने तेल कलश का स्वागत किया। बता दें कि बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि नरेंद्र नगर स्थित राजदरबार में बसंत पंचमी(14 फरवरी) को तय होनी है। बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 14 फरवरी को सुबह दस बजे से धार्मिक समारोह शुरू हो जाएगा। इसी दिन तेल कलश यात्रा की भी तिथि तय की जाएगी। सबसे पहले डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत द्वारा गाडू घड़ा राजमहल को सौंपा जाएगा। इसके बाद राजमहल से तेल कलश में तिलों का तेल पिरोकर कपाट खुलने से पूर्व बदरीनाथ धाम रवाना होगा। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि शुक्रवार आठ मार्च शिवरात्रि के अवसर पर पंच केदार गद्दस्थल ओकारेश्वर मंदिर उखीमठ(रूद्रप्रयाग) में विधि-विधान पंचांग गणना पश्चात तय होगी। इसी दिन केदारनाथ भगवान के पंचमुखी भोगमूर्ति के केदारनाथ धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हो जाएगा। इस वर्ष अक्षय तृतीया शुक्रवार 10 मई को है। परंपरागत रूप से गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया को खुलते हैं। अप्रैल माह में गंगोत्री मंदिर समिति एवं श्री यमुनोत्री मंदिर समिति गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के विधिवत कपाट खुलने की तिथि एवं समय का ऐलान करेंगे।

फ्लोर टेस्ट पास करेगी एनडीए: सम्राट चौधरी

टीम एक्शन इंडिया/गया

बोधगया के पांच सितारा होटल महाबोधि होटल एंड रिसोर्ट में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद शामिल हुए। कार्यक्रम से पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि पूर्व से बिहार भाजपा का प्रशिक्षण शिविर 5 फरवरी को आयोजित थी। लेकिन किसी कारण यह कार्यक्रम 10 और 11 को निर्धारित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी विधायकों और विधान पार्षदों को लोकसभा की तैयारी कैसे करनी है, उसकी जानकारी दी जाएगी। वहीं कार्यक्रम में भाजपा के पांच विधायकों के नहीं आने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा के सभी विधायक प्रशिक्षण

हर तरफ धामी...धामी की गूंज, उमड़ा जनसैलाब

स्वागत

8 साथ ही धामी-धामी के नारे भी लगाए। लोहाघाट पहुंचे मुख्यमंत्री को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे

टीम एक्शन इंडिया/चंपावत

संग्ज्यू-2024 कार्यक्रम में शामिल होने चंपावत पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लोहाघाट में रोड शो किया। सीएम के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोगों ने जमकर फूल बरसाए। साथ ही धामी-धामी के नारे भी लगाए। पहली बार लोहाघाट पहुंचे मुख्यमंत्री को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे' करीब एक किलोमीटर के रोड शो के दौरान छत से लेकर सड़कों के दोनों ओर लोगों की भीड़ रही। शहर के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ सीएम का स्वागत किया। सीएम ने रोड शो में शामिल सभी लोगों का आभार जताया। वहीं, जनसभा को भी संबोधित किया। कहा कि हमारी मातृशक्ति हमारी ताकत है। हमारी

सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिना राम मंदिर बनना मुश्किल था। आज पीएम मोदी के कारण अयोध्या में मंदिर बना। कश्मीर में 370 समाप्त हुआ। पीएम ने देश में महिलाओं के लिए सबसे अधिक काम किए। उनसे सवाल करना चाहिए जिन्होंने 60 साल में महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किए। सीएम धामी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई लगातार जारी है।

'पीएम मोदी से मिलना पार्टी विरोध तो स्वीकार्य'

विरोध

8 वह पार्टी नेतृत्व का कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी करने पर आभार जताते हैं: आचार्य प्रमोद कृष्णम

टीम एक्शन इंडिया/संभल

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पार्टी से निष्कासित होने के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों पर बड़ा हमला बोला। कहा कि वह पार्टी नेतृत्व का कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी करने पर आभार जताते हैं। केसी वेणुगोपाल और मल्लिकार्जुन खरगे यह बताएं कि ऐसी कौन सी गतिविधियां हैं जो पार्टी के विरोध में थीं। क्या राम का नाम लेना,राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण स्वीकारना या श्री कल्कि धाम का शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र

मोदी और सीएम योगी को बुलाना पार्टी विरोध है। आचार्य ने रविवार को संभल के कल्कि धाम में प्रेस वार्ता में कांग्रेस पदाधिकारियों पर हमला बोला। कहा की शनिवार देर रात पत्रकारों और मीडिया से कांग्रेस पार्टी से चिट्ठी जारी होने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी के साथ और भी बड़े नेताओं का अपमान हुआ है। कांग्रेस पार्टी की बबार्दी राममंदिर या कल्कि धाम से नहीं हुई है। बड़े नेताओं के गलत फैसले इसका कारण हैं। जब पार्टी ने हिंदू धर्म का विरोध किया और उसे मैंने गलत बताया तो पार्टी ने अपना चेहरा दिखा दिया। कहा कि राम और धर्म से बड़ा कोई नहीं है। अब जो होगा वह इतिहास में लिखा जाएगा। इसके अलावा सचिन पायलट के सवाल पर कहा कि उनके साथ लगातार गलत हुआ। वह जहर का घूंट पीकर भी अपमान सहन करते रहे।

करौली में लौह अयस्क के बड़े डिपॉजिट मिले

जयपुर: राजस्थान के करौली में आयरन ओर (लौह अयस्क) के बड़े डिपॉजिट मिलें हैं। खान विभाग ने राजस्थान के करौली में हिण्डोन के पास करीब 1888 हेक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। खान सचिव आनन्दी ने रविवार को बताया कि करौली के हिण्डोन के पास खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आरंभिक संकेतों के अनुसार आयरन ओर के 840 टन से अधिक डिपॉजिट हैं।

राजनीति से प्रेरित न होकर व्यक्ति के व्यक्तित्व का सम्मान करती है भाजपा : शेखावत

जोधपुर: केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा राजनीति से प्रेरित न होकर व्यक्ति के व्यक्तित्व और गुणवत्ता का सम्मान करने वाली पार्टी है। रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे शेखावत ने भारत रत्न से जुड़े पत्रकारों के सवालों पर कहा कि भारत को कृषि की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने, देश की नई कृषि नीति के निमार्ता और रचयिता डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न पुरस्कार देकर प्रधानमंत्री ने भाजपा का अन्नदाता के प्रति जो स्नेह और सम्मान है।

'अंतरिक्ष से लेकर एआई तक बाधाओं को तोड़ रही नारी शक्ति'

टीम एक्शन इंडिया/जम्मू

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और गणित (एसटीईएम) में महिलाओं के नेतृत्व प्रक्षेप पथ को बदलने के लिए जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा 'जम्मू-कश्मीर महिला विज्ञान कांग्रेस 2024' का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नेतृत्व करने वाली महिलाओं पर गर्व है। अंतरिक्ष से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, उद्यमिता से स्वास्थ्य सेवा तक, शिक्षा से नवाचार तक, कृषि से अनुसंधान तक, नारी शक्ति बाधाओं को तोड़ रही है और नई पीढ़ी को

प्रेरित कर रही है। उपराज्यपाल ने कहा, 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भारत को एक वैश्विक नवाचार महाशक्ति के रूप में बना सकती है। जम्मू-कश्मीर में महिलाओं के नेतृत्व में विकास हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस लक्ष्य को हासिल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।' तीन दिनी जेएंडके महिला विज्ञान कांग्रेस 2024 के आयोजन में विभिन्न संस्थानों से करीब 200 प्रतिभागी शिरकत कर रहे हैं। इसमें 13 सत्र होंगे, जिसमें 15 पूर्ण वार्ता, 21 मौखिक वार्ता, 10 फ्लैश वार्ता, 124 पोस्टर प्रस्तुतियां और लैंगिक असमानता पर पैनल चर्चा होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सुबह 11 बजे ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह सभागार में कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे। कुलपति प्रोफेसर उमेश राय ने बताया कि महिला विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाना और प्रदर्शित करना है।

देश विरोधी गतिविधियों में शामिल 154 कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता

टीम एक्शन इंडिया/जम्मू

देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने के बाद 154 सरकारी कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के खिलाफ साजिश रचने वालों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेंगी। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद के लिए अनुच्छेद 370 को जिम्मेदार ठहराते हुए एलजी ने पिछली सरकारों पर कटाक्ष किया। उपराज्यपाल ने पिछली प्रदेश की सरकारों पर पर जम्मू-कश्मीर को अशांति की ओर धकेलने का आरोप लगाया।

ईरानी सेब ने गिराए हिमाचली सेब के दाम

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

नुकसान

8 1500 रुपये पेटी बिक रहा है। दाम गिरने से बागवानों को प्रति पेटी करीब 800 रुपये का नुकसान हो रहा है

अवैध रूप से भारत पहुंच रहे ईरान के सेब ने हिमाचली सेब के दाम गिरा दिए हैं। विदेशी सेब सस्ता होने के कारण हिमाचल को अच्छे दाम नहीं मिल पा रहे हैं। हालात यह है कि जुलाई-अगस्त में सीजन के दौरान जो सेब 2000 रुपये बॉक्स बिका था, वह सेब कोल्ड स्टोर से निकालने के बाद अब 1500 रुपये पेटी बिक रहा है। दाम गिरने से बागवानों को प्रति पेटी करीब 800 रुपये का नुकसान हो रहा है। बता दें कि सेब को स्टोर रखने का करीब 300 रुपये प्रति बॉक्स खर्च देना पड़ता है। हर साल हिमाचल का करीब एक करोड़ पेटी सेब स्टोर होता है। ईरानी सेब अफगानिस्तान के रास्ते अवैध रूप से भारत पहुंच रहा है। साफ्ता (साउथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया) के चलते बिना शुल्क चुकाए ईरानी सेब भारत पहुंच रहा है। खर्चा कम होने के कारण यह सस्ता है। जानकारी के मुताबिक ईरानी सेब का एक बॉक्स 1,000 से 1,200 रुपये में बिक रहा है। सस्ता होने के कारण हिमाचली सेब को उचित दाम नहीं मिल रहे। दिल्ली की आजादपुर मंडी में रोज ईरानी सेब के 15 से 20 एसी कंटेनर पहुंच रहे हैं। दक्षिण भारत की मंडियों में भी ईरानी सेब की आमद बहुत अधिक है। खरीदारों को ईरानी सेब सस्ता मिल रहा है। हालांकि, मंडियों में निजी कंपनियों के प्रीमियम सेब को अच्छे दाम मिल रहे हैं। अदाणी, बीजा, देवभूमि सहित अन्य कंपनियों ने सीजन में बागवानों से प्रीमियम सेब की किलो के हिसाब से खरीद की थी। अब सेब के अच्छे दाम मिल रहे हैं। आजादपुर फल मंडी दिल्ली की शिवभोला एंड कंपनी के एमडी प्रशांत बतरा ने बताया कि दिल्ली के अलावा देश की अन्य सभी मंडियों में बड़ी मात्रा में ईरानी सेब पहुंच रहा है।

झटका विधायक तेजस्वी के आवास पर मुख्यमंत्री के बहुमत परीक्षण को असफल करने की योजना पर बातचीत के लिए ठहरे

तेजस्वी यादव के घर राजद के 76 विधायक ही नजरबंद

टीम एक्शन इंडिया/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के विधायकों को अपने संपर्क में होने का दावा करने वाली लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को जोर का झटका लगा है। सजा पाकर आजाद हुए बाहुबली आनंद मोहन के बेटे और सजायाफ्ता बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी समेत एक दर्जन विधायकों के रडार से बाहर जाने की खबर से बेचैन राजद ने तेजस्वी यादव के आवास में अपने सारे विधायकों को बुलाया और जब 'सारे' आ गए तो बताया गया कि अब सीधे बहुमत परीक्षण के दिन ही निकलना है यहां से। यहां

सारे का मतलब 79 होना चाहिए, लेकिन अंतिम तौर पर गिनती 76 पर अटक गई है। सूत्रों के अनुसार, तीन विधायक नहीं आए। उनमें तो एक पिछली सरकार में मंत्री भी थे।

चेतन आनंद तो पहुंच गए, मगर सोचा नहीं था: राजद नेताओं का दावा है कि उसके सभी विधायक पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बहुमत परीक्षण को असफल करने की योजना पर बातचीत के लिए ठहरे हैं। राजद का जोर है कि सभी विधायक यहां हैं। 'अमर

बेचैनी बढ़ी

8 जब 'सारे' आ गए तो बताया गया कि अब सीधे बहुमत परीक्षण के दिन ही निकलना है यहां से

उजाला' ने इससे पहले की अपनी खबर में उनकी बताई जानकारी भी दी है।

विधायकों को नजरबंद किए जाने की खबर से पहले 'अमर उजाला' ने सुबह सबसे पहले बता दिया था कि अब खरीद-फरोख्त की भी बात चल रही है। मतलब, हॉर्स ट्रेडिंग की खबर है। इसके बाद यह भी खबर सामने लायी गई कि अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी और आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद किन वजहों से राजद से दूर हो रहे हैं। ऐसी खबरों से घबराए राजद ने अचानक तीन बजे अपने सभी विधायकों को तेजस्वी यादव के आवास पर बुला लिया। यह बुलाहट एक व्हिप की तरह थी, जिसके कारण चेतन आनंद पहुंच गए।

चेतन आनंद ने अपने राजद छोड़ने की बातों को अफवाह करार दिया। वैसे, शायद ही उन्हें भी बाकी की तरह अंदाजा नहीं होगा कि वह नजरबंद कर लिए जाएंगे।